हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 05.01.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 161 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी यूएई और श्रीलंका के दौरे पर रवाना

**नयी दिल्ली :** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका के दौरे पर गए हैं। उनका यह दौरा भारत के मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग और सेना के बीच संबंधों को मजबूत करने के लगातार प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरे का मकसद दोनों देशों की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, व्यावसायिक सैन्य आदान-प्रदान और रणनीतिक समझ को और बढ़ाना है। सेना प्रमुख का यह दौरा हिंद महासागर क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करने, आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के भारत के वादे को फिर से साबित करता है। सेनाध्यक्ष का यह दौरा रविवार से 06 जनवरी तक यूनाइटेड अरब अमीरात में होगा। वहां पहुंचने पर जनरल द्विवेदी को यूएई लैंड फोर्सेज की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। वह यूएई आर्म्ड फोर्सेज के वरिष्ठ नेतृत्व से मिलेंगे, जिसमें यूएई लैंड फोर्सेज के कमांडर भी शामिल हैं। इस दौरान वह यूएई सेना के संगठन, भूमिका और क्षमताओं के बारे में जानकारी लेंगे। वह खास सैन्य संस्थानों का भी दौरा करेंगे और अधिकारियों, सैनिकों से बातचीत करेंगे, जिसमें भारत और यूएई के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी पर जोर दिया जाएगा।

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को मिली 40 दिन की पैरोल

**रोहतक :** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर से 40 दिन की पैरोल मिली है। राम रहीम जेल से 15 वीं बार बाहर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि चालीस दिन दौरान राम रहीम सिरसा स्थित डेरे में रहेंगे। रविवार को डेरा प्रमुख राम रहीम को प्रशासन की तरफ से 40 दिन की पैरोल दी गई है। सुरक्षा को देखते हुए जेल परिसर में अतिरिक्त प्रबंध किये गए है। पिछले दिनों राम रहीम की पैरोल को लेकर पत्रकार रामचन्द्र छत्रपति के बेटे अंशुल ने भी सवाल उठाए थे कि राम रहीम कोई सामान्य कैदी नहीं है, वह एक हार्डकोर क्रिमिनल कैदी है। सरकार ने उच्च न्यायालय ोक बताया था कि राम रहीम को जेल नियमानुसार पैरोल दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री से झारखंड की प्रतिभावान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अनुष्का ने की शिष्टाचार भेंट

# खिलाड़ियों की प्रतिभा निखार उन्हें आगे ले जाने के लिए उठा रहे हैं ठोस कदम : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



- खेलों में आप आगे बढ़ें, सरकार करेगी पूरा सहयोग।
- अनुष्का के गांव रुक्का, ओरमांझी में बनेगा खेल मैदान, परिजनों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगा।
- अनुष्का ने कम उम्र में ही हासिल कर ली है कई उपलब्धियां।

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को झारखंड की उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित अनुष्का कुमारी ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने अनुष्का को नव वर्ष और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाऐं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया साल आपके लिए एक बेहतरीन वर्ष साबित हो। आप अपने खेल से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में एक नया मुकाम हासिल करें। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए ढेरों आशीर्वाद। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फुटबॉलर अनुष्का को सम्मानित करने के साथ स्पोर्ट्स किट प्रदान किया। अनुष्का ने भी अपने अब तक के खेल अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने अनुष्का से कहा कि आप बेफिक्र होकर अपने खेल पर ध्यान दें। आपसे इस राज्य को काफी उम्मीदें हैं। आपकी हर जरूरत तथा सहयोग के लिए सरकार खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार इन खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ वैसा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है, जहां से वे खेलों की दुनिया में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें। हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। राज्य में खेल का बेहतर वातावरण तैयार करने तथा खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिए जो भी जरूरतें होगी, उसे उपलब्ध कराएंगे।

मुख्यमंत्री ने अनुष्का कुमारी के रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड स्थित रुक्का गांव में एक खेल मैदान विकसित करने का निर्देश रांची जिला प्रशासन को दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित रांची के उप विकास आयुक्त से कहा कि सुश्री अनुष्का के परिजनों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए समुचित कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आर्थिक संकट की वजह से किसी खिलाड़ी की प्रतिभा दबनी नहीं चाहिए। खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को हर हाल में सामने लाना है ताकि उन्हें उनकी मंजिल मिले और खेलों की दुनिया में झारखंड की एक अलग पहचान बने। अनुष्का आज अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा के लिए "द गोल मशीन" के रूप में जानी जाती है। लेकिन, उसके यहां तक पहुंचने की दास्तान आसान नहीं रही। घर की आर्थिक हालात और संघर्ष के बीच फुटबॉल के प्रति जुनून से ही उसने यहां तक का रास्ता सफर किया। आज अनुष्का की अलग पहचान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में बन चुकी है। विदित हो कि उसके पिता दिलेश मुंडा दिव्यांग हैं और माता दिहाड़ी मजदूरी कर घर- परिवार चलाती हैं। अनुष्का के दो भाई हैं। बड़ा भाई एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है जबकि छोटा भाई पढ़ाई कर रहा है।

राष्ट्रपति ने 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में अनुष्का कुमारी को फुटबॉल में उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया था। अनुष्का कुमारी कम उम्र में ही फुटबॉल के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल कर चुकी है। वह इस वर्ष मार्च में चीन में आयोजित होने वाले एशियाई अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता में एक बार फिर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## शीतलहरी को लेकर आज और कल बंद रहेंगे रांची जिला के सभी स्कूल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहरी को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत रांची जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी और निजी विद्यालयों में केजी से 12वीं तक की कक्षाओं में पठन-पाठन का कार्य 5 जनवरी 2026 से 6 जनवरी 2026 तक स्थगित कर दिया गया है।

यह निर्णय भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र झारखंड (रांची) द्वारा जारी विशेष बुलेटिन के बाद लिया गया है। बुलेटिन में रांची जिले को येलो जोन की श्रेणी में रखते हुए भारी ठंड और शीतलहरी की संभावना जताई गई है। इसी चेतावनी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन यह आदेश जारी किया है। जारी आदेश में सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें। हालांकि, यदि इस अवधि में किसी विद्यालय में पूर्व निर्धारित परीक्षाएं आयोजित होनी हैं, तो विद्यालय प्रबंधन अपने विवेकानुसार परीक्षा का संचालन कर सकते हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 10वीं और 12वीं कक्षाओं का संचालन विद्यालय अपने स्तर पर परिस्थितियों को देखते हुए कर सकते हैं। यानी इन कक्षाओं को लेकर विद्यालयों को छूट दी गई है कि वे हालात के अनुसार निर्णय लें।

गौरतलब है कि सरकारी विद्यालय पहले से ही शीतकालीन छुट्टियों के कारण 5 जनवरी तक बंद हैं। 6 जनवरी को सरकारी विद्यालय शिक्षकों के लिए खुले रहेंगे। इस दिन शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति eVV पोर्टल पर दर्ज करेंगे और विद्यालय से जुड़े गैर-शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करेंगे। प्रशासन ने अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि बच्चों की सेहत को प्राथमिकता दें और ठंड के इस दौर में जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# 2026 टी-20 विश्व कप खेलने भारत नहीं आएगा बांग्लादेश, आईसीसी को लिखा पत्र




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बांग्लादेश के एक समाचार वेबसाइट के अनुसार, बीसीबी ने टी20 विश्व कप के लिए भारत की यात्रा करने से इनकार कर दिया है। इससे पहले, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री ने बीसीबी को निर्देश दिया था कि वह आईसीसी से बांग्लादेश के मुकाबले श्रीलंका में आयोजित करने की मांग उठाने कहा था। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बीसीबी के अध्यक्ष और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने के बाद बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई थी। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है। दरअसल, पूरे विवाद की शुरूआत मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने से शुरू हुई। केकेआर ने पिछले महीने मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने इस बांग्लादेशी गेंदबाज को टीम से बाहर कर दिया। मुस्तफिजुर को लेने पर भारत में विरोध हो रहा था और कई राजनेताओं तथा कथावाचक ने इसे लेकर केकेआर के मालिका शाहरुख खान को घेरा था।

## वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर बोला भारत

# 'हालात चिंताजनक, बातचीत से हो समाधान'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वेनेजुएला में हालिया राजनीतिक और सुरक्षा घटनाक्रम को लेकर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा व भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से अपील करता है कि वे मौजूदा मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के माध्यम से करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव से हालात और बिगड़ सकते हैं।

### वेनेजुएला की स्थिति पर भारत की चिंता, शांति और संवाद की अपील

वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का विषय है।




वेनेजुएला पर आज होगी यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक

भारत सरकार वहां की बदलती स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया है और सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के जरिए करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

### वेनेजुएला को लेकर भारत की ट्रैवल एडवाइजरी

गौरतलब है कि भारत ने शनिवार रात अपने नागरिकों को वेनेजुएला की स्थिति को देखते हुए वहां गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी थी। मंत्रालय ने यह परामर्श वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका द्वारा पकड़े जाने से जुड़े घटनाक्रम के मद्देनजर जारी किया था। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से भी अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को वहां सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सख्ती से सलाह दी जाती है। बयान में कहा गया, जो भारतीय किसी भी कारण से वेनेजुएला में हैं, उन्हें अत्यधिक सतर्क रहने, अपनी गतिविधियां सीमित रखने और काराकास स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

### चीन ने भी जताई आपत्तिः मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल रिहाई की मांग

चीन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने को लेकर अमेरिका पर गंभीर चिंता जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने कहा कि 3 जनवरी को अमेरिकी बलों द्वारा मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर देश से बाहर ले जाने की खबरों पर कई देशों ने आपत्ति जताई है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया वर्चुअली उद्घाटन

# टीम के समन्वय से मिलती है जीत : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वॉलीबॉल का खेल संतुलन, संयोग और संकल्पशक्ति की परीक्षा है। खिलाड़ियों का मूलमंत्र टीम फर्स्ट होता है, जहां अलग-अलग कौशल के बावजूद हर खिलाड़ी टीम की जीत के लिए खेलता है। उन्होंने वॉलीबॉल और देश की उन्नति में समानताएं बताते हुए कहा कि कोई भी जीत अकेले नहीं होती, यह समन्वय, विश्वास, समर्पण और टीम की तत्परता पर निर्भर करती है। देश भी इसी टीम भावना और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने यह बातें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन के दौरान कहीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में 28 राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीमों के 1,000 से अधिक खिलाड़ी, कुल 1,000+ राष्ट्रीयस्तर के प्रतिभागी, हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन 4 से 11 जनवरी 2026 तक वाराणसी स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न होगा, जिसका निर्माण हाल ही में पूरा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी में वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का शुभारंभ एक भारत श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने बनारसी शैली में कहा कि अगर बनारस को जानना है तो बनारस आना पड़ेगा। वाराणसी खेलप्रेमियों का नगर है, जहां कुश्ती, मुक्केबाजी, नौकायन, कबड्डी जैसे खेल लोकप्रिय हैं और बनारस ने कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसे संस्थानों की खेल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि काशी हजारों वर्षों से विज्ञान और कला की साधना का सत्कार करती आई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के दौरान वाराणसी का उत्साह चरम पर रहेगा और खिलाड़ियों को काशी की आतिथ्य परंपरा अनुभव करने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2014 के बाद से खेलों के प्रति सरकार और समाज का दृष्टिकोण बदला है। पहले खेलों को लेकर उदासीनता के कारण खिलाड़ियों का भविष्य अनिश्चित रहता था, लेकिन पिछले दशक में खेल क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने खेल बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की है और आज भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रित बन चुका है, जिसमें प्रतिभा की पहचान, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, पोषण और पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सर्वोच्च महत्व दिया जा रहा है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और अन्य योजनाएं खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले दशक में 20 से अधिक बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं, जिनमें फीफा अंडर-17 विश्व कप, हॉकी विश्व कप और प्रमुख शतरंज प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने घोषणा की कि साल 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत में होगा और देश साल 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी मजबूत प्रयास कर रहा है, जिससे युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलेंगे और खेल पारिस्थितिकी तंत्र को नई मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस सिगरा स्टेडियम में यह प्रतियोगिता हो रही है, वह अब आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित हो चुका है। वाराणसी में नए खेल परिसरों और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विस्तार हो रहा है, जिससे आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल रहा है। इस तरह के बड़े खेल आयोजन न केवल खिलाड़ियों को मंच देते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करते हैं और शहर की राष्ट्रीय प्रोफाइल को और मजबूत बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वाराणसी की मिट्टी से निकलने वाला हर स्पाइक, हर ब्लॉक और हर अंक भारत के खेल सपनों को नई ऊँचाई देगा।

# ओडिशा की अवैध पत्थर खदान में हुए विस्फोट में दो की मौत, शव बरामद

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के ढेंकानाल जिले के मोटंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर इलाके में स्थित एक अवैध पत्थर खदान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद रविवार को तलाशी के दौरान मिट्टी के ढेर से दो शव बरामद किए गए। यह जानकारी आज अधिकारियों ने दी। दमकल विभाग के कर्मियों ने जारी खोज एवं बचाव अभियान के दौरान मिट्टी के ढेर के नीचे से दोनों शव निकाले। उत्तर मध्य रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्यब्रत भोई ने मौतों की पुष्टि की। बचाव कार्य में ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की एक टीम और अग्निशमन विभाग की दो टीमें तैनात की गईं। मिट्टी और मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीनों का उपयोग किया गया, जबकि खोज अभियान में सहायता के लिए श्वान दस्ते को भी लगाया गया।



घटना की जानकारी शनिवार देर रात मिलने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित किया। ओडापाड़ा तहसीलदार एवं मोटंगा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच शुरू की। एहतियातन पूरे खदान क्षेत्र को सील कर दिया गया और आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

स्थिति की निगरानी और संभावित जोखिमों का आकलन करने के लिए तहसीलदार, मोटंगा थाना प्रभारीसहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पूरी रात मौके पर मौजूद रहे। प्रारंभिक तौर पर यह भी जांच की गई कि विस्फोट के बाद कहीं अन्य श्रमिक फंसे या घायल तो नहीं हुए हैं।

### धर्मेंद्र प्रधान ने जताया शोक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के ढेंकानाल जिले के मोटंगा क्षेत्र में एक पत्थर खदान में हुए विस्फोट में श्रमिकों की मृत्यु पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर रविवार को लिखे अपने शोक संदेश में प्रधान ने कहा कि इस दुखद घटना की सूचना से वे अत्यंत मर्माहत हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।

## एक नजर

### बुढ़वा महादेव के समीप मिटका तालाब से शव बरामद, सनसनी

**हजारीबाग :** हजारीबाग के प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर के पास स्थित मिटका तालाब से जुड़ी एक बेहद गंभीर और रहस्यमयी घटना सामने आई है। तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

मौके के पास स्थित प्रधान कैफेटेरिया के सीसीटीवी फुटेज को जब खंगाला गया, तो उसमें यह साफ दिखाई दिया कि संबंधित व्यक्ति नशे की हालत में पूरी तरह धुत था। फुटेज में वह व्यक्ति खुद तालाब के किनारे जाता हुआ नजर आता है, जहां यह आशंका जताई जा रही है कि पैर फिसलने के कारण वह सीधे पानी में गिर गया। सीसीटीवी फुटेज के बाद वह व्यक्ति दोबारा कहीं दिखाई नहीं देता, जिससे मामला और भी गंभीर हो जाता है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी स्वयं अपने पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और तालाब में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन अंधेरे और पानी की गहराई के कारण कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डूबे हुए व्यक्ति का नाम जगदीश यादव बताया जा रहा है, जो चतरा जिले का निवासी था और बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में साफ-सफाई और देखरेख का कार्य करता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई तलाशी के बाद तय की जाएगी।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान किया जागरूक



**बरही :** बरही थाना पुलिस ने रविवार शाम को एसआई हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों की डिक्की की तलाशी ली गई। वाहनों के कागजात, चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की गई। दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल लोड व बिना हेल्मेट के चालकों से फाइन काटा गया। इधर वाहन चेकिंग अभियान की भनक लगते ही बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक चालक अन्यत्र मार्गों से होकर भागते नजर आए। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि यह अभियान प्रति दिन चल रहा और चलते रहेगा। वाहन चेकिंग अभियान में कई जवान शामिल थे।

### एक डांट, कई आंसू 10वीं के छात्र की असमय मौत से पूरे गांव में शोक

**चौपारण :** प्रखंड के सोनपुरा गांव से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां मां की हल्की डांट से आहत होकर 10वीं कक्षा के छात्र ने ऐसा कदम उठा लिया, जिससे पूरा गांव शोक में डूब गया है। सोनपुरा गांव निवासी शुभम यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, किसी घरेलू काम को लेकर मां की डांट से शुभम मानसिक रूप से काफी आहत हो गया था। इसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। घबराए परिजन आनन-फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश हजारीबाग ले जाने के क्रम में ही शुभम की मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। मां की हालत बदहवास बनी हुई है, वह बार-बार बेसुध हो जा रही है, वहीं पिता समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शुभम कक्षा 10वीं का छात्र था और अपने भविष्य को लेकर सपने देख रहा था। उसकी असमय मौत से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरा गांव गहरे सदमे में है। हर आंख नम है और हर दिल इस मासूम उम्र में हुई इस दु:खद घटना पर स्तब्ध है।

# चार माह के बच्चे की मौत, परिजनों ने सहिया व एएनएम पर लगाया लापरवाही से टीकाकरण करने का आरोप

- एएनएम ने आरोप का किया खंडन, कहा टीकाकरण से नहीं हुई है मौत
- जांच कमेटी गठन, जांचोपरांत की जाएगी विधि सम्मत कार्रवाई : डॉ प्रकाश ज्ञानी



प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के बरसोत गांव निवासी मुकेश रविदास के चार माह के बच्चे को हजारीबाग ले जाने के क्रम में रविवार रात्रि मौत हो गई। बच्चे की मौत होने के बाद मृतक के पिता समेत काफी संख्या में लोग बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और सहिया व एएनएम पर लापरवाही से टीकाकरण देने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाने लगे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी भी मौजूद रहे। मृतक बालक के पिता ने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक के नाम आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया है कि उनका बच्चा जन्म से ही अत्यंत कमजोर था, उसका स्वास्थ्य लगातार खराब रहता था। इसी के कारण टीका लगवाने में विलंब हो रहा था। मैंने पूर्व में ही संबंधित एएनएम एवं सहिया को स्पष्ट जानकारी दी थी कि उनका बच्चा बीमार है, इसलिए वर्तमान में टीकाकरण नहीं कराया जाएगा। इसके बावजूद 3 जनवरी को लगभग 11 बजे दिन में सहिया बीना देवी एवं एएनएम विभा कुमारी द्वारा उनकी पत्नी को यह कहकर भयभीत किया गया कि अगर टीका नहीं लगवाया तो आगे गंभीर समस्या हो सकती है, इसके बाद उनकी पत्नी को बच्चा सहित आंगनबाड़ी केंद्र बरसोत बुलाया गया, जहां उनके बीमार बच्चे को उसकी स्वास्थ्य स्थिति की अनदेखी करते हुए जबरन पोलियो का चार बूंद और टीका लगाया गया। बीमार बच्चे को टीका लगाने के बाद तबीयत अधिक बिगड़ गई और रात्रि में करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि बच्चे की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को नजर अंदाज करते हुए लापरवाही पूर्वक एवं नियमों के विरुद्ध टीकाकरण किया गया। जिसके कारण उनके पुत्र की असमय मृत्यु हो गई। वहीं उन्होंने उपाधीक्षक से घटना की निष्पक्ष जांच कर व दोषी सहीया एवं एएनएम के विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई करने की मांग किया।

पीड़ित परिवार को न्याय एवं उचित मुआवजा प्रदान करने की भी मांग किया। हालांकि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप को खंडन करते हुए एएनएम विभा कुमारी ने बताया कि बच्चा को खुद उसकी मां लेकर आई थी और बोली कि उनका बच्चा स्वस्थ है इसलिए टीका लगा दीजिए। मैने वहीं वैक्सीन अन्य बच्चों को भी दिया। दो बच्चे जिन्हें बुखार था, उसे मैने लौटा दिया। टीकाकरण से नहीं बल्कि अन्य कारण बच्चे की मौत हुई है। यह मात्र संयोग है। बच्चा का टीकारण 11 बजे दिन में हुआ और बच्चे की मौत 11 बजे रात को हुई है। इस बीच उनके द्वारा न तो उन्हें खबर दी गई और न ही अस्पताल लाया गया।

## मुखिया संघ अध्यक्ष ने पेसा नियमावली संशोधन की सराहना की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक ने पेसा नियमावली में किए गए संशोधन और नया नोटिफिकेशन जारी होने पर झारखंड सरकार की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे पंचायतों को अधिक अधिकार मिलेंगे और गांवों के विकास को नई दिशा मिलेगी। नया नोटिफिकेशन पेसा नियमावली 2001 में संशोधन से जुड़ा है, जो 2 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। इसके तहत ग्राम सभा की बैठकों, कार्यवृत्त और निर्णयों के लिए निर्धारित प्रपत्र अनिवार्य किए गए हैं। जमीन हस्तांतरण, प्राकृतिक संसाधन, खनन, शराब दुकान एवं विकास योजनाओं पर ग्राम सभा की सहमति जरूरी होगी। नियमों के उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि सभी ग्राम सभाओं में नए नियमों का पालन और ग्रामीणों को जागरूक करना सुनिश्चित करें।

## गरीब बच्चों के लिए ऊनी टोपी और टॉफी का वितरण

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**चौपारण :** कड़ाके की ठंड में भी प्रखंड के कई परिवार ऐसे हैं, जो गरीबी के कारण अपने बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। खासकर गरीब, आदिवासी और हरिजन बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिए यह ठंड किसी चुनौती से कम नहीं होती। ऐसे में समाज के जिम्मेदार लोगों द्वारा की गई छोटी-छोटी पहल जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बन रही है। इसी क्रम में प्रखंड के सिंहपुर निवासी स्व. डॉ. ललन बाबू के पुत्र चंदन कुमार द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए सराहनीय कदम उठाया गया। रविवार को दैहर पंचायत के दुरागढ़ा गांव में मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान



आदिवासी एवं हरिजन बस्ती के करीब 150 बच्चों के बीच ऊनी टोपी एवं टॉफी का वितरण किया गया। ऊनी टोपी पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस प्रकार की मानवीय सोच ही समाज में आपसी सहयोग और संवेदना को मजबूत करती है। कार्यक्रम के दौरान सोहरा निवासी कोठारी सिंह, नरेश सिंह तथा दादपुर के राजेश मेहता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पत्रकार चंदन कुमार के इस सामाजिक प्रयास की प्रशंसा करते हुए अन्य लोगों से भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। यह पहल न सिर्फ ठंड से राहत देने का माध्यम बनी, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग का सकारात्मक संदेश भी छोड़ गई।

## हजारीबाग यूथ विंग ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण, अबतक 700 को मिल चुका है कंबल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग समाज के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए लगातार जरूरतमंदों के बीच राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान के तहत कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी माह के पहले रविवार को वार्ड संख्या 27 स्थित खजांची तालाब के समीप जरूरतमंद,असहाय एवं वृद्धजनों के बीच 100 कंबलों का वितरण किया गया कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एवं युवा समाजसेवी लब्बू गुप्ता ने कार्यक्रम प्रभारी के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं वार्ड संख्या 27 की वार्ड पार्षद सोनी क्षेत्री कृष्णा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्ण ने टीम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कंबल वितरण



कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा चलाए जा रहे शीतकालीन राहत अभियान के तहत अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 700 कंबलों का वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा यह सेवा अभियान फरवरी माह तक लगातार जारी रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि ठंड के इस कठिन समय में अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाई जा सके। इस अवसर पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता के मूल्यों के साथ कार्य कर रहा है। समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता ही संस्था की पहचान है और इसी भावना के साथ हर सदस्य निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में जुटा हुआ है। वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि शीतकालीन राहत अभियान समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। संस्था का प्रयास है कि सेवा कार्य केवल औपचारिकता न रहकर जरूरतमंदों के जीवन में वास्तविक राहत बन सके और आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव रितेश खंडेलवाल, राजेंद्र प्रसाद, शंकर चंद्र पाठक, आलोक कुमार, कुणाल कुमार, नीरज मद्धेशिया सहित कई सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## प्रशांत बर्डियार की बड़ी सफलता, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हासिल की कामयाबी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखण्ड के ग्राम दादपुर के प्रशांत बर्डियार ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि मजबूत इरादे, स्पष्ट लक्ष्य और सही रणनीति के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। अपनी सफलता के बारे में बताते हुए प्रशांत बर्डियार ने कहा कि उन्होंने शुरूआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर समय का बेहतर प्रबंधन किया और निरंतर अभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि सही दिशा में किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। आगे की योजनाओं पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य यूपीएससी और जीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्तीर्ण कर सिविल सेवा में योगदान देना है। फिलहाल वे वूमेन चाइल्ड डेवलपमेंट एंड सोशल सिक्योरिटीज डिपार्टमेंट, रांची में जेएसए के पद पर योगदान देंगे। प्रशांत की शैक्षणिक यात्रा भी उतनी ही प्रेरणादायक रही है। उन्होंने मॉडर्न पब्लिक स्कूल, दादपुर से प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात विवेकानंद



विद्यालय, हजारीबाग से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। उच्च शिक्षा के क्रम में उन्होंने संत कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग से गणित विषय में स्नातक की डिग्री हासिल की तथा वर्ष 2023 में चतरा कॉलेज, चतरा से बीएड की पढ़ाई पूर्ण की। प्रशांत की इस सफलता पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के सचिव अरबिंद सिन्हा एवं प्रधानाध्यापक धीरेंद्र सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशांत बचपन से ही अनुशासित, मेहनती और मेधावी छात्र रहे हैं। विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपनी सफलता का श्रेय देते हुए प्रशांत बर्डियार ने अपने बड़े भाई अभिषेक बर्डियार, माता नूतन सिन्हा, पिता अजित सिन्हा, चाचा सुजीत सिन्हा सहित अपने सभी गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा से भाजापा द्वारा महात्मा गांधी का नाम हटाने का सचेत निर्णय वैचारिक है : शहजादा अनवर

प्रत्यूष नवबिहार हजारीबाग

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ में भाजपा द्वारा महत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी से महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेसवार्ता में प्रेस को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने मनरेगा का नाम बदल कर जी राम जी रखे जाने का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि पांच जनवरी को राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान के तहत सम्पूर्ण झारखंड में 11 बजे महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल मोरहाबादी रांची से लोकभवन तक



पदयात्रा की जाएगी। मनरेगा से भाजपा सरकार द्वारा महत्मा गांधी का महात्मा गांधी का नाम हटाने का सचेत निर्णय वैचारिक है। गांधी जी की श्रम की गरिमा, समाजिक न्याय और सबसे गरीबों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी के प्रतीक है। यह नाम परिवर्तन गांधी जी के मुल्यों के प्रति भाजापा-आरएसएस की दीर्घकालिक असहजता और अविश्वास को दशार्ता है तथा एक जन केन्द्रित कल्याणकारी कानून से राष्ट्रपिता के जुड़ाव को मिटाने का प्रयास है । प्रस्तावित नया विधेयक उस कानूनी काम के अधिकार को समाप्त कर देता है जो, मनरेगा ने प्रदान किया था। यह मांग आधारित, वैधानिक अधिकार की जगह एक केन्द्र नियंत्रित योजना लाता है, जिसमे न तो रोजगार की कोई कानून लागू की जा सकने वाली गारंटी है न सार्वभौमिक कबरेज और न ही यह आश्वासन कि आवश्यकता के समय लोंगो को काम मिलेगा। वस्तुतः काम के अधिकार को ही समाप्त किया जा रहा है। मनरेगा के तहत मजदुरी के वित्तपोषण की प्राथमिक जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की थी, जिससे यह एक वास्तविक राष्ट्रीय रोजगार गारंटी बनाती थी । नया विधेयक इस जिम्मेदारी से पिछे हटना चाहती है, बोझ राज्यों पर डालता है, आवंटनों पर सीमा लगता है और मांग आधारित कार्यक्रम की बुनियाद को कमजोर करता है । इससे संघवाद कमजोर होता है और वित्तीय बाधाओं के कारण राज्यों को काम की मांग दबाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गांधी जी की विरासत, श्रामिकों के अधिकार और संघीय जिम्मेदारी पर यह संयुक्त हमला भाजापा-आरएसएस की उस बड़ी साजिश को उजागर करता है, जिसके तहत अधिकार आधारित कल्याण को समाप्त कर केन्द्र नियंत्रित दया-दान की व्यवस्था से बदला जा रहा है ।प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, कांग्रेस के जिला मीडिया अध्यक्ष निसार पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत आदि उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### सीकरी ओपी थाना प्रभारी के द्वारा सयाल गांव के गरीब परिवार को किया कंबल वितरण



**केरेडारी :** प्रखंड हजारीबाग जिला के अंतर्गत ओपी सीकरी थाना प्रभारी राम कुमार राम के द्वारा ग्राम सयाल गांव के गरीब परिवारों के कंबल वितरण किए ग्राम सयाल के गरीब परिवारों को तेज गति शीतलहरी बहने के कारण से कमल वितरण किए और बताएं कि आने वाला दिन में हम हमेशा आप लोग को साथ रहेंगे किसी प्रकार से भी परेशानी होती है तो हमारे सीकरी ओपी में आकर बेहिचक अपना समस्या का विषय रख सकते हैं मैं उसी समय समस्या का समाधान तुरंत करूंगा आप लोग को ठंड से बचने के लिए फिलहाल अभी कमल दे रहा हूं आने वाला दिन में कुछ और दूंगा आप लोग सुरक्षित रहे।

### अनियंत्रित होकर टाटा मैजिक टेंपो पलटी, चालक बाल-बाल बचा



**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव गांव के समीप रविवार सुबह करीब 8 बजे एक टाटा मैजिक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। टेंपो का संख्या जेएच 12 एन 8557 बताया गया है। घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई और चालक पूरी तरह सुरक्षित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपो चालक कोडरमा के डोमचांच से अटका क्षेत्र में यूरिया लेकर जा रहा था। इसी दौरान वाहन में (झोल) आ जाने से संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया।

### 7 जनवरी को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का होगा आयोजन : डॉ प्रकाश ज्ञानी



**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल के आवासीय परिसर में 7 जनवरी को सुबह 9 बजे से 3 बजे तक प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल होंगे। इस बात की जानकारी डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने दी है, जिसको लेकर कल से बृहद पैमाने पर कल से प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इस एकदिवसीय स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करना है। मेले में स्वास्थ्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, आईईसी - परिवार नियोजन, मोतियाबिंद जांच, ईएनटी जांच , दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, आर टी आई/एसआई टी एवं एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया, आंखों की जांच एवं कैंसर नियंत्रण जागरूकता की स्वास्थ्य जांच तथा बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस स्वास्थ्य मेला के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जन - मानस तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

### गरीब व बेसहारा के बीच एसडीओ एवं बीडीओ ने बांटे कंबल



**बरही :** बरही प्रखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान एसडीओ जोहन टुडू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बरही, बरसोत एवं करियातपुर में दर्जनों गरीब जारीतमंदो के बीच दर्जनों गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। साथ ही साथ उन्होंने विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान एसडीओ एवं बीडीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार की मंशा है कि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति परेशान न हो। इसीलिए प्रशासन की और से लगातार प्रयास किया जा रहा है कि सहायता समय पर सही लोगों तक पहुंचे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मौके पर कई अन्य लोग मौजूद थे।

### पत्रकार लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ, उनकी समस्याओं के समाधान को हेमंत सरकार प्रतिबद्ध : संजीव बेदिया



**चौपारण :** प्रेस क्लब हजारीबाग परिसर में झामुमो जिलाध्यक्ष सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव बेदिया का आगमन हुआ, जहां उन्होंने पत्रकारों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की भूमिका लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम है और हेमंत सरकार पत्रकारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। संजीव बेदिया ने आश्वस्त किया कि प्रेस क्लब हजारीबाग की हर समस्या के समाधान में वे सदैव साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष उमेश प्रताप ने संगठन की एकता को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि सभी पत्रकार मिलकर कार्य करेंगे। बैठक में संगठनात्मक मुद्दों व आगामी कार्ययोजना पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में जिलेभर से जुड़े पत्रकार व झामुमो नेता उपस्थित रहे।

# मंत्री, विधायक व अन्य अधिकारियों ने हेमन्त सोरेन से की मुलाकात, नववर्ष की दी शुभकामनाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय, विधायक प्रदीप यादव, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक राम सूर्य मुंडा, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, रांची कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा और रांची की पूर्व महापौर रमा खलखो ने शिष्टाचार भेंट कर नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची में शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, उद्योग निदेशक विशाल सागर, झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, गव्य विकास निदेशालय के निदेशक जीशान कमर, पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त चंदन कुमार, बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा, रांची के उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, रांची के अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने शिष्टाचार भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं, पुलिस पदाधिकारियों में पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, कोल्हान रेंज के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु, बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, जैप-2 की कमांडेंट सरोजनी लकड़ा और जैप- 7 के कमांडेंट अविनाश कुमार ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर नए वर्ष की बधाई दी। इसके साथ रांची रेल मंडल के डीआरएम केएन सिंह, सीनियर डीसीएम सूची सिंह, दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर के एडिटर- इन- चीफ अंकित शुक्ला, जी न्यूज, झारखंड-बिहार के स्थानीय संपादक धीरज ठाकुर और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर एमए हक ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## एक नजर

### जिला परिषद बिनोदिक ने असहायों के बीच बांटा कंबल



**रांची :** मांडर के जिला परिषद बिनोदित तिग्गा ने कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से रविवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत तिगोई अंबा टोली में अपने आवास पर असहाय और जरूरतमंदों लोगों के बीच सैकड़ों कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर बिनोदित तिग्गा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। आगे भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने जिला परिषद सदस्य बिनोदित तिग्गा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस भीषण ठंड में यह सहायता उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना था कि ठंड के मौसम में गरीब तबके के लिए कंबल एक बड़ी जरूरत होती है, जिसे समय पर पूरा कर जिला परिषद ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है। कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी, समाजसेवी शास्त्री उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड के 13 जिलों में छह तक शीतलहर का अलर्ट

**रांची :** झारखंड के 13 जिलों में 6 जनवरी तक सुबह में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य के जिन जिलों में शीतलहर चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है उनमें उत्तर पश्चिम और मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें उत्तर पश्चिम जिले गढ़वा पलामू छात्र लातेहार के अलावा मध्यवर्ती जिले रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, लोहरदगा कोडरमा और धनबाद शामिल है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट होने की जानकारी दी है। इधर, रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में रविवार को सुबह से बादल छाए रहे और घना कुहासा भी रहा।

### पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ आज से

**रांची :** पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ सोमवार दोपहर से होगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी रांची विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है। प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक विश्वविद्यालयों की फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं, जो अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। यह प्रतियोगिता रांची शहर के तीन प्रमुख खेल मैदानों में आयोजित की जाएगी। मैच क्रमशः बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा मदरा मुंडा फुटबॉल मैदान में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता को सफल एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को दोपहर 12:00 बजे झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू करेंगे। उद्घाटन समारोह का आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित किया गया है। डॉ गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगिता न केवल विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि झारखंड में खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा देगी।

# सिटीजन फोरम सभी 53 वार्डों में उतारेगा प्रत्याशी : निराला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची सिटीजन फोरम की बैठक रविवार को वार्ड संख्या 7 अंतर्गत गाड़ीगांव, पाहनटोली और खेलगांव क्षेत्र में फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वार्ड 7 में व्याप्त मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की गई। पानी की किल्लत, जर्जर सड़कें, नालियों का अभाव, नियमित सफाई नहीं होना और कचरे के उठाव में लापरवाही जैसी दर्जनों समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। उनके समाधान को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष दीपेश निराला ने आगामी रांची नगर निगम चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि रांची सिटीजन फोरम शहर के सभी 53 वार्डों में एक-एक प्रत्याशी उतारेगा। उन्होंने कहा कि फोरम का उद्देश्य शहर की जमीनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि तैयार करना है, जो बिना भेदभाव के जनता की आवाज बने। जानकारी के अनुसार वार्ड-7 महिला के लिए आरक्षित है। यहां विभिन्न कॉलोनियों व हाउसिंग सोसाइटी सहित बड़ी आबादी निवास करती है। बैठक में स्थानीय लोगों ने फोरम से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई। बैठक की संयोजकता शिवानी लता ने की।

बैठक में उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी समेत कई पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# राष्ट्रीय उत्सव के रूप में शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** देशव्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत आजादी के नायकों को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रत्येक माह के पहले रविवार को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में आठवां स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव चौक, सेक्टर तीन गोलचक्कर एचईसी धुर्वा में आयोजित किया गया। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2026 का यह पहला स्मृति कार्यक्रम है। कार्यक्रम में अमर शहीद टिकैत उमराव सिंह, अमर शहीद शेख भिखारी, अमर शहीद गया मुंडा और अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, 1857 के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र झारखंड का बुनियाद ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के 350 वर्षों से पारंपरिक रूप से सेवा करते आ रहे खतियानी सेवकों के परिवार के



महिला परिजनों को कंबल का वितरण अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम को सादगीपूर्ण रुप से आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के परिवार के प्रतिनिधि और झारखंड सेनानी कोष गृहमंत्रालय झारखंड के सदस्य ठाकुर प्रवीर नाथ शाह देव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान वार्ड पार्षद सुचिता रानी राय थी।

# यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं आईटीआई बस स्टैंड का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-33 स्थित आईटीआई बस स्टैंड, जो लगभग 4 एकड़ 22 डेसिमल भूमि में विस्तारित है, को एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में राज्य सरकार के सहयोग से जीर्णोद्धार कार्य किया जाना प्रस्तावित है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र के वेंडर्स को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से प्रशासक सुशांत गौरव द्वारा निगम की टीम के साथ आईटीआई बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण की स्थिति, शौचालयों की




साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। मौके पर उपस्थित जुडको के पदाधिकारियों द्वारा बस स्टैंड के प्रस्तावित नए स्वरूप की विस्तृत जानकारी प्रशासक महोदय को दी गई। इस दौरान प्रशासक ने निर्देश दिया कि यात्रियों के सुचारु आवागमन, सुव्यवस्थित प्रतीक्षालय, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं सुलभ व स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बस स्टैंड परिसर के किसी भी हिस्से में अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड के विपरीत स्थित खाली भूमि का निरीक्षण करते हुए प्रशासक द्वारा भूमि की मापी कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया एवं उक्त क्षेत्र के विस्थापित वेंडर्स को व्यवस्थित करने हेतु आधुनिक वेंडिंग जोन/मार्केट विकसित करने का निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण के अवसर पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, अभियंता गण, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# भारत में आर्थिक चुनौतियों का चक्रव्यूह : जेपी पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने भारत के उभरती अर्थव्यवस्था पर चर्चा के दौरान कहा कि जापान को पछाड़ कर दुनिया का चौथा अर्थव्यवस्था बनने के बाद आज भारत 2026 के आर्थिक दलहीज पर खड़ा दिखाई पड़ रहा है, भारत के सामने आर्थिक, भू - राजनैतिक, पर्यावरण, सामाजिक और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े गंभीर प्रश्न भारत के सामने खड़ा दिखाई पड़ रहा है, भारत आज चार नील मुद्रा वाली अर्थव्यवस्था बनने के करीब पहुंच रहा है, तो दूसरी तरफ वैश्विक राजनैतिक और प्रकृति का मिजाज देश के धैर्य की परीक्षा लेने को तैयार है, तथा



दूसरी तरफ बाहरी दुनिया के साथ व्यापारिक रिश्तों में कड़वाहट बढ़ रही है, अमेरिका की रणनीति और टेररिफ शुल्क विवाद और पश्चिमी देशों की संरक्षणवादी नीतियों ने भारतीय निर्यातकों के माथे पर लकीरें खींच रही है, स्थानीय स्तर पर समान बनाने की प्रक्रिया में तेजी आई है, परंतु आज भी भारत को कच्चे माल और पुर्जों किए बाहर के दुनिया पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

# 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला का हुआ समापन

- पुस्तक मेल में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत
- पुस्तक मेले का अगला पड़ाव होगा इन्दौर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नई दिल्ली तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला का विधिवत समापन हो गया। समापन झारखंड सरकार के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के उद्बोधन से हुआ। अपने वक्तव्य में उन्होंने पुस्तकों को पाठकों से जोड़ने की इस रचनात्मक मुहीम की प्रशंसा की और इसे आगे भी जारी रखने पर बल दिया। पुस्तकें व्यक्ति के




व्यक्तित्व निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाती हैं। ऐसे में मोबाइल की आभासीय दुनिया से नई पीढ़ी को बचाने के लिए पुस्तकों को उनके करीब लाना बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि का मेला परिसर में स्वागत समय इंडिया के प्रबन्ध न्यासी चन्द्र भूषण ने 'बुके नहीं बुक' की परम्परानुसार बुक भेंट देकर किया। उन्होंने मुख्य अतिथि राजीव रंजन को मेला परिसर में लगे स्टॉल्स का अवलोकन कराया और आयोजन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर दूरदर्शन के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र नारायण सिंह ने अभिभावकों को वर्ष में बच्चों को कम से कम चार पुस्तकें खरीदकर उनकी रुचि के अनुसार देने का आह्वान किया। मौके पर वासुदेव प्रसाद, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, डॉक्टर ए. के. लाल, डॉक्टर जंग बहादुर पांडेय आदि भी मौजूद थे। मेला आयोजक और समय प्रकाशन समूह के सीईओ चंद्र भूषण ने झारखंड के सभी 24 जिलों में पुस्तक मेला लगाने की घोषणा की और सरकार से सहयोग का भी आह्वान किया। विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत : पुस्तक मेले के दौरान किताबें के बीच बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा के विकास के लिए विविध शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलाया गया। इसी कड़ी में प्रतिदिन बच्चों पर केन्द्रित कार्यक्रम जिनमें लोकगीत, देशभक्ति गीत, गायन, चित्रकला, कविता सुनाओ कहानी लेखन, नृत्य प्रतियोगिता, एकल नाट्य और बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न हुईं। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को केन्द्रीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्के ने अपने हाथों से प्रमाण पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया। पुस्तक मेला कुएं का प्यासे के करीब आनाः राष्ट्रीय पुस्तक मेला के संयोजक एवं समय इंडिया के प्रबंध न्यासी, वरिष्ठ लेखक-पत्रकार चन्द्र भूषण ने पुस्तक मेले की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए बताया कि रांची के इस जिला स्कूल मैदान में प्रतिवर्ष किताबों का मेला लगना इस बात का सबूत है कि पुस्तक प्रेमियों के दिल में किताबों के लिए जगह है। जीवन की आपाधापी में उलझे होने के नाते किताबों तक आने और पढ़ने का वक्त उन्हें नहीं मिल रहा है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि किताबों की पठनीयता खत्म हो गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पहुंचे देवघर



**रांची :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार को झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस दौरान मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, डीआईजी संथाल परगना अंबर लकड़ा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा पुलिस अधीक्षक सौरभ, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार के जरिये पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इसके अलावा एयरपोर्ट के बाहर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के आगमन पर पुलिस जवानों की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त दो दिवसीय प्रवास पर झारखंड के देवघर पहुंचे है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करेंगे और बीएलओ से मिलेंगे।

### पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूल अवकाश बढ़ाने की रखी मांग



**रांची :** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूलों का अवकाश छह जनवरी से आगे तक बढ़ाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को जारी बयान में राज्य सरकार से मांग की है कि केजी से आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में कक्षाएं स्थगित रखते हुए अवकाश को तय छह जनवरी तक के अवकाश को आगे कुछ दिनों के लिए और बढ़ाया जाए। राय ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। लेकिन खराब मौसम के सामान्य होने के बाद ही स्कूलों को नियमित रूप से खोला जाना चाहिए। फिलहाल छुट्टियों को बढ़ाने का निर्देश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा मौसम बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से बेहद चिंताजनक है। राज्य के कई जिलों में तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है, जिससे नजदीक की चीजों को भी देखना मुश्किल हो रहा है। साथ ही ठंड और शीतलहर के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और श्वसन संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसी खराब स्थिति में बच्चों का सुबह स्कूल जाना जोखिम भरा है। इसलिए छुट्टियों को सरकार बढ़ाए।

### भांजे से अवैध संबंध के कारण पति ने पत्नी की कर दी थी हत्या हुई खुलासा

**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसल टॉल प्लाजा के समीप स्थित एक मकान में विगत एक माह पहले ममता देवी की हत्या हुई । आगे बता दे कि हत्या करने के बाद अपना भी गला का चमड़ी काट लिया था जिसके बाद इलाज के लिए रिम्स भेजा गया था ठीक होने के बाद पुलिस के पूछताछ में दिनेश्वर करमाली उर्फ लालू ने बताया कि मुझे शक हो गया था कि मेरा बीबी ममता देवी की मेरे ही भांजा के साथ अवैध संबंध है इस बात की जानकारी मिलने के बाद हमने कई बार समझाने की कोशिश किया पर नहीं मानी और हमने घटना को अंजाम देने का प्लान बनाया और हमने ममता देवी का घर में तेज धार हथियार से गला काट दिया और अपना भी गला काटने का प्रयास किया ताकि हत्या का का इल्जाम भांजे पर लगे। यह सब षड्यंत्र हमने ही रचा था अनगडा पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया जांच में ग्रामीण एस पी प्रवीण पुष्कर सिल्ली डी एस पी अनिल उरांव थाना प्रभारी गौतम रजवार का अहम योगदान रहा।

### राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में लोटा सिल्ली के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**सिल्ली :** सिल्ली को हरि सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विधालय लोटा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने 3 और 4 जनवरी 2026 को राजकीय मध्य विधालय कांटाटोली रांची में आयोजित थर्ड झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजू रियु कराटे चेम्पियनशीप में प्रथम स्थान प्राप्त कर खुशबु कुमारी, मीरा कुमारी, कुमारी बसुन्धरा ने गोल्ड मेडल एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर मोहित गोस्वामी ने सिल्वर मेडल, और तृतीय स्थान प्राप्त कर रेशमी कुमारी, रुमा कुमारी, राजकुमार महतो, नितीश कुमार महतो, हर्षित बेदिया ने ब्रोंच मेडल जीत कर लोटा सिल्ली का नाम रोशन किया है। थर्ड झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजू रियु कराटे चेम्पियनशीप में विजय प्राप्त छात्र-छात्राओं को कराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो व विधालय संचालक नरसिंह प्रजापति ने राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर सभी छात्र-छात्राओं शुभकामनाएं दी है, एवं उन सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में 246 वें भंडारा महाप्रसाद का हुआ वितरण, 4 हजार भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 246 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा सामाजिक संस्था जे.सी.आई. रांची उड़ान के अध्यक्ष प्रिया लाखोटिया एवं सचिव पूजा बुधिया एवं सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पुड़ी, आलु चना सब्जी, केसर युक्त खीर, एवं आलू चिप्स का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा श्री राधा कृष्ण, श्री श्याम प्रभु पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया।

**एक नजर**

## रक्तदान संस्था ने जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण

**बोकारो** : शीतलहरी और कड़ाके की ठंड को देखते हुए रक्तदान संस्था ब्लड शेयर एन यू ने डाबरबहाल, चन्दनकयारी में जरूरतमन्दों वृद्धों के बीच कम्बल वितरण किया। संस्थापक अनुपम कुमार सौरव ने बताया कि इसी गांव के एक व्यक्ति मिथिलेश ने उनसे संपर्क किया था और 70 जरूरतमन्दों की लिस्ट उन्हें दी थी जिसमें सभी व्यक्ति 60 वर्ष से 90 वर्ष के थे। उनकी संस्था ने इस पर तुरंत निर्णय लिया और आज वहाँ कम्बल वितरण किया गया। विदित हो कि ब्लड शेयर एन यू पिछले आठ साल से रक्तदान के साथ साथ कम्बल वितरण करती है और जरूरतमन्दों के बीच कम्बल बांटती है। अगर बोकारो में किसी को कोई ठंड से सिकुड़ता दिखे तो वो संस्था से संपर्क कर उनसे कम्बल ले सकते हैं। कार्यक्रम में अनुपम कुमार सौरव, ऋषिकेश कुमार, पारस दोषी, प्रवीण कुमार सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

## अवैध बालु लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत निमाडीह स्थित केशो नदी से दो ट्रैक्टर मे अवैध बालु लोड परिवहन कर ला रहे ट्रैक्टर को रविवार गस्ती के दौरान नवलशाही थाना प्रभारी सुमन कुमार व एएसआई शांति भूषण सिंह ने निमाडीह रोड ग्राम बच्छेडीह मे अवैध बालु लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया है। इस सबंध में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया की सुबह गस्ती पर निकले थे इस दौरान उक्त दो अवैध बालु लदे ट्रैक्टर चालक पुलिस को देख गाड़ी को बिच सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ट्रैक्टर को जप्त कर थाना भवन मे अग्रसर कार्यवाई हेतु सुरक्षित रखा गया है। वही इसकी सूचना खनन विभाग को दें दी गई है। वही थाना प्रभारी ने बताया की अवैध बालु के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

## झुमरी तिलैया नगर कांग्रेस कमेटी ने जारी की नई सूची

**झुमरी तिलैया** : नगर कांग्रेस कमेटी में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति कि सूची में हुई गलतियों को सुधारते हुए नई सूची जारी किया गया है, नगर अध्यक्ष संजय सेठ की अनुशंसा पर जारी की गई सूची में कांग्रेस के सम्मानित नेता नवनीत ओझा का नाम भी वार्ड अध्यक्ष के रूप में शामिल था। हालांकि अब उनके स्थान पर शशि यादव वार्ड नंबर 1कार्यकर्ता को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया जा रहा है। वही नवनीत ओझा को संगठन में उनके सक्रिय योगदान और अनुभव को देखते हुए जिला कमेटी में पदाधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही इसे संगठनात्मक पुनर्गठन का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं प्रिंस राणा की भी अनुशंसा कर वार्ड में नियुक्ति हुई थी जो मानवीय गलती को सुधार करते हुए उस पर भी बदलाव करते हुए अनिल शर्मा वार्ड नंबर 3 की नियुक्ति की गई है, क्योंकि प्रिंस राणा वर्तमान में किसी अन्य संगठन से जुड़े हुए हैं। ऐसे में संबंधित वार्ड में नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस मामले पर जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि कांग्रेस एक अनुशासित और मजबूत संगठन है। नियुक्तियाँ योग्यता, सक्रियता और संगठन के हित को ध्यान में रखकर की जाती हैं। जिन कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वे पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। सभी निर्णय सर्वसम्मति और संगठनात्मक मर्यादा के अनुरूप लिए जा रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस पुनर्गठन से बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कई विकास योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत ग्राम डोंगोडीह शाहु धर्मशाला में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने प्रखंड में प्रस्तावित एवं पूर्ण हुई कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन की। प्रखंड के बिभिन पंचायतों के गांवों में 1करोड़ 2लाख की लागत से 32 योजनाओं का शिलान्यास व उद्धघाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है, और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कई पीसीसी सड़क, फेबर ब्लॉग, सहित अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार संसाधन उपलब्ध करा रही है। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने जनता से अपील कर बोली की विकास कार्यों में सहयोग करें और योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष सुनील यादव ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव जिला महामंत्री विजय यादव पूर्व प्रमुख सावित्री देवी मुखिया संघ के अध्यक्ष बेदु साव, रंजीत कुमार सिंह, बसंत साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, मंडल अध्यक्ष शंभू शरण सिंह, सुनील यादव, नवलशाही मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष किशोर यादव, सकलदेव सिंह, रविंद्र पांडे, रामलाल यादव, महाराज सिंह, विकास यादव, श्रीकांत यादव, रामकृष्ण कुमार, मुखलाल प्रसाद वर्मा सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेक्टर 2 गुरुद्वारा में मना गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : रविवार को जिले सेक्टर 2 गुरुद्वारा में सिखों के दसवें गुरू गुरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर 2 जनवरी से चल रहे अखंड पाठ का समापन सुबह करीब 10 बजे हुआ। जिसके बाद 11 बजे तक दीवान साहेब की सजावट की गई। गुरुद्वारा में संगतो ने पहुंचकर शबद कीर्तन में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश के लखनउ से पहुंचे भाई सुखप्रीत सिंह व पवनदीप सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाले। सचिव गुरमेल सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है। वे एक महान योद्धा व कवि थे। जिनके त्याग व वीरता एक मिसाल है। करीब 2 बजे के बाद लंगर की शुरूआत हुई, जो शाम तक जरी रहा। मौके पर सचिव गुरमेल सिंह, प्रधान सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह, संयुक्त सचिव इकबाल सिंह, लंगर इंचार्ज राम सिंह, तरसेम सिंह, एसपी सिंह, हरदीप सिंह, शैलेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, लखविंदर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

## कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई महासभा की हुई बैठक, संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : स्थानीय रेनू फंक्शन हॉल में आज कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पूर्व उपाध्यक्ष संतोष लाल की अध्यक्षता में हुई इस सभा में संगठन की मजबूती, आगामी त्योहारों और सामाजिक राजनीतिक भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज की एकजुटता को बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से भव्य 'होली मिलन समारोह' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर समाज की सक्रिय भागीदारी और चुनाव को सफल बनाने की रणनीति पर गहराई से विचार-विमर्श किया गया।संगठन के विस्तार और समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाने के संकल्प को दोहराया गया। बैठक की शुरूआत में समाज के दिवंगत गणमान्य व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस बैठक में समाज के कई प्रबुद्ध नागरिक और युवा शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से:संजीव साहा, नीरज साहा, कन्हैया गुप्ता, अमर गुप्ता, कुणाल गुप्ता, चंदन गुप्ता, बिपिन गुप्ता, प्रभु गुप्ता, छेदी गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रंजन कुमार, वीर गुप्ता, राजा गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, राहुल साहा, मनीष गुप्ता, शशी गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अभ्यास गुप्ता,आशीष गुप्ता, नरेश गुप्ता, राहुल गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा को मिला लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह भव्य सम्मान समारोह नई दिल्ली में केआईईटी यूनिवर्सिटी एवं पाई टीवी के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसी कारणवश जी. सी. वर्मा स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, उनके स्थान पर राकेश ने उनकी ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में देशभर से शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त होने पर प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा की पूरी समर्पित टीम को देते हुए कहा कि यह पुरस्कार विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने टीम के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा ने हर्ष व्यक्त एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राचार्य जी. सी. वर्मा को मिला लुमिनरी लीडरशिप अवार्ड मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने वर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। निदेशक ने पूरी विद्यालय टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वर्मा को मिले इस सम्मान से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है तथा यह उपलब्धि कोडरमा जिले के लिए भी गर्व की बात मानी जा रही है।

## जगन्नाथ जैन महाविद्यालय परिवार ने पेट्रो जलप्रपात का किया अवलोकन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सतगावां** : प्रखण्ड स्थित पेट्रो जलप्रपात में रविवार को जगन्नाथ जैन महाविद्यालय परिवार ने पेट्रो जलप्रपात पहुंच कर प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन किया और जलप्रपात का लुप्त उठाये साथी साथ लोगों ने पेट्रो जलप्रपात के अलौकिक सुंदरता के बारे में व्याख्या किया। उन्होंने कहा कि सुंदर वातावरण प्राकृतिक के गोद में बसा जहां पेट्रो जलप्रपात के प्राकृतिक खुद सिंगार किया है। जो अद्भुत,अकल्पनीय एवं दर्शनीय है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पेट्रो जलप्रपात विकास का राह देख रहा है। जिस पर विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव ने कहा कि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव को अवगत कराया गया है। किसी न किसी मामले को लेकर कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रही है, जो कि अभिलंब सौंदर्यकारण करने का भरोसा दिलाया है। मौके पर उपस्थित रितेश माधव, राजेंद्र राम, संजय चौधरी, आर.एन सिंह, राजेश कुमार, संजय यादव, अमरेश कुमार, अतुल कुमार, शुभम कुमार, रंजीत कुमार, कैलाश राणा, शारदा सिंह विमलेश कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर निकाय चुनाव में जीत का आधार बनेगी महिला शक्ति : मथुरा प्रसाद महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चास झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर महिला मोर्चा के तत्वाधान में आज तेलगाड़िया मोड़ स्थित आर.के. फार्म में' एक कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। बोकारो महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष फिरदौस नूरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में चास नगर निगम क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आगामी चुनावों के लिए हुंकार भरी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चास नगर निगम के सभी 35 वार्डों और मेयर पद पर जीत हासिल करने की जिम्मेदारी खासकर महिला मोर्चा की होगी। उन्होंने सभी महिला नेत्रियों से अपील की कि वे प्रत्येक वार्ड में जाकर महिलाओं को सक्रिय करें और बूथ स्तर पर तैयारी शुरू करें।

**सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर**


बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने 'मैया सम्मान योजना' और '200 यूनिट मुफ्त बिजली' जैसी योजनाओं से गरीबों के जीवन में बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, ₹हमें नगर निगम चुनाव में जनता को यह बताना है कि हेमंत सरकार हर समय उनके साथ खड़ी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जेएमएम का झंडा बुलंद करने के लिए महिलाओं को सशक्त भूमिका निभानी होगी।

**महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता : फिरदौस नूरी**

महिला मोर्चा की अध्यक्ष फिरदौस नूरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को असली ताकत दी है। उन्होंने संकल्प लिया कि आने वाले चुनाव में महिला कार्यकर्ता एक-एक बूथ तक जाकर पार्टी को मजबूत करेंगी और वार्ड पार्षद से लेकर मेयर पद तक जेएमएम समर्थित उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएंगी। इस अवसर पर चास और बोकारो महानगर क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। रेखा देवी, एकता देवी, सावित्री बाउरी, कुसुम भारती, शांति किस्कू, संजय केजरीवाल, मदन कुमार महतो, राकेश सिन्हा, प्रमोद तापड़िया, बम पांडे, सदानंद गोप, सुमन वर्मा, सोमनाथ सरकार, सुनील सिंह, मागाराम दे, अभिषेक पांडे, रवि सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, फूल कुमारी, जयमाला देवी, रीता देवी, प्रमिला देवी, संगीता देवी, बबली देवी, अमरेंद्र झा, पिंटू पासवान, मोहम्मद मोईन, बैद्यनाथ पाल, दुर्गा दत्ता,अरुण बाउरी, गोहिराम गोप, प्रेम कुमार, सुलेखा देवी, अनीता देवी इत्यादि।

**संक्षिप्त खबरें**

## मिट्टी से मां सरस्वती की सजीव प्रतिमा गढ़ रहा है चंदनकियारी का होनहार युवा



**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखंड के आसनमनी गांव का युवा राकेश कुंभकार इन दिनों बोकारो शहर में अपनी कला से लोगों का ध्यान खींच रहा है। पढ़ाई के साथ-साथ वह सरस्वती मां की आकर्षक मूर्तियां गढ़कर न केवल अपनी पहचान बना रहा है, बल्कि गांव की पारंपरिक कला को भी नया आयाम दे रहा है। स्वामी सहजानंद कॉलेज में सेमेस्टर-3 का छात्र राकेश बचपन से ही मिट्टी से जुड़ा रहा है। उसके पिता गांव में मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य करते हैं। राकेश बताता है कि गांव में मेहनत और कला की सही कीमत नहीं मिल पाती, इसी कारण वह शहर का रुख कर मूर्ति निर्माण कर रहा है। राकेश द्वारा तैयार की गई सरस्वती मां की मूर्तियां 2500 से लेकर 12000 तक में उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि मूर्ति निर्माण में वह मां गंगा, दामोदर नदी के साथ-साथ स्थानीय मिट्टी का उपयोग करता है, जिससे मूर्तियों में प्राकृतिक सौंदर्य और मजबूती झलकती है। युवा कलाकार का कहना है कि उसने कभी भी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया। यही वजह है कि उसकी मूर्तियां महंगी होने के बावजूद जल्दी बिक जाती हैं। बीते चार-पांच वर्षों से वह लगातार मूर्ति निर्माण कर रहा है। मूर्ति बनाने के साथ-साथ राकेश प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करता है। इसके अलावा उसे पेंटिंग और स्केचिंग का भी शौक है।

## छुटू राम की पुण्य तिथि पर जिप सदस्य ने किया कंबल वितरण



**बोकारो** : जरीडीह प्रखंड तांतरी उत्तरी पंचायत के तोताडीह गांव में शिक्षक व समाज सेवी रहे स्व छुटू राम मांझी की पांच वीं पुण्य तिथि पर उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। बाद जिप सदस्य सुनीता टुडू व भाजपा नेता ज्योति सोरेन ने निहायत ही गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। जिप सदस्य ने कहा कि छुटू राम ने अपने जीतेजी गांव को शिक्षा देने का काम किया। सामाजिक जीवन अपनाया। वे सदैव अपने स्तर से गरीबों का सहयोग करते थे। उनके साथ रहने वाले लोग भी उन्हें याद करते हैं। गांव के लोग सहयोग करें तो नहर चौक पर उनकी स्टेचू बनाया जा सकता है। मौके पर सुनील टुडू , सुम्मी देवी व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डोमचांच की शानः मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ



**डोमचांच** : डोमचांच क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा की पहचान मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच में नए शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए नर्सरी से कक्षा IX और XI (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय) में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की स्थापना प्रोफेसर डॉ. के.पी. शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी मंजुला शर्मा की स्मृति को साकार श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से की है। विद्यालय की नींव एक महान दृष्टिकोण पर आधारित है— डोमचांच के हर विद्यार्थी तक जड़ों से जुड़ी शिक्षा और सशक्त अंग्रेजी संवाद कौशल पहुँचाना, ताकि क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना सके। ढाब रोड, डोमचांच, कोडरमा स्थित यह विद्यालय सीबीएसई, नई दिल्ली से संबद्ध है और डोमचांच क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है, जो बच्चों के संपूर्ण एवं सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर शिक्षण कार्य करता है। विद्यालय का शैक्षणिक ढांचा NEP Driven Academic Structure पर आधारित है, जिसमें संस्कार, अनुशासन, भाषा दक्षता, आधुनिक तकनीक और नैतिक मूल्य एक साथ विकसित किए जाते हैं। विद्यालय पिछले कई वर्षों से 100 प्रतिशत सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम देकर क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक बना हुआ है। यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर चुके अनेक पूर्व विद्यार्थी चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट सेक्टर समेत विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

## पूर्व प्रत्याशी रजवार ने किया जेएसएससी टॉपर शिवम को सम्मानित



**बोकारो** : जेएसएससी/सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले भोजूडीह के छाताटांड़ निवासी शिवम कुमार माहथा को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन रजवार ने उनके घर जाकर सम्मानित किया। जेएलकेएम के केंद्रीय महासचिव रजवार ने शिवम को गुलदस्ता भेंट कर शाल ओढ़ाकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रजवार ने कहा, इस तरह के होनहार छात्र-नौजवान अगर कड़ी मेहनत करें और सफलता प्राप्त करें तो झारखंड में निश्चित रूप से बदलाव होगा। अपने परिवार का नाम रोशन होगा और युवा पीढ़ी को इससे प्रेरणा मिलेगी। शिवम के पिता स्व. नंदगोपाल माहथा और चाचा त्रिलोचन माहथा के पुत्र शिवम की यह उपलब्धि स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। समारोह में बैजनाथ माहथा, लक्ष्मण माहथा, विकास कुमार माहथा, दीजेंद्र माहथा, दिलीप ठाकुर, कैलाश माहथा, प्रताप माहथा (एससी रेलवे भोजूडीह ब्रांच सहायक सचिव, एसईआरएमयू), सूर्यकांत रजवार, गौरीनाथ धामी, पिंटु गोप, जय रजवार व राजकिशोर महतो आदि शामिल हुए।

## तैयारी समिति की बैठक, संचालन कमेटी का हुआ गठन

**बोकारो** : धनबाद बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज की आहुत समाज का 33 वां स्थापना व बार्षिक सम्मेलन को लेकर कर तैयारी समिति की बैठक चास के गंधाजोड़ आश्रम में जोनल अध्यक्ष अतुल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया। बैठक में सम्मेलन को सफलता के लिए संचालन समिति का गठन किया गया। संचालन समिति के अध्यक्ष अतुल प्रसाद, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल सिंह सचिव गोपाल सिंह, सह सचिव महावीर सिंह लक्ष्मण सिंह संगठन सचिव जगन्नाथ सिंह, सहसंगठन सचिव राधेश्याम सिंह अंकेक्षक विकास कुमार राय, बबन सिंह सलाहकार सदस्य बबन सिंह लालजी राय विश्वनाथ सिंह सुरेंद्रनाथ सिंह को बनाया गया।

# डिमना की वादियों में भाजपा कार्यकर्ताओं का नववर्ष मिलन समारोह, संगठन मजबूती का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं का नववर्ष पर वार्षिक मिलन-समारोह सह वनभोज रविवार को डिमना की खूबसूरत वादियों के बीच सम्पन्न हुआ। वनभोज में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक पूर्णिमा साहू समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। वनभोज में व्यवस्था नियंत्रण हेतु पार्टी की ओर से पास की पूर्व व्यवस्था की गई थी। सभी मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए मंडलवार अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें सातों मंडल के भवन प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्यों ने प्रमुखता से भाग लिया।। वनभोज में करीब पाँच



हजार कार्यकताओं ने शुद्ध शाकाहारी व स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं विधायक पूर्णिमा साहू सक्रिय दिखे। उन्होंने वनभोज के दौरान सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना और व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी। वनभोज में कार्यकताओं के बीच खासा उत्साह दिखा। डिमना लेक की तटों पर कई कार्यकर्ताओं ने इस यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। समारोह समारोह स्थल पर गीत-संगीत, मनोरंजन व कई खेल-कूद के भी इंतेजाम भी किए गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कार्यकताओं के साथ क्रिकेट, बैडमिंटन एवं लट्टू खेलकर आनंद लिया। गीतों की मनमोहक प्रस्तुति एवं संगीत पर विधायक पूर्णिमा साहू एवं कार्यकर्ता थिरकते दिखे। इस दौरान महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन भी किया गया जहाँ विजेताओं को आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किया गया। वनभोज के सफल समापन और व्यवस्थित आयोजन हेतु पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल, सुशांत पांडा एवं टुनटुन सिंह को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल नहीं, यह एक परिवार है। जहां प्रत्येक कार्यकर्ता परिवार के सदस्य की भांति एक-दूसरे से आत्मीय रूप से जुड़े हुए हैं। वनभोज जैसे आयोजनों से संगठनात्मक ऊर्जा मिलती है और कार्यकताओं से सीधे संवाद का अवसर मिलता है। यह अनुभव सुकून देता है। उन्होंने नववर्ष पर शहरवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की शुभकामनाएं व्यक्त की। वहीं, विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि कार्यकर्ता हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनका उत्साह, अनुशासन और समर्पण ही भाजपा को मजबूती देता है। इस तरह के आयोजन संगठन को सशक्त बनाते हैं एवं हमें जनता की सेवा के संकल्प के साथ मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नववर्ष में हम सभी मिलकर संगठन और क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक मजबूती से कार्य करेंगे।

# गुरु गोबिंद सिंह जी की सेवाएं भारतीय इतिहास का गर्व और प्रेरणा देने वाला अध्याय है : सांसद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** गुरु गोबिंद सिंह जी की सेवाएं भारतीय इतिहास में एक गर्व और प्रेरणा देने वाला अध्याय हैं। उनके विचार और आदर्श हमें बिना स्वार्थ के सेवा, भाईचारे और आपसी मेलजोल के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उक्त बातें चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को हंटरगंज ब्लॉक के केदली चिट्टी में गुरुद्वारा सभा द्वारा आयोजित प्रकाश पर्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा। सांसद सिंह ने मौजूद लोगों से गुरु साहिब के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के पवित्र पाठ में शामिल हुए। इस मौके पर गुरुद्वारा पहुंचे और श्रद्धा के साथ माथा टेका, इलाके के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिनके साथ सांसद ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं को याद किया। सांसद कालीचरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का जीवन त्याग, बहादुरी और धर्म की रक्षा का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने अन्याय और जुल्म के खिलाफ लड़कर समाज को सच्चाई, हिम्मत और बराबरी का रास्ता दिखाया। उनका पूरा जीवन इंसानियत की सेवा, धर्म की रक्षा और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित था, जो आज भी उतना ही जरूरी है। सांसद ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी की सेवाएं भारतीय इतिहास में एक गर्व और प्रेरणा देने वाला अध्याय हैं। उनके विचार और आदर्श हमें निःस्वार्थ सेवा, भाईचारे और आपसी मेलजोल के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से गुरु साहिब के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की। आखिर में, सांसद सिंह ने गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों और ऑर्गनाइजर को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने समाज में भाईचारे, शांति और सेवा की भावना को और मजबूत करने का संदेश भी दिया।

# ब्लैक टाइगर ने जीता मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मारंग गोमके जयपाल सिंह स्पोर्ट्स अकादमी, टकरा (खूंटी) के तत्वावधान में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेमोरियल पुरुष हॉकी टूर्नामेंट-2026 का समापन रविवार को हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में ब्लैक टाइगर की टीम ने सिमडेगा-11 को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 3-3 गोल की बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया। शूटआउट में ब्लैक टाइगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत सुनिश्चित की। विजेता ब्लैक टाइगर की टीम को 51 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता सिमडेगा-11 को 31 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल करने वाली तोरपा तूफान टीम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जोसेफ एक्का को और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अक्षय कुमार को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा और विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 123वीं जयंती के अवसर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र जयंत जयपाल सिंह मुंडा, ओलंपियन मनोहर टोपनो, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अनियंत्रित टर्वो वैन महादेव मंदिर के अंदर घुसा, तीन घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के डुमटांड़ ईचागढ़ केनाल सड़क पर लेपाटांड़ स्थित बांका महादेव मंदिर में एक अनियंत्रित टर्वो वैन घुस गया और मंदिर के अंदर दीवार में टकराने से चालक सहित तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ में ले जाकर भर्ती कराया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी बजरंग महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और एक घायलों का जायजा लिया। घायलों में चौंका थाना क्षेत्र के कुरली निवासी राम विलास महतो, दिनेश महतो एवं सुजीत महतो शामिल हैं। बताया जा रहा है कि वाहन चौका थाना क्षेत्र का कुरली गांव का है,जो मिलन चौक से कुरली जा रहा था। मानवता का परिचय देते हुए रूपेश वर्मा, दिनेश उरांव, मदन राज्यवार, अनुज मंडल, पशुपति बागची ने घायलों को तत्काल बाइक पर लोड कर अस्पताल पहुंचाया। वैन मंदिर के अंदर घुसने से मंदिर काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। वैन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी हुई है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह स्वर्णरेखा तट पर संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस द्वारा नववर्ष के अवसर पर स्वर्णरेखा नदी के तट पर पिकनिक सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं रेलवे कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के महामंत्री एन. एल. कुमार रहे। अपने संबोधन में महामंत्री एन. एल. कुमार ने संगठन की मजबूती, एकता और भाईचारे पर विशेष जोर देते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस हमेशा सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए इसी बंधुत्व और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल



भविष्य की कामना की।इस अवसर पर हटिया शाखा के सचिव मनोज कुमार राय, मंडल समन्वयक पी. डी. तिवारी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन मुरी शाखा सचिव नीतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुरी शाखा के सभी सदस्यों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। समारोह के दौरान आपसी संवाद, सांस्कृतिक वातावरण और सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला, जिससे संगठन की एकजुटता और मजबूत हुई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ किया गया कि आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूती से कर्मचारियों की आवाज बनकर कार्य करेगा। इस समारोह में संजीत मिस्त्री, चिंटू गुप्ता, मिलन विश्वास, राज कुमार चौबे, कल्याण मिश्रा, दिनेश कुमार अशोक कुमार,जितेंद्र कुमार, अभिषेक आनंद, गौतम कुमार, अभिमन्यु कुमार, दीपक कुमार, अखिलेश कुमार, जितेंद्र तांती, के के पासवान, हरिनारायण कुमार, नाजीर हुसैन समेत सैकड़ों लोगों सम्मिलित हुए।

# झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'एडवांस कंप्यूटिंग और एप्लीकेशन' पर बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रविवार को झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची में आईईटीई रांची के एक्जीक्यूटिव काउंसिल के बैठक चेयरमैन प्रो. डी. के. सिंह कुलपति झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एडवांस कंप्यूटिंग और एप्लीकेशन विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। विदित हो आईईटीई आरटीसी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी रांची के सहयोग से आगामी 6 एवं 7 मार्च 2026 को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का



आयोजन कर रहा है जिसमें झारखंड राय विश्वविद्यालय, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, आर.के.डी.एफ विश्वविद्यालय, साईनाथ विश्वविद्यालय का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अबसर पर आईईटीई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेमिनार के संयोजक प्रो. अजय कुमार ने बताया कि अभी तक कुल 190 पेपर आए हैं तथा झारखंड सरकार का तकनीकी विभाग भी सहयोग कर रहा है। पेपर देशभर के साथ-साथ विदेशो से सभी प्राप्त हो रहे हैं अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डी.के. सिंह एवं प्रो. अजय कुमार का स्वागत शॉल एवं प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर संचालन आईईटीई के सचिव प्रो. विजय कुमार सिंह सरला बिरला विश्वविद्यालय एवं धन्यवाद ज्ञापन महेश कुमार गुप्ता प्राचार्य टूल रूम रांची ने दिया।

## आईईटीई एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक झारखंड टूल रूम में संपन्न

**हजारीबाग :** झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची में 'दी इंस्टीट्यूशन का इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन (आईईटीई) रांची की एक्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक कुलपति झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीकै सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 'एडवांस कंप्यूटिंग एंड एप्लीकेशन' विषय पर होनेवाली आगामी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची के सहयोग से आगामी 6 एवं 7 मार्च को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में एडवांस्ड कंप्यूटिंग एंड एप्लीकेशन विषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में झारखंड राय विश्वविद्यालय, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, साईनाथ विश्वविद्यालय की सहभागिता रहेगी।

## एक नजर

### समाजसेवी स्व कौशल किशोर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**पटमदा :** श्री श्री हरिसाधना आश्रम दगड़िगोड़ा पटमदा परिसर में स्थित मूर्ति पर जमशेदपुर के समाजसेवी स्व० कौशल किशोर सिंह के पूण्य तिथि के अवसर में आश्रम के संचालक शंभुदास बाबाजी के नेतृत्व में माल्यार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम में मूख्य रूप से हाराधन घोषाल, गिरिजा प्रसाद मिश्र, मृत्युंजय महतो, श्रीमंत मिश्र, इन्द्रनारायण मिश्र, पंचानन मिश्र, कृपा सिंधु महतो, जहरलाल मिश्र, प्रेमचाँद महतो आदि गण्यमाण्य लोग उपस्थित रहे।

### बंगीय उत्सव समिति का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न

**पूर्वी सिंहभूम :** सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन बंगीय उत्सव समिति के तत्वाधान में रविवार को प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन गालूडीह में किया गया। सम्मेलन में शुभंकर चटर्जी, प्रकाश मुखर्जी, इंद्रजीत घोष, अपर्णा गुहा, उत्तम गुहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में आगामी 1 फरवरी को बंगीय उत्सव का आयोजन बिष्टुपुर गोपाल मैदान में किया जाएगा, इसके तहत विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में घाटशिला, पटमदा, गालूडीह, बहरागोड़ा, जमशेदपुर, पोटका, चांडिल, कटिंग सहित अन्य जगहों से बांग्ला भाषी प्रतिनिधि मंडल उपस्थित थे। 1 फरवरी को होने वाले बंगीय उत्सव के लिए अरूप चौधरी को घाटशिला, मदन सरकार को पटमदा, आनंद दास पोटका की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी को साहित्य चर्चा की जाएगी, जिसमें झारखंड के विभिन्न प्रांतों से साहित्यकार बांग्ला भाषा के उत्थान के संदर्भ में चर्चा की जाएगी। वहीं संध्याकालीन सत्र में बांग्ला पार्श्व गायक और गायिका एवं मानभूम के गायक संगीत प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर अमित माइती, सुभाष सिंहराय, निशित गिरी, नानटू सरकार, नीता सरकार, बाबूलाल चक्रवर्ती उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर से टकराई बुलेट, युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा नेशनल हाईवे-33 पर फूलडुंगरी और पावरा के बीच जेएन पैलेस के पास करीब 1:30 बजे हुआ, जहां तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुलेट सवार युवक की रफ्तार काफी अधिक थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थिति अत्यंत भयावह हो गई और सड़क पर शरीर के अंगों के टुकड़े बिखर गए। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान स्माइल के रूप में हुई है, जो घाटशिला थाना क्षेत्र के फुलपाल गांव का निवासी बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बुलेट को भी जब्त कर लिया गया है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद मार्ग को सुचारू कराया। प्रारंभिक जांच में तेज गति और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस दर्दनाक घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### महेंद्र सिंह के शहादत दिवस मानने को लेकर खेरोन में ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**सरिया :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के बागोडीह पंचायत अंतर्गत खेरोन गाँव में रविवार को भाकपा माले द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 16 जनवरी को शहीद महेंद्र सिंह के शहादत दिवस को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने पर चर्चा हुई। जिसमें शहादत दिवस की तैयारी,कार्यक्रम की रूपरेखा एवं जनभागीदारी को लेकर लोगों ने अपने-अपने विचार दिए। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने की साजिश कर रही है। मनरेगा का नाम और स्वरूप बदलकर मजदूरों से जुड़े सवालों को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।मजदूर विरोधी कानून लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के जल-जंगल-जमीन पर भी गहरा संकट है। अरावली जैसे पहाड़ों को अदानी-अंबानी जैसे कॉरपोरेट घरानों को सौंपा जा रहा है। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को बकाया राशि नहीं दिए जाने के कारण पंचायतों को विकास योजनाओं के लिए धन नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप पंचायत स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। वहीं झारखंड सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि जमीनी स्तर पर विफल साबित हो रही हैं। इन तमाम जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर बड़ी संख्या में लोगों के बगोदर पहुँचने और संघर्ष का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड महेंद्र सिंह के विचारों और विरासत को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ग्राम सभा में भाकपा (माले) के राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड भोला लाल मंडल, शमीम अंसारी,जाकिर हुसैन, खुर्शीद अंसारी,अमन पाण्डेय, राहुल राज मंडल,सगीर हुसैन समेत कई अन्य साथी मौजूद रहे।

### गोवर्धन महतो जयंती पर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन गोवर्धन महतो जयंती समारोह रंगामाटी में फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया।सामारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली की ओर से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विवेक कुमार के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें फुटबॉल खेल में चोटिल खिलाड़ियों का प्राथमिक उपचार किया गया। इस चिकित्सा शिविर में सिस्टर रेखा कुमारी, बीना देवी स्वास्थ्य कर्मी ओमप्रकाश महतो एवं नरेश करमाली समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय आंचलिक फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, डीजीटल सेवा डुमटांड़ बने विजेता



**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत चौकेगाड़िया स्थित कुकड़ू फुटबॉल मैदान में आयोजित दो दिवसीय आंचलिक फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को फाइनल मुकाबला जेकेएस चींगड़ा एवं डीजीटल सेवा के बीच हुई। प्रतियोगिता का फाइनल खेला में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य डॉ अरूण कुमार महतो, प्राचार्य उपेन महतो, समाज सेवी बसंत पोद्दार,प्रेस क्लब सरायकेला के संरक्षक संतोष कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, आजसु प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत चन्द्र महतो आदि ने परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गीत के साथ शुभारंभ किया गया। खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए राजेश ग्रुप, डिजिटल सेवा डुमटांड़ ने जेकेएस चींगड़ा को एक गोल से परास्त कर विजेता बना। उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खेल में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए व ट्राफी, उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए व ट्राफी, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 40-40 हजार रुपए एवं वेस्ट खिलाड़ी व गोलकीपर को साइकिल, जर्सी, ट्राफी आदि देकर पुरस्कृत किया गया।

### शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर कूड़े का अंबार नागरिक अधिकार मंच ने की सफाई



**बोकारो :** सेक्टर 9 बसंती मोड़ पर स्थित अमर स्वतंत्रता सेनानी शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति स्थल पर वर्षों से फैले कूड़े-कचरे के खिलाफ नागरिक अधिकार मंच के कार्यकताओं ने रविवार को सफाई अभियान चलाया। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में मूर्ति को धोया गया, माला चढ़ाई गई और आसपास की गंदगी साफ की गई। कार्यकर्ताओं ने बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन और जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इसे अशोभनीय और घोर अपराध करार दिया। मूर्ति की चारों ओर बनी तिकोनी बाउंड्री लगभग टूट चुकी है, जबकि आसपास की दुकानों से लोग कचरा फेंक रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय व्यवसायियों से अपील की कि शहीद की मूर्ति को स्वच्छ रखना उनका कर्तव्य है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। मंच ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और सैवल प्रबंधन से मांग की है कि मूर्ति स्थल पर पक्की बाउंड्री बनवाई जाए तथा देखरेख की उचित व्यवस्था हो। अन्यथा आंदोलनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', वीरेंद्र चौबे, ललन कुमार निषाद, विजय त्रिपाठी, शैलेंद्र झा, एसएस चौधरी, अर्जुन पांडेय, अजय चौधरी, अनुराग मिश्र, शुभजीत दास, बीएन तिवारी, सुनील कुमार, परमेश्वर दुबे, शंभू महतो, राममूर्ति पाठक, सन्नी यादव, मुरली मोदी, अजय साह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीर्थाटन और पर्यटन में अंतर

भारतीय संस्कृति उत्सवधर्मा है। यहां बारहों महीने उत्सव चलते हैं। 6 ऋतुएं हैं। प्रत्येक ऋतु के अपने उत्सव हैं। वर्षा और बसंत प्रकृति प्रायोजित उत्सव हैं। शिशिर और हेमंत का क्या कहना। होली सनातन उल्लास है। व्यक्ति की तरह समाज और राष्ट्र की भी ऊर्जा होती है। जैसे मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करते हैं, वैसे ही समाज और राष्ट्र को स्वस्थ रखने के प्रयास जरूरी हैं और यह प्रयास संस्कृतिधर्मा लोगों द्वारा किया जाता रहता है। उत्स का अर्थ होता है मूल। उत्सव का अर्थ है देश के मूल से जुड़ी सामाजिक सक्रियता। संस्कृति मनुष्य की रचना है। संस्कृति का निर्माण सतत प्रवाही प्रक्रिया है। भारत के मन की संस्कारमय संस्कृति प्राचीन ज्ञान परंपरा में निहित है। भारत की संस्कृति का जन्म और विकास ज्ञान व दर्शन की परंपरा से हुआ है।

भारतीय दर्शन में बुध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। भारत के राष्ट्रजीवन के सभी धाराओं ने प्रभावित किया है। कपिल का सांख्य दर्शन अनिश्वरवादी माना जाता है। बुद्ध व जैन दर्शन भी ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नहीं करते। अद्वैत वेदांत का प्रभाव काफी बड़ा है। अद्वैत की धारा शंकराचार्य के पहले से थी, लेकिन शंकराचार्य ने उपनिषदों, गीता और ब्रह्मसूत्र के तत्वों के आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या कहा है। वे घर बैठ तर्क का आनंद उठाने वाले कार्यकर्ता नहीं थे।

शंकराचार्य ने देश की एकता को देखते हुए चार धामों की घोषणा की। उन्होंने उत्तर में ऊंचे पहाड़ों पर बद्रीनाथ धाम की स्थापना की और पश्चिम में द्वारका की। पूरब में जगन्नाथ पुरी की और दक्षिण में रामेश्वरम की। चारों स्थान पहले बहुत प्रतिष्ठित नहीं थे लेकिन शंकर की घोषणा के बाद वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गए।

भारत का मन उत्सवी है। भारतीयों की रुचि पर्यटन के बजाय तीर्थाटन में रही है। पर्यटन और तीर्थाटन में मूलभूत अंतर है। पर्यटन में अच्छा खाना, अच्छे होटल और अच्छी सुख-सुविधाएं जरूरी होती हैं, लेकिन तीर्थाटन में इन कारकों की महत्वपूर्ण आवश्यकता नहीं होती। तीर्थाटन में प्रायः किसी ऐसी जगह पर जाते हैं, जहां नदियां आपस में मिलती हैं। जहां प्रकृति खिलती है, जहां किसी न किसी देवता के दर्शन की अभिलाषा रहती है। प्रयागराज इसका जीवंत उदाहरण है। ऋषिकेश की पहाड़ियों के दरश परश से मन संगीतमय हो जाता है। ऋग्वेद में नदियों से पर उतरने के लिए उथले स्थल को तीर्थ बताया गया है। जहां से हम आसानी से नदी पार कर सकते हैं। उपासना परंपरा में किसी देवता के नाम से चले आ रहे पुण्य स्थान तीर्थ कहलाते हैं। कुंभ (प्रयागराज) में सारी दुनिया के लोग आते हैं। करोड़ों लोगों का यह एकत्रीकरण गंगा, जमुना व सरस्वती का संगम बनता है।

प्रयागराज दुनिया का आकर्षण है। ऐसे ही हरिद्वार, रामेश्वरम, तिरुपति, कांचीपुरम आदि अनेक स्थलों पर तीर्थ यात्री भूखे-प्यासे चले जाते हैं। अयोध्या, मथुरा, काशी ऐतिहासिक तीर्थ हैं। काशी में शिव दर्शन के लिए लाखों लोग आते हैं। वैसे भारतीय दर्शन में तीर्थाटन की तुलना में दर्शन को ज्यादा श्रेष्ठ बताया गया है। शंकराचार्य ने एकमात्र ब्रह्म की सत्ता को सत्य मानते हुए कर्मकांड को भी उचित बताया है। उन्होंने काशी के प्रवास में अपना दर्शन सबको बताया था। ब्रह्म को एकमात्र सत्य और संसार को मिथ्या बताने वाले आचार्य शंकर के दर्शन ने परवर्ती संतों का ध्यान भी आकर्षित किया था। शंकराचार्य जगत को मिथ्या बताते थे।

भारत स्वयं में एक तीर्थ है। सारी दुनिया को परिवार बताने वाला यह राष्ट्र शंकराचार्य जैसे दार्शनिकों की जन्मस्थली और कर्मस्थली है। आवागमन के साधन बढ़े हैं। शंकराचार्य के समय न साइकिल थी न रेल। आश्चर्य है कि आचार्य ने कैसे भारत भ्रमण किया होगा? अब आवागमन के व्रतगामी साधन बढ़े हैं। हजारों किलोमीटर की दूरी अल्प समय में तय की जा सकती है। आधुनिक सभ्यता के दबाव में देश के लोगों का एक वर्ग तनाव में रहता है। वह तीर्थाटन का मजा नहीं लेता। पर्यटन को महत्व देता है। पर्यटन से मानसिक शांति नहीं मिलती।

### सूडोकु नवताल- 7665

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7664 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# इंदौर जल प्रदूषण संकट : दर्पण झूठ न बोले

तनवीर जाफरी




मध्य प्रदेश के महानगर इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दिसंबर 2025 के जाते जाते दूषित पेयजल की वजह से एक बड़ा स्वास्थ्य संकट पैदा हो गया। इस घटना ने उस इंदौर शहर की हकीकत को उजागर कर दिया जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव भी हासिल है। गौर तलब है कि जुलाई 2025 में घोषित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों के अनुसार इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। यह भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कराया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण बताया जाता है। यह रैंकिंग कचरा प्रबंधन, नागरिक भागीदारी, स्वच्छता और स्वच्छता सम्बन्धी अन्य मानकों पर आधारित है। हालांकि गत वर्षांत में इंदौर में स्वच्छ पानी की पाइप लाइन में सीवरेज के गंदे व प्रदूषित पानी मिले होने की घटना स्वच्छता सर्वेक्षण के दायरे यानी मुख्य रूप से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से अलग मुद्दा है, लेकिन निश्चित रूप से इस घटना ने इंदौर के नंबर वन होने के 'खिताब' पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा कर दिया है। इस घटना से एक सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि जब लगातार आठ बार भारत के सबसे स्वच्छ रहने का खिताब जीतने वाले महानगर इंदौर के लोग सीवरेज युक्त पेयजल पीने को मजबूर हैं तो उन शहरों का क्या जिनकी गिनती ही देश के गंदे शहरों में होती है?

इस घटना के बाद सत्ता की ओर से कई तरह की 'बाजीगरी' करने की कोशिश की गयी। लोगों की मौतों के आंकड़े को छुपाने व कम बताने की कोशिश की गयी। एक तरफ अस्पताल की रिपोर्ट व प्रभावित परिजनों के दावे 16 लोगों की मौत की पुष्टि कर रहे थे तो राज्य सरकार उच्च न्यायलय में केवल चार लोगों की मौत का दावा करती रही। खबरों के अनुसार इस घटना से 1400 से अधिक लोग उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुखार जैसी समस्याओं से प्रभावित हुए। इनमें से लगभग 260 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। उधर इसी विषय पर मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में दूषित पानी से कई लोगों की मौत और बीमारी के मामले पर मीडिया के सवालों से नाराज होकर एक पत्रकार से निहायत बदतमीजी भरा व्यवहार किया। जब उनसे एक टी वी रिपोर्टर ने पूछा कि साफ पानी की व्यवस्था क्यों अपर्याप्त है। इस पर विजयवर्गीय भड़क गए और कहा, 'छोड़ो यार, फोकट (फालतू) के सवाल मत पूछो।' 'क्या घंटा होकर आए हो तुम?' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि बाद में विजयवर्गीय ने माफी मांग कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश जरूर की परन्तु तब तक इन घटिया शब्दों द्वारा व्यक्त किये गये उनके भीतर के 'उदगार ' उनकी सरकार की विफलता की खीज के रूप में प्रकट हो चुके थे। बहरहाल इस घटना ने देश की उस वास्तविकता को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है जहाँ विकास के तमाम दावों व आंकड़ों के बावजूद देश के आम लोगों को अभी तक पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। वास्तव में भारत में प्रदूषित जल का सेवन एक लंबे समय से चली आ रही समस्या है, जो औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, कृषि क्रांति और जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी हुई है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य पर असर डालती है, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय नुक़्सान भी पहुंचाती है। गंगा और यमुना जैसी देश की अनेक नदियों में अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट डालना भी जलजनित बीमारियों का मुख्य कारण है। हरित क्रांति के दौर में जब उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग बढ़ा, उस दौर में भूजल में नाइट्रेट प्रदूषण फैलने की खबरें आईं। उस समय देश के 56% जिलों में इसका प्रभाव पाया गया। इसी तरह डी डी टी जैसे कीटनाशकों के अत्यधिक उत्पादन व प्रयोग से इनके अवशेष जल में बने रहे। साथ ही औद्योगिक विकास के नाम पर नदियों में लीड, कैडमियम, आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं का प्रदूषण बढ़ा। इस दौर में भी कॉलरा (हैजा) और डायरिया जैसी महामारियां बढ़ीं, और मौतों की संख्या में और भी वृद्धि हुई। सूत्रों के अनुसार आज भी भूजल अर्थात 85% ग्रामीण इलाकों में पीने का पानी नाइट्रेट, धातुओं और बैक्टीरिया से प्रदूषित है। इसके अलावा बाढ़ से भी प्रदूषण बढ़ता है।

अब रहा सवाल जल आपूर्ति लाइन में सीवरेज का पानी मिलकर प्रदूषित जल आपूर्ति होने का, तो यह कोई अकेले इंदौर की समस्या मात्र नहीं बल्कि देश के तमाम शहर व इलाके ऐसी समस्याओं का शिकार हैं। उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुखार जैसी बीमारी की समस्यायें आज घर घर की समस्याएं बन चुकी हैं। इसका मुख्य कारण है भूमिगत जल पाइप लाइन का प्रायः भूमिगत सीवर लाइनों के साथ साथ या उसके समानांतर बिछा होना। यह समस्या उस समय और भी विकराल रूप धारण कर लेती है जबकि सीवर लाइनें ओवर फ़्लो हो कर भूमिगत सीवरेज रिसाव को बढ़ाती हैं और साथ ही यदि भूमिगत जल पाइप लाइन में भी लीकेज हो तो सीवर और पीने के पानी मिक्स हो जाता है। वास्तव में यह समस्या गलत योजना,भ्रष्टाचारपूर्ण निर्माण, समय पर रखरखाव का अभाव,प्रशासनिक लापरवाही व ऐसी समस्याओं की लगातार अनदेखी करने के कारण होती हैं। यही वजह है कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जल और स्वच्छता से संबंधित बीमारियों से लगभग 400,000 मौतें प्रति वर्ष दर्ज होती हैं जबकि प्रदूषित पानी से लगभग 300,000 बच्चे प्रतिवर्ष मरते हैं तथा डायरिया से करीब 1,600 मौतें प्रतिदिन होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार ऐसी 21% संक्रामक बीमारियां असुरक्षित जल से जुड़ी हैं । देश की आर्थिक स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। पर्यावरणीय क्षति से 3.75 ट्रिलियन रुपये अर्थात 80 बिलियन डॉलर का वार्षिक नुक़्सान होता है क्योंकि इससे स्वास्थ्य लागत लगभग 470-610 बिलियन रुपये यानी 6.7-8.7 बिलियन बढ़ जाती है। साथ ही प्रदूषित क्षेत्रों में कृषि राजस्व में 9% की और उपज में 16% की अनुमानित कमी आती है।

लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में सीवर मिश्रित दूषित पानी से हुई 15 (फिलहाल) मौतों ने यह साबित कर दियाहै कि 'इंदौर में स्वच्छ पानी नहीं, बल्कि जहर मिश्रित जलापूर्ति की गयी।' स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की गयी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई? सीवर का प्रदूषित मलयुक्त जल पीने के पानी में कैसे मिला? समय पर सप्लाई बंद क्यों नहीं की गई? जाहिर है कि स्वच्छ जल हासिल करना प्रत्येक देशवासियों के जीवन का अधिकार है। परन्तु इंदौर में उपजे जल प्रदूषण संकट से भारतीय जनता पार्टी की कथित डबल इंजन सरकार ने यह साबित कर दिया है कि दर्पण कभी भी झूठ नहीं बोलता।

# गिग-वर्कर्स : डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

ललित गर्ग

ऑनलाइन बाजार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाजार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी।

अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि जरा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के जरिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोजमर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।

गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के जरिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन. इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्जी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है।

निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है।

हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे।

भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल कागजी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता।

31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह जरूरी है कि नीति-निमार्ता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है।

तेजी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफे की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है; शोषण की मानसिकता छोड़कर संवेदनशीलता और जवाबदेही अपनाए बिना कोई भी डिजिटल विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि गिग-वर्क को गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व के साथ विकसित किया जाए, तो यही सेवाएँ मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि रोजगार की एक आदर्श और मानवीय व्यवस्था बन सकती हैं, जहाँ सुविधा केवल उपभोक्ता को नहीं, सम्मान कामगार को भी मिले।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का संकट बहुत गहरा है!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की स्थिति आज भयावह से भी आगे बढ़ चुकी है। हत्या, आगजनी, भीड़ हिंसा और झूठे "धर्म अपमान" के आरोप अब सिर्फ विशेष घटनाओं तक सीमित नहीं रहे, ये एक स्थायी और व्यवस्थित समस्या बन चुकी है। पिछले 20 दिनों में ही चौथी बार किसी हिंदू युवक की हत्या ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वहाँ कानून की पकड़ टूट चुकी है और इस्लामिक कट्टरता को खुलेआम जगह मिल रही है। मयमनसिंह, ढाका और पिरोजपुर तक फैली हिंसा अलग-अलग घटनाओं का संग्रह भर नहीं है, यह सामूहिक सामाजिक विफलता की अभूतपूर्व तस्वीर है जो आज बांग्लादेश में हमें दिखाई देती है।

ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में शनिवार (3 जनवरी, 2026) को 50 वर्षीय हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसे पहले धारदार हथियारों के हमला कर पूरी तरह से लहूलुहान कर दिया गया था और उसके बाद उसे आग के हवाले कर दिया गया था। खोकन चंद्र दास अपनी दवाई की दुकान बंद कर रात में ऑटो से घर लौट रहे थे, इस बीच रास्ते में कुछ हमलावरों ने उन्हें रोका और बुरी तरह से मारा। इसके बाद उन पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जला दिया। हालांकि, इस घटना के बाद तीन दिनों तक खोकन दास जिंदगी के लिए मौत और असहनीय तकलीफ से जूझते रहे, लेकिन अंत में हार गए। इससे पहले मयमनसिंह जिले में 29 दिसंबर 2025 की शाम बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या की गई थी।

कहना होगा कि बांग्लादेश में बार-बार हो रही हिंदुओं के खिलाफ हिंसा ने फिर सवाल खड़े कर दिए कि सुरक्षा व्यवस्था किनके लिए है और किनके लिए नहीं। पुलिस इसे केवल "दुर्घटना" मानने की कोशिश कर रही है, किंतु जिस सामाजिक और राजनीतिक माहौल में यह हुआ, वह इसे सामान्य घटना नहीं रहने देता। 18 दिसंबर को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और उसका शव सार्वजनिक रूप से जलाया, जो बर्बर तरीके से की गई हिंसक घटना थी।

बांग्लादेश को लेकर बीते कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या यहां अचानक उत्पन्न नहीं हुई है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साल 2022 में ऐसे 47 हमले दर्ज किए गए, साल 2023 में यह बढ़कर 302 हो गए और साल 2024 में यह संख्या 3,200 पार कर गई। इसी अवधि में 23 हिंदुओं की मौत और 152 मंदिरों पर हमले भी दर्ज हुए। मानवाधिकार संगठनों के अध्ययन बताते हैं कि साल 2023 से 2024 के बीच 1,045 से अधिक हमले हुए, जिनमें हत्या, भूमि पर जबरन कब्जा, घर और व्यवसाय को नुकसान पहुंचाना, बलात्कार और जबरन धर्म परिवर्तन (इस्लाम अपनाने) जैसी घृणित घटनाएँ शामिल हैं।


समझने वाली बात यह भी है कि हिंसा अपराध होने तक सीमित नहीं है, ये जनसांख्यिकीय संकट का संकेत भी है। साल 1974 में बांग्लादेश की कुल आबादी में हिंदू समुदाय 13.5 प्रतिशत था, जबकि मुसलिम आबादी 85.4 प्रतिशत थी। साल 2022 की जनगणना में हिंदुओं का हिस्सा घटकर केवल 7.96 प्रतिशत रह गया। यह स्पष्ट संकेत है कि सामाजिक-दबाव, हिंसा और विस्थापन के कारण यहां हिन-?दू अल्पसंख्यक समुदाय लगातार सिकुड़ रहा है।

धर्म के अपमान या "ईशनिंदा" के झूठे आरोप भी तेजी से बढ़े हैं। साल 2025 की जून से दिसंबर अवधि में कम से कम 71 ऐसे मामले दर्ज किए गए। यह दिखाता है कि सोशल मीडिया और अफवाहें समुदायों को भड़काने का माध्यम बन गई हैं और फिर भीड़ हिंसा को बढ़ावा दिया जाता है। राजनीतिक और प्रशासनिक विफलता इस संकट को और गंभीर बनाती है। बांग्लादेश खुद को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पेश करने की कोशिश करता है लेकिन उसका व्यवहार इससे उलट है। राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी ताकतों का उभार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो निर्दोष लोगों के जलते घर और पीड़ितों की तस्वीर यहां जीते-जागते सामूहिक असहिष्णुता का दस्तावेज हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समुदाय के लिए भी यह एक गंभीर चेतावनी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अनुसार हर राज्य की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। जब एक धर्मनिरपेक्ष देश अपनी अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा में असफल होता है तो यह संरचनात्मक मानवाधिकार संकट बन जाता है। भारत सहित कई देशों ने अपनी चिंता व्यक्त की है लेकिन कूटनीतिक बयान और चेतावनी अब तक बांग्लादेश के संदर्भ में पर्याप्त नहीं है। समस्या को रोकने के लिए कट्टरपंथी समूहों पर कठोर कार्रवाई, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी प्रावधान और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आज बेहद अनिवार्य है। जिहाद और इस्लाम के नाम पर पड़ोसी मुल्कों (बांग्लादेश- पाकिस्तान) में हो रही हिंदुओं की हत्याएं आज भी यही बता रही हैं कि धर्म के आधार पर साल 1947 में हुआ भारत विभाजन अभी भी न्याय मांग रहा है।

## दैनिक पंचांग

**5 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का पांचवा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ (दक्षिण भारत में पौष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 09.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 13.25 बजे को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 22.47 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.57 बजे तदनन्तर वणिज 20.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 38'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872580
**जूलियन दिन** 2461045.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 15

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.24 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कुंभ | 09.11 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.43 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.14 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 13.54 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 15.52 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 18.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 20.22 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 22.34 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | तुला | 00.44 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.59 ब.से |
| | | धनु | 05.15 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### गिट्टी लदा हाईवा पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**कोडरमा :** सतगावां प्रखण्ड अन्तर्गत नवादा से देवघर मुख्यमार्ग में बरियारपुर मोड़ के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही गिट्टी लदा एक हाईवा BR 27G 7797 अनियंत्रित होकर गेहूं की खेत में पलट गई जिससे वाहन चालक बाल बाल बचे हाथ में थोड़ा चोट आया है। चालक ने बताया कि सामने से दो पहिया वाहन आ गई जिसे बचाने के चक्कर में मेरी गाड़ी अनियंत्रण होकर खेत में पलट गई। चालक ने बताया कि गिट्टी गिरिडीह जिला के गावां प्रखण्ड से नवादा के गोविंदपुर जा रही थी। चालक की पहचान नवादा जिला अंतर्गत पथरा इंग्लिश गांव निवासी अवधेश यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को वाहन से बाहर निकाला। मौके पर सतगावां पुलिस पहुंचकर जांच कर रही है।

### महिला शिक्षिका से पर्स की छीनतई अपराधी फरार

**पूर्वी सिंहभूम :** साकची थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर के समीप रविवार को अपराधियों ने ऑटो से यात्रा कर रही एक महिला शिक्षिका से बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता की पहचान साकची निवासी शिक्षिका हेमलता ठाकुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानगो निवासी हेमलता ठाकुर अपने बच्चे और सहेली के साथ साकची बाजार में शादी से संबंधित खरीदारी करने आई थीं। बाजार से लौटते समय वह एक सवारी ऑटो में बैठी थीं। जैसे ही ऑटो शीतला मंदिर के पास पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई बाइक पर सवार दो युवक ऑटो पास पहुंचे और अचानक हेमलता ठाकुर के हाथ से पर्स झपटकर फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि ऑटो में सवार अन्य लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आरोपित बाइक सहित भीड़ में ओझल हो गए। पीड़ित शिक्षिका ने बताया कि छीने गए पर्स में करीब 20 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड सहित कुछ जरूरी कागजात थे। घटना के बाद वह काफी घबरा गईं और आसपास के लोगों की मदद से साकची थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साकची थाना प्रभारी आंनद मिश्रा ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

### स्वांसी समाज की बैठक में सांगठनिक मुद्दों पर चर्चा

**खूंटी :** स्वांसी (पांड) समाज एकता संघ जिला इकाई की बैठक रविवार को रॉयल सिंह पैलेस के बैंक्वेट हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुखलाल स्वांसी ने की। बैठक में खूंटी जिले के सभी प्रखंड– रनिया, खूंटी, तोरपा, कर्रा, मुरहू एवं अड़की से समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज के सशक्तिकरण, संगठन को और मजबूत बनाने तथा समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के आध्यात्मिक गुरु आनंद स्वांसी (पांड) की प्रतिमा स्थापना को लेकर भी चर्चा हुई और इस दिशा में आगे की रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक में सहज स्वांसी, आनंद स्वांसी, विश्वनाथ स्वासी, विजय स्वासी, दीपक स्वांसी, जीतराम स्वांसी, दुर्गा स्वांसी, लोजो स्वांसी, मणिनाथ स्वासी, रामचंद्र स्वांसी, शिबू स्वासी, रंजीत स्वांसी, अक्षय स्वांसी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पहली बार विधायक के आगमन से उत्सव में बदला सूतराम गांव का माहौल, ग्रामीणों ने किया स्वागत

# दूरस्थ व जंगलों के बीच बसे गांवों तक विकास पहुंचाना प्राथमिकता : भूषण बाड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा घने जंगलों के बीच में स्थित मुड़िया पंचायत अंतर्गत सूतराम गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। विधायक ने जब गांव में कदम रखा तो पूरे गांव का माहौल एक उत्सव में बदल गया। क्योंकि आजादी के बाद पहली बाद सूतराम गांव में किसी विधायक के कदम पड़े थे। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ विधायक और जिप सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जोसिमा खाखा के स्वागत के लिए उमड़ पड़ी। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ ग्रामीणों ने विधायक और जिप सदस्य का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि सूतराम गांव वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहा है और आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी जनप्रतिनिधि ने गांव में आकर उनकी समस्याओं को सीधे सुना। गांव पहुंचते ही विधायक ने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी कठिनाइयों को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली और सड़क की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया। मौके पर विधायक ने गरीब और असहाय लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, प्रखंड उपाध्यक्ष अमृत डांग, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की, प्रतिमा कुजूर, जिदन जोजो, सनातन लुगुन, दिनाकरन बुड़, जोलेन समद, सलीम जोजो, अरबिंद जोजो, सुगड़ लुगुन, स्नेहलता तिर्की, आश्रिता लुगुन, बहमनी समद, सुसारी जोजी आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और जंगलों के बीच बसे गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि चाहे गांव जंगल के बीच हो या जिला मुख्यालय से दूर, हर गांव तक पहुंचना उनका संकल्प है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए वे लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। महिला जिला अध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सूतराम गांव में उमड़ा जनसैलाब यह दशार्ता है कि ग्रामीण आज बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों के बीच बसे गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना ही सच्ची जनसेवा है।

## महाधरना को सफल बनाने को लेकर भाजपा ने की रणनीतिक बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में आगामी 05 जनवरी समय 11 बजे सिमडेगा अम्बेडकर चौक के समीप एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतू नगर परिषद क्षेत्र के सभी 20 वार्ड से भाजपा समर्पित कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या पर शामिल होने का आग्रह करते हुए कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। धरना के माध्यम से भाजपा राज्य सरकार से तीन मांगो को प्रमुख रूप से रखेगी जिसमें निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराने, दलीय आधार पर चुनाव कराने एवं ईवीएम से चुनाव कराने की मांग करेगी। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक दीपक पूरी, सह संयोजक संजय ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, चंदन प्रसून, दिलीप साहू, शंभू भगत, श्रीलाल साहू, दीपनारायण दास, अनूप केशरी, कृष्णा ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, घनश्याम केशरी,बजरंग प्रसाद, संटू गुप्ता, महावीर बड़ाईक, सुभाष साहू, दिनेश प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ में अपराधियों का तांडव दिनदहाड़े फायरिंग, इलाके में दहशत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पतरातू :** रामगढ़ जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला पतरातू थाना क्षेत्र का है, जहां रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में लगी कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन के गेट के सामने दिनदहाड़े फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर सवार नकाबपोश दो अपराधी मौके पर पहुंचे और गेट में घुसकर अचानक फायरिंग की। एक गोली फायरिंग के बाद दोनों अपराधी जयनगर की ओर फरार हो गए। घटना के समय गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड डर के कारण भीतर की ओर चला गया। बताया जा रहा है कि इस फायरिंग का मुख्य उद्देश्य इलाके में दहशत फैलाना और रंगदारी वसूलना है। इस वारदात की जिम्मेदारी आजाद सरकार राहुल सिंह गैंग



ने ली है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे दिनदहाड़े फायरिंग कर रहे हैं। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस बीच, पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि वे मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

## महिला को बंधक बना जेवर दुकान से लाखों की लूट, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में एक बार फिर से अपराधियों ने एक जेवलरी दुकानों को निशाना बनाया है। एक महिला को बंधक बनाकर अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान से लाखों की लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने महुदा थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर लूट की इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला धनबाद-रांची मुख्य मार्ग के महुदा थाना अंतर्गत महुदा बाजार की है। जहां लक्ष्मी ज्वेलर्स में बीती रात अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। ज्वेलरी दुकान के मालिक अमित कुमार वर्मा ने बताया कि उन्हें लोगों ने तड़के सुबह घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास तलवार जैसा हथियार था। लुटेरों ने घटना को अंजाम देते वक्त दुकान के पीछे घर में रहने वाले एक परिवार को बंधक बना लिया था। इसके बाद दुकान में लगे चार ताले को तोड़कर करीब 6 लाख रुपये की ज्वेलरी लूट कर ले गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान लुटेरों ने ज्वेलरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी काट कर अपने साथ ले गए। वहीं, अपराधियों की ओर से बंधक बनाई गई महिला कुंती देवी ने बताया कि उनके पति काम पर गए हुए थे, घर में वह और उनके बच्चे ही थे। उन्होंने बताया कि देर रात उन्हें कुछ आवाज सुनाई दी। वह जब बाहर निकली तो उन्हें दो लोग नजर आए जो अपना चेहरा ढके हुए थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद लुटेरों ने हथियार दिखा कर उन्हें और उनके बच्चे को घर के अंदर खामोश रहने की चेतावनी दी। इसके बाद अपराधी लूट की घटना को अंजाम देकर चलते बने। उन्होंने बताया कि इसके बाद जब उनके पति घर आए तो वह थाना भी गई, लेकिन थाने में उन्हें कोई नही मिला। तब उन्होंने मुहल्ले वालों को इसकी सूचना दी।

## कोडरमा झामुमो पूर्व जिला अध्यक्ष के भाई प्रकाश सिंह का आकस्मिक निधन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो प्रखंड के परसाबाद निवासी व झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के सँझले भाई प्रकाश सिंह का निधन आज सुबह निवास स्थान हो गया। सूचना मिलते ही सुनते झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय रामचंद्र सिंह के आवास में पहुंचे जहां उन्होंने मृतक के परिवार को ढाँढस बढ़ाया व हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर कोडरमा झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय कहां कि पूर्व जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के भाई प्रकाश सिंह के निधन पर मेरी गहरी संवेदना है तथा इस विकट परिस्थिति में पार्टी परिवार मृतक के परिजन के साथ खड़ा है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय, डोमचांच प्रखंड सचिव मोहम्मद अशरफ, डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, मोबिन अंसारी, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप गुप्ता के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित, बढ़ाया हौसला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातू :** बड़कागांव के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने आज अपने आवासीय कार्यालय पतरातू में कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया। हाल ही में टाना भगत इण्डोर स्टेडियम रांची में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया इंटर स्कूल चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले सुरेश कुमार पाठक, आर्यन कुमार गंझू, विशेष कुमार और शिवम जायसवाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सिल्वर मेडल जीतने वाले आर्यन कुमार गंझू और कांस्य पदक जीतने वाले प्रतीक कुमार पाठक, रिया कुमारी, प्रिंसेस जानवी, अजीत मुंडा और नमन कुमार को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने पदक विजेताओं को फूल माला और डायरी पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे क्षेत्र के बच्चों ने अपनी मेहनत और अनुशासन से कराटे में मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खेलने से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि यह अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। सम्मान समारोह के दौरान खिलाड़ियों के कोच और उनके परिजन भी उपस्थित रहे। विधायक ने आश्वासन दिया कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए वह हर संभव मदद और खेल सुविधाओं में सुधार का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला पार्षद सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, कटिया मुखिया किशोर महतो, पंच मंदिर मुखिया राहुल, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, गुड्डू सोनी, नंदकिशोर महतो, कार्यालय प्रभारी चंदन कुमार, सुजीत कुमार और राहुल कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कोच योगेंद्र गंझू, नरेंद्र कुमार सिन्हा और राजू किस्कू ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक के समर्थन और प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और वे आगे भी इसी तरह से क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्मी बहाली की तैयारी कर रही महिलाओं को एमपीडब्ल्यू कुश बड़ाइक ने किया सम्मानित



**सिमडेगा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमडेगा में पदस्थापित एमपीडब्ल्यू कुश बड़ाइक ने अल्बर्ट एक्का मैदान में देश सेवा में नौकरी पाने की तैयारी कर रही साढ़े तीन दर्जन से अधिक माताओं एवं उनके बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों के बीच स्वेटर, जैकेट सहित अन्य गर्म कपड़ों का भी वितरण किया गया। बताया गया कि ये माँताएँ अपने छोटे बच्चों को गोद में बाँधकर अल्बर्ट एक्का मैदान में होमगार्ड, पुलिस और फौज में भर्ती की तैयारी कर रही है। महिलाओं ने एम्पीडब्लू को बताया कि कड़ाके की ठंड में बच्चों को साथ लेकर सुबह–सुबह अभ्यास करने आना बेहद कठिन होता है। उनकी इस कठिनाई को देखते हुए एमपीडब्ल्यू कुश बड़ाइक ने इन माताओं एवं बच्चों की सहायता करने का निर्णय लिया, ताकि उनका हौसला कमजोर न पड़े और वे अपने लक्ष्य की ओर डटी रहें। कार्यक्रम के दौरान कुल 78 माताओं एवं बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित 300 से अधिक लोगों के बीच केले का भी वितरण किया गया। इस पहल से माताओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। सभी लोगों ने इस पहल के लिए कुश बड़ाइक के प्रति आभार प्रकट किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। बता दें कि युवा स्वास्थ्य कर्मी समय समय पर ऐसे छोटी मोटी मदद असहाय लोगों के बीच पर्दे के पीछे से करते रहते हैं। कोविड काल के दौरान उन्होंने अनगिनत लोगों के बीच सूखा राशन, सब्जी आदि राहत सामग्री उपलब्ध करा कर राहत पहुँचाने का काम किया था। इसके अलावा भी वे समय समय पर ऐसे कार्य करते रहते हैं।

### पेसा कानून लागू होने पर विधायक ने मंत्री दीपिका पांडेय के प्रति जताया आभार

**सिमडेगा :** झारखंड में पेसा कानून को लागू किए जाने पर विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने दूरभाष के माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि यह कानून अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, जिससे गांवों में स्वशासन को मजबूती मिलेगी। भूषण बाड़ा ने पेसा कानून को लागू करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि इससे आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रति भी आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में जनहित से जुड़े फैसले निरंतर लिए जा रहे हैं। विधायक ने उम्मीद जताई कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी और ग्राम सभा की भूमिका निर्णायक रूप से मजबूत होगी।

### विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला की बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर



**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ़ जिला की बैठक आज दिनांक 4 जनवरी दिन रविवार को रामगढ़ बिजुलिया जयपुर मारवाड़ी होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने की, जबकि संचालन अरुण बनर्जी महासचिव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से परदेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, महासचिव अनिल त्रिपाठी, कमल शर्मा, श्याम शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा, जिला रानी पाठक, सदानंद चटर्जी, महेंद्र दुबे, नरेंद्र तिवारी, नवीन पाठक, नवीन पांडे, सुरेंदर पांडे, शशिकांत दुबे, भुवनेश्वर पांडे, अनुज कुमार तिवारी, महेश दुबे, अमन कुमार मिश्रा इत्यादि लोगों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से पूरे जिले में संगठन की मजबूती के लिए अभियान चलाने और प्रखंड से पंचायत समिति का गठन करने पर चर्चा की गई। इसके अलावा, परशुराम जयंती समारोह आयोजित करने और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने संगठन की मजबूती के लिए अपने सुझाव दिए और इसे आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती समारोह को भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और इसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बैठक के अंत में, उपस्थित लोगों ने संगठन की मजबूती के लिए अपने सुझाव दिए और इसे आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिया।

### शिक्षाविद की प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच भोजन व कंबल वितरण



**रामगढ़ :** भुरकुंडा समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा में शिक्षाविद स्वर्गीय नाना तिवारी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों ने उनकी तस्वीर में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने दूर–दराज से आए दातुन पत्तल बेचने वाले और अन्य जरूरतमंद परिवारों को भोजन वितरण किया। भोजन में पूरी, सब्जी और जलेबी शामिल थी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, जगतार सिंह, उदयभान दुबे, आशुतोष कुमार, राज किशोर पांडे, प्रेमनाथ साहू, गौरी शंकर महतो, मनोज सिन्हा, शिवकुमार यादव, रविंद्र करमाली, लखन राम, रंजीत यादव, मुस्कान प्रवीण और अन्य समाजसेवी उपस्थित थे। संस्था के सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच पिछले 10 वर्षों से रविवार साप्ताहिक बाजार में जन सहयोग से भोजन वितरण कर रहा है। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने कंबल वितरण भी किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि स्वर्गीय नाना तिवारी एक महान शिक्षाविद थे, जिन्होंने समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि संस्था उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा के कार्य में लगी रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों ने स्वर्गीय नाना तिवारी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार के सदस्यों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर

### जिला स्तरीय बैठक में पी-पेसा 1996 के प्रावधानों को नियमित लागू करने की मांग

**साहिबगंज :** जिला के बोरियो प्रखंड कार्यालय परिसर में दिशोम मांझी परगना वैसी की जिला स्तरीय बैठक आज रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष मुर्मू ने की। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए ग्राम प्रधान, मांझी परगना, परानीक, जोग मांझी, नायकी, गोड़ेत ने हिस्सा लिया। बैठक में पी-पेसा 1996 के मूल भावना के अनुरूप नियमावली लागू करने की मांग की गई। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने सरकार के अधिसूचना खारिज करते हुए पी-पेसा 1996 के मूल भावना के अनुरूप साथ प्रावधानों के साथ नियमित लागू करने की मांग की। ताकि आदिवासियों का पारंपरिक व्यवस्था अधिकार जल, जंगल, व जमीन बचाया जा सके। बैठक के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम प्रेषित ज्ञापन सीओ के माध्यम से सौंपा गया। मौके वैसी के तालझारी अध्यक्ष सरोज हेंब्रम, जोसेफ सोरेन, पंकज टुडू, अंबेडकर मरांडी, नर्सिंग मरांडी, सफा नियल बेसरा, चंद्राय टुडू, झमामी मुर्मू , बेटका मरांडी आदि उपस्थित थे।

### तीनपहाड़ में ड्रिंक एंड ड्राइव जांच अभियान चलाया गया



**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा पान कर वाहन चलाने पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधिक्षक सहेबगंज के आदेशानुसार रविवार को तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे के नेतृत्व में बभनगामा मोड़ में वाहन चालकों का ड्रिंक एंड ड्राइव टेस्ट के तहत जांच किया गया। इस दौरान वाहन चालकों के मुंह मे मसीन लगाकर जांच किया। मौके पर एएसआई बाबुशरण मुर्मू सहित दल बल मौजूद थे।

### विक्रम ने दिल्ली में खगोल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित कर बढ़ाया क्षेत्र का नाम

**दुमका:** जिले के हंसडीहा गांव के निवासी विक्रम कुमार ने दिल्ली में एक महत्वपूर्ण खगोल विज्ञान कार्यक्रम आयोजित कर अपने गांव, जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। तारों की पाठशाला एवं पी.सी. जोशी स्टडी सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यशाला का शीर्षक “चाँद अब दूर नहीं” था। शनिवार को आयोजित इस कार्यशाला में विक्रम कुमार ने टेलीस्कोप की सहायता से विद्यार्थियों को चंद्रमा एवं बृहस्पति ग्रह का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। इस दौरान उन्होंने खगोल विज्ञान, टेलीस्कोप की कार्यप्रणाली तथा चंद्रमा और अन्य ग्रहों से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारियाँ भी साझा की। कार्यशाला में सैकड़ों विद्यार्थियों ने पहली बार टेलीस्कोप से चंद्रमा को बेहद करीब से देखा, जिससे उनमें विज्ञान और खगोल विज्ञान के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। देश की राजधानी दिल्ली स्थित जेएनयू में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों एवं शिक्षाविदों ने हंसडीहा हटिया रोड निवासी विजय शर्मा के छोटे पुत्र विक्रम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे झारखंड के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# उप विकास आयुक्त के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के उप विकास आयुक्त, पाकुड़ महेश कुमार संथालिया के सेवानिवृत्ति के अवसर पर परिसदन, पाकुड़ परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के वरीय प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारियों, पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उनकी प्रशासनिक सेवाओं को स्मरण करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उप विकास आयुक्त श्री संथालिया का सेवाकाल ईमानदारी, अनुशासन, पारदर्शिता एवं संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में जिले में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक कार्यों को नई दिशा एवं गति मिली। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी भी कार्य की शुरूआत में अनुभव नहीं होता, अनुभव कार्य करते-करते ही प्राप्त होता है और वहीं से पूर्णता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा समाज एवं आम जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। यदि कार्यों का संचालन नियमों एवं मूल उद्देश्य के अनुरूप नहीं किया जाए, तो उसका वास्तविक लाभ जनसामान्य तक नहीं पहुँच पाता है। इसलिए प्रत्येक कार्य को सुव्यवस्थित एवं उद्देश्यपरक ढंग से क्रियान्वित करना आवश्यक है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग एवं अनुभवों को अविस्मरणीय बताते हुए सभी सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन भविष्य में भी जनसेवा के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया अपने कार्यों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध, कर्मठ एवं समर्पित पदाधिकारी रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सौंपे गए सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं सरलता के साथ किया। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, समयबद्धता एवं टीम भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती रही, जिसके कारण जिले के विकास कार्यों को नई दिशा एवं गति प्राप्त हुई। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के सफल संचालन के साथ-साथ विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके मार्गदर्शन में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई योजनाओं में पाकुड़ जिला राज्य स्तर पर अग्रणी स्थान पर रहा है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे सहित अन्य वक्ताओं ने भी उप विकास आयुक्त के प्रशासनिक योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। सम्मान समारोह में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, परियोजना निदेशक, आईटीडीए द्वारा सेवानिवृत्त उप विकास आयुक्त को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सिंगा मैदान में आदिवासी डेवलेपमेंट क्लब द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड अंतर्गत सिंगा मैदान में आदिवासी डेवलपमेंट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय गोस्वामी तथा झामुमो नेत्री सह जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा फुटबॉल को बारी बारी से किक मारकर किया गया। टूनामेंट के उद्घाटन से पूर्व दिशोम गुरु शिबू सोरेन के प्रतिमा पर जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय गोस्वामी तथा प्रो. नजरुल इस्लाम ने माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किया तथा उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सभी कार्यकर्ता एवं दर्शकों ने खड़े होकर राष्ट्रगान गाया। बताते चलें कि आज का प्रथम खेल बी.एस.के. कॉलेज बरहरवा बनाम ऐफ.सी. अमड़ापाड़ा के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ जिसमें बी.ऐस.के. कॉलेज दो एक से विजयी हुआ। मौके पर एडीसी क्लब के अध्यक्ष सह झामुमो जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नाड मरांडी, सचिव मुजीबुर्रहमान, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मो अली, बेला किस्कू, समदा सोरेन,जीसू मरांडी, बाबूलाल सोरेन,मरांग हेंब्रम, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राजमहल गंगा घाट से 10 मृत कछुए बरामद, जांच में जुटी वन विभाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के काली घाट के विभिन्न हिस्सों में रात्रि में कछुए मृत अवस्था में पाए गये। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 10 कछुए घाट क्षेत्र में मृत मिले। इसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां जुट गये। स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने इसे बेहद चिंताजनक बताया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इसकी जांच नहीं की गई, तो यह जलाशय के जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। अन्य जलीय जीवों और आसपास के पर्यावरण पर भी इसका व्यापक नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन एवं वन विभाग से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। काली घाट क्षेत्र में नियमित निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। नदी के पानी की वैज्ञानिक जांच कराकर वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। इस संबंध में राजमहल दामिन वन क्षेत्र के वनपाल पंचम दुबे ने कहा कि मृत कछुए के मामले में वन विभाग आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। मृत कछुए वन विभाग के कब्जे में है। बरहरवा रेल पुलिस ने ट्रेन से तस्करी के पकड़े 662 पीस कछुए को राजमहल न्यायालय के आदेशानुसार वन विभाग की मदद से गंगा नदी में छोड़ा था, ताकि कछुए का पुनर्वास हो सके। कथित तौर पर कुछ प्रत्यक्षदर्शी चर्चा कर रहे हैं कि पूर्व में छोड़े गए कछुए में से ही यह है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन मृत कछुए के बरामद मामले में वन विभाग आवश्यक कार्रवाई में जुट गया है।

## पाकुड़ जिले में धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के लिए पर्यटन की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा जिले के दो प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्र–नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित जटाधारी शिव मंदिर तथा महेशपुर प्रखंड स्थित भौरीकोचा मंदिर–को डी-श्रेणी पर्यटन स्थल का दर्जा प्रदान किया गया है। यह निर्णय हाल ही में सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में संपन्न राज्य पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में लिए गए प्रस्ताव के अनुरूप लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा सह पर्यटन पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि इन दोनों धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को पर्यटन विभाग द्वारा चिन्हित किए जाने से इनके समग्र विकास की दिशा में नए अवसर सृजित होंगे। डी-श्रेणी का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात भविष्य में इन स्थलों पर बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण, सड़क संपर्क, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की संभावनाएँ बढ़ेंगी। जटाधारी शिव मंदिर, जो नगर परिषद क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, वर्षभर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहता है। विशेष रूप से श्रावण मास में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं भौरीकोचा मंदिर, महेशपुर प्रखंड का एक प्राचीन एवं श्रद्धा का केंद्र है, जो स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, पाकुड़ मनीष कुमार ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे न केवल जिले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही, जिले के पर्यटन मानचित्र पर इन स्थलों को एक नई पहचान प्राप्त होगी। विदित हो कि इन स्थलों को पर्यटन विभाग से डी-श्रेणी पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने हेतु गत वर्ष जिला पर्यटन संवर्धन परिषद, पाकुड़ की बैठक में निर्णय लेकर विभाग को प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में जिले के अन्य संभावित पर्यटन स्थलों को भी पर्यटन विभाग से मान्यता दिलाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं, ताकि पाकुड़ जिले को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने चलाया जागरूकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जागरूकता अभियान सालगाछी पंचायत में किया गया। जिसमे पंचायत के लोगो को बाल विवाह, डायन प्रथा, मोबिलीचिंग, सड़क सुरक्षा और मानव तस्करी के बारे में जानकारी दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि आप सभी अपने बच्चों को कम उम्र में शादी विवाह नही कराए कम उम्र में शादी करना अपराध है साथ ही आने वाले दिन में उनको परेशानी हो सकती है। साथ ही आज के समय मे अंधविश्वास से दूर रहे अभी डायन बिसाही का नही होता है अगर कोई ऐसा करता है तो यह भी अपराध है। इसकी सूचना थाना को दे इसके अलावे मानव तस्करी भी करना भी अपराध है, मानव तस्करी करने वाले कि सूचना भी थाना को दे इसके अलावे सड़क सुरक्षा को लेकर कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करे और जरूरी कागजात लेकर लिमिट स्पीड में वाहन चलाये ताकि किसी को कोई परेशानी नही हो सके साथ किसी भी प्रकार का कोई गतिविधि दिखे तो इसकी सूचना थाना को दे। मौके पर एसआई महेंद्र कुमार, एएसआई राजेश राम सहित गांव के लोग मौजूद थे।

## माघे पर्व 27 फरवरी को मनाने का लिया गया निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मतकमहातु और कमारहातु गांवों में संयुक्त रूप से माघे पर्व मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजित करने को लेकर रविवार को मतकमहातु गांव में दोनों गांवों के ग्रामीणों की संयुक्त ग्रामसभा बैठक हुई। बैठक में आपसी सहमति और विचार-विमर्श के बाद इस वर्ष माघे पर्व 27 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य दिउरी चंद्रमोहन देवगम ने पर्व की तिथि और उससे जुड़ी पूजा-विधि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माघे पर्व से पहले विभिन्न पारंपरिक अनुष्ठान क्रमबद्ध रूप से संपन्न होंगे। इसके तहत 18 फरवरी को बोड़ोबोंजी, 22 फरवरी को अनादेर, 23 फरवरी को गाउमहरा, 25 फरवरी को ओतेइली/गोंवाबोंगा, 26 फरवरी को गुरिः पोरोब, 27 फरवरी को मारङ पोरोब, 28 फरवरी को जातरा और 29 फरवरी को हरमगेया मनाया जाएगा। मुख्य दिउरी ने ग्रामीणों से अपील की कि माघे पर्व को पूरी शुद्धता, अनुशासन और परंपरा के अनुरूप मनाया जाए। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर दिउरियों की उपस्थिति में ही पारंपरिक माघे उच्चारण सभ्य और मर्यादित तरीके से किया जाए। साथ ही पर्व के दौरान पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के माध्यम से उल्लासपूर्वक उत्सव मनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवाओं को पर्व की परंपराओं और विधि-विधान से जोड़ने के लिए उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझें और आगे बढ़ाएं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर माघे पर्व को सफल और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। बैठक में मतकमहातु के ग्राम मुंडा धनुर्जय देवगम और कमारहातु के ग्राम मुंडा बिरसा सहित सोमय देवगम, सोनाराम देवगम, कृष्णा देवगम सहित बड़ी संख्या में दोनों गांवों के महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ड्रिंक एंड ड्राइव जागरूकता एवं जांच अभियान का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत चौथे दिन जिलेभर में ड्रिंक एंड ड्राइव जागरूकता एवं जांच अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी थाना क्षेत्रों, चौकझचौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर एक साथ संचालित किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया, ट्रक, बस एवं अन्य वाणिज्यिक वाहनों के चालकों की जांच अल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से की गई। नशे की हालत में वाहन चलाने की स्थिति पाए जाने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग द्वारा यह संदेश दिया गया कि–शराब अथवा नशे की हालत में वाहन चलाना एक दंडनीय अपराध है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा–185 के अंतर्गत इस पर 10 हजार का जुमार्ना अथवा 6 माह का कारावास का प्रावधान है। विभाग ने सभी वाहन चालकों से नियमों का कड़ाई से पालन करने एवं सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट, बुकलेट एवं हैंडबिल का वितरण किया गया तथा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिला परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और जागरूकता ही दुर्घटना रोकथाम का सबसे प्रभावी उपाय है।

### बढ़ती ठंड से राहत देने के लिए सहारनिया पहल : डॉ. मुकेश कुमार



**साहिबगंज:** बढ़ती ठंड के मध्यनजर एक सराहनीय पहल की शनिवार की देर रात साहिबगंज सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने अपने परिवार बच्चों के साथ क्षेत्र में निकले उन्होंने चौक चौराहे और सार्वजनिक स्थानों पर सर्दी से झूज रहे जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर कहा कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है उन्होंने जोड़ दिया कि यदि ईश्वर ने हमें जरूरतमंदों की मदद करने योग्य बनाया तो सभी को ऐसा नेक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। जिले भर में बढ़ रही कड़ाके की ठंड के बीच जाकर कंबल का वितरण किया। जहाँ रेलवे स्टेशन ग्रीन होटल मोड़, गांधी चौक, पूर्वी फाटक के समीप, गरीब लाचार जरूरतमंद लोगों को ठंड में बचने के लिए कंबल का वितरण किया।

### साहिबगंज की अंडर-19 की टीम गोड्डा रवाना





**साहिबगंज:** जेएससीए के तत्वाधान में 3 जनवरी से शुरू हुए अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए साहिबगंज की टीम रविवार को सड़क मार्ग से गोड्डा के लिए रवाना हो गई। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा ने बताया कि 5 जनवरी को गोड्डा में साहिबगंज का मैच गोड्डा की टीम के साथ होगा। इसके उपरांत साहिबगंज की टीम दुमका जाएगी। जहां 6 जनवरी को साहिबगंज का मैच जामताड़ा से, 7 जनवरी को साहिबगंज का मैच दुमका से एवं 8 जनवरी को साहिबगंज का मैच पाकुड़ से होगा। इधर जिला सचिव अंकुर सिन्हा, चंदन यादव व प्यूशम सिंह सहित अन्य ने बस स्टैंड पहुंच खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शुभकामना दी।

### फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**साहिबगंज:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के अंतर्गत बरहेट मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार एवं जिला परिवहन कार्यालय, साहिबगंज के सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था एवं नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। जिला सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले भर में जन–जागरूकता कार्यक्रम, रैली, प्रचार–प्रसार अभियान, हैंडबिल, पंपलेट एवं बुकलेट वितरण के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में गुड सेमैरिटन पॉलिसी (राह–वीर योजना) की जानकारी भी दी गई, जिसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले नेक नागरिक को सरकार द्वारा 25,000/– की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। आम नागरिकों से बिना किसी भय या संकोच के घायल व्यक्तियों की मदद करने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा माहझ2026 का उद्देश्य केवल दुर्घटना के आंकड़ों में कमी लाना नहीं, बल्कि लोगों में जीवन के प्रति जिम्मेदारी एवं जागरूकता की भावना विकसित करना है इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# 'पीना छोड़िए, नहाने लायक भी नहीं है सप्लाई का पानी'



## पटना में इंदौर जैसी घटना का खतरा

**पटना।** कंकड़बाग हाउसिंग कालोनी में पेयजल संकट गंभीर रूप ले चुका है। हालात ऐसे हैं कि सप्लाई का पानी पीना तो दूर, नहाने पर भी खुजली होने लगती है। और तो और कपड़े भी इस पानी से नहीं धो सकते। कालोनी के कई हिस्सों में नलों से दूषित, बदबूदार और मटमैला पानी आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जगह-जगह पाइप फटने और सीवरेज लाइन के पास से गुजरने के कारण दूषित पानी सीधे घरों तक पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब स्थिति और बिगड़ती जा रही है। दूषित पानी के कारण लोगों को बोतलबंद पानी खरीदने या दूर-दराज से साफ पानी मंगवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। लोगों को आशंका है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। कालोनीवासियों ने बताया कि कई बार नगर निगम और जलापूर्ति विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कुछ जगहों पर अस्थायी मरम्मत की गई, परंतु पाइपलाइन की जर्जर स्थिति के कारण समस्या बार-बार सामने आ रही है। नियमित सफाई और पाइपलाइन की समुचित मरम्मत नहीं होने से यह संकट उत्पन्न हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से दूषित पानी की सप्लाई बंद कर स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाए। साथ ही, क्षतिग्रस्त पाइपों को बदलकर स्थायी समाधान किया जाए।

नल से ऐसा पानी आ रहा है कि हाथ लगाते ही बदबू आती है। मजबूरी में बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। सप्लाई का पानी कपड़े धोने योग्य भी नहीं है। - अखिलेश कुमार, ए 25, हाउसिंग कालोनी, कंकड़बाग

सप्लाई से जो पानी आता है उसमें नाले का पानी मिला रहता है। पाइप की मरम्मत नहीं होने से यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस पानी का कोई इस्तेमाल नहीं हो पाता है। -ओमप्रकाश पाण्डेय, बीकर सेक्शन 4/40, हाउसिंग कालोनी, कंकड़बाग

बच्चों के लिए सबसे ज्यादा चिंता है। इस पानी से नहाने पर भी खुजली हो रही है, पीने की तो बात ही नहीं। सप्लाई भी नियमित नहीं होती है। - मनीष कुमार, 12/133, बीकर सेक्शन, कंकडबाग

कई जगह पाइप फटी हुई है और उसी से गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। पानी का इस्तेमाल नहीं कर सकते। - गगन कुमार, रेंटल फ्लैट, हाउसिंग कालोनी कपड़े धोने पर भी दाग लग जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे नाले का पानी आ रहा हो। कई जगह पाइप फटी है। प्रशासन को पाइप को बलदकर निशुल्क स्वच्छ पेयजय लोगों को उपलब्ध कराना चाहिए। - प्रभात कुमार, 11/124, बीकर सेक्शन पटना नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं मानक अनुरूप पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी अंचलों में जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है। इसके तहत कार्यपालक अभियंता, जूनियर इंजीनियर एवं जलापूर्ति शाखा के अधिकारी विभिन्न वार्डों में जाकर जल के सैंपल एकत्र कर गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद यह पाया गया है कि अधिकांश क्षेत्रों में जल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप है। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि जलापूर्ति से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या, शिकायत या संदेह की स्थिति में सीधे निगम की हेल्पलाइन 155304 पर संपर्क करें। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा समय-समय पर सर्वेक्षण कर पुराने एवं क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की पहचान की जाती है और उनका नवीनीकरण कराया जाता है।

## भागलपुर के तरैटा गांव में गहराया जल संकट



**भागलपुर।** जिले के तरैटा गांव में जल संकट उत्पन्न हो गया है। जल-नल योजना के तहत लगे बोरिंग का मोटर खराब होने से वार्ड संख्या एक में पिछले दस दिनों से पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। इससे गांव के हजारों किसान और ग्रामीण गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। घरेलू उपयोग, खेतों की सिंचाई और पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। मामला सुल्तानगंज ब्लॉक के भीरखुंद पंचायत से जुड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्रामीण गुड्डू कुमार ने बताया कि बोरिंग का मोटर 28 दिसंबर को खराब हो गया था। पहले भी मोटर खराब होने पर पंचायत के मुखिया की ओर मरम्मत कराई गई थी, लेकिन ठीक से काम नहीं होने के कारण मोटर दोबारा खराब हो गया। किसानों का कहना है कि हजारों लोग एक ही बोरिंग पर निर्भर हैं, जो अब पर्याप्त नहीं है। पानी नहीं मिलने से फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। कई ग्रामीण दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों से जल्द से जल्द खराब मोटर को बदलवाने और गांव में एक अतिरिक्त बोरिंग की व्यवस्था करने की मांग की है।

# पटना में युवक की हत्या से हड़कंप



## केस वापस नहीं लेने पर अपराधियों ने मारी गोली, विरोध में एनएच जाम

**पटना।** बाढ़ थाना क्षेत्र के जलगोविंद गांव में केस वापस लेने की धमकी के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने युवक के पेट में तीन गोलियां दाग दीं। गंभीर हालत में उसे बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जलगोविंद गांव निवासी 40 वर्षीय धर्मवीर पासवान के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि धर्मवीर पर पिछले कई दिनों से एक पुराने विवाद को लेकर स्थानीय मुखिया पति और उसके समर्थकों द्वारा केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। लगातार मिल रही धमकियों से वह मानसिक रूप से परेशान था।परिजनों के अनुसार शनिवार रात कुछ दबंग लोग धर्मवीर के पास पहुंचे और एक बार फिर केस वापस लेने की धमकी दी। धर्मवीर ने सुबह इस पर बात करने की बात कही, जिससे गुस्साए अपराधियों ने मौके पर ही उसके पेट में तीन गोलियां मार दीं। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। गांव के लोग आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे पीएमसीएच रेफर किया गया। पीएमसीएच में इलाज के दौरान देर रात धर्मवीर की मौत हो गई।इधर, रविवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद करीब तीन घंटे तक शव वाहन उपलब्ध नहीं होने से शव अस्पताल परिसर में पड़ा रहा। इससे आक्रोशित परिजनों ने शव को एनएच-31 पर रखकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने में जुट गई। घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है। परिजन इस हत्या के लिए गांव के ही कुछ दबंग लोगों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

## दुर्घटना में आने से महिला की मौत

**नवादा।** महिला को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना हिसुआ-गया जी रोड पर हुई। मृतका की पहचान गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के रिवाल गांव निवासी सत्येंद्र शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। मृतका के भाई प्रिंस कुमार ने बताया कि सोनी देवी अपनी बच्ची की दवा लेने के लिए हिसुआ आ रही थीं। वह अपने भाई की बाइक पर पीछे बैठी थीं, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर सीधे महिला के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे भाई को हल्की चोटें आईं।

## संक्षिप्त डायरी

### समस्तीपुर में बूढ़ी गंडक पर बनेगा दूसरा पुल, 75 साल पुराने लोहे के ब्रिज को तोड़ने की शुरूआत



**समस्तीपुर।** शहर के बीचों-बीच से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी पर दूसरे पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्ष 1951 में बने 75 साल पुराने लोहे के पुल को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी स्थान पर 48 करोड़ रुपये की लागत से नया पुल बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई 176 मीटर होगी। यह पुल समस्तीपुर और दरभंगा जिले को जोड़ने वाली लाइफलाइन माना जाता है। नए पुल के निर्माण से मगरदही घाट (लचका पुल) पर लगने वाले लगातार जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताया गया है कि पुल निर्माण में लगभग तीन वर्ष का समय लगेगा। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान समस्तीपुर पहुंचकर इस पुल का जायजा लिया था और दूसरे पुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। बाद में राज्य मंत्रिमंडल से भी इसे मंजूरी मिल गई थी। इसके बाद से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही नया पुल बनकर तैयार होगा।वर्तमान में केवल एक ही पुल होने के कारण दोनों ओर अक्सर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। मगरदही घाट पर लगातार जाम लगने से सड़क हादसों की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। प्रस्तावित योजना के तहत मगरदही घाट पर एक बड़ा गोलंबर भी बनाया जाएगा, जिससे न केवल जाम की समस्या दूर होगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने दूसरे पुल के निर्माण की स्वीकृति दी थी। उसी के तहत पुराने लोहे के पुल को तोड़ा जा रहा है, जिसके बाद नए पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मुंगेर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार शाम हुए दो सड़क हादसों में एक युवक और एक वृद्ध की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में शोक का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी भगतचौकी के पास बरियारपुरझमुंगेर एनएच-80 पर शनिवार शाम करीब 6.30 बजे हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक हरिओम कुमार (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान शामपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मण टोला सठबिग्घी निवासी दशरथ मंडल के पुत्र हरिओम कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हरिओम बाइक से मुंगेर की ओर जा रहा था, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसके जबड़े में गंभीर चोट आई।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों और पुलिस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल, मुंगेर भेजा गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी शुरू की, लेकिन इसी दौरान युवक की मौत हो गई।

# आगरा से देवघर जा रही बस की जमुई में ट्रक से टक्कर



**जमुई।** खैरा बाजार में रविवार सुबह आगरा के तीर्थ यात्रियों से भरी एक बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। बस की सामने से आ रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी यात्री की जान नहीं गई। हालांकि कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं, जिनका इलाज खैरा स्थित अस्पताल में कराया जा रहा है। टक्कर के बाद बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार सभी 55 यात्री उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के रहने वाले हैं। ये सभी गया होते हुए देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन के लिए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय खैरा बाजार और आसपास के इलाके में घना कोहरा छाया हुआ था। इसी कारण ट्रक की लाइट और इंडिकेटर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दिए और बस उससे टकरा गई।बस में सवार तीर्थ यात्री भीमसेन ने बताया कि टक्कर अचानक हुई और यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई। बस चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि यदि बस आगे बढ़ जाती तो बाजार की दुकानों और राहगीरों को भी नुकसान हो सकता था। सूचना मिलने पर खैरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बस को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था कर दी गई है।

# भूमि विवाद ने ले लिया हिंसक रूप, पुलिसकर्मी घायल, प्रशासन ने 14 उपद्रवियों को दबोचा



**पश्चिम चंपारण।** जिले के बेतिया जिला, लौरिया थाना क्षेत्र के दूबवौलिया गांव में शनिवार को भूमि विवाद उस समय हिंसक रूप ले गया, जब प्रशासन न्यायालय के आदेश के अनुसार सीमांकन और आंशिक बेदखली की कार्रवाई करने पहुंचा। देखते ही देखते सरकारी कार्रवाई तनावपूर्ण संघर्ष में बदल गई।सूत्रों के अनुसार, 03 जनवरी 2026 को भूमि सुधार उपसमाहरता, नरकटियागंज पश्चिम चंपारण के न्यायालय से पारित आदेश बी.एल.डी.आर. वाद संख्या 109/25-26 (मनोज कुमार जायसवाल बनाम बंसराज राम) के अनुपालन में अंचल अधिकारी लौरिया को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में पुलिस बल दूबवौलिया गांव पहुंचा, जहां विवादित भूमि का सीमांकन कर आंशिक बेदखली के तहत कब्जा दिलाया जाना था। लेकिन जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, बंसराज राम के पक्ष के लोग विरोध करने लगे। विरोध तेजी से उग्र हो गया और भीड़ ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और जवानों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। इस हिंसक झड़प में अंचल अधिकारी लौरिया समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। झड़प के दौरान उपद्रवियों ने विवादित भूमि पर बनी एक झोंपड़ी में आग लगा दी, जिससे हालात और बिगड़ गए। आगजनी की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल फैल गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुल 14 लोगों को, महिला और पुरुष, मौके से गिरफ्तार कर लिया। अंचल अधिकारी लौरिया के बयान के आधार पर बंसराज राम सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि फिलहाल दूबवौलिया गांव में स्थिति नियंत्रण में है, शांति व्यवस्था कायम है और विधि-व्यवस्था सामान्य है। एहतियातन इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने साफ किया कि सरकारी कार्य में बाधा, हिंसा और आगजनी जैसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि भूमि विवाद प्रशासनिक कार्रवाई को हिंसा में बदल सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 17 दिसंबर को भी अंचल प्रशासन की टीम पैमाइश के लिए दूबवौलिया गई थी, लेकिन उस दिन भी विरोध के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा था। पुलिस प्रशासन की तत्परता और सख्त कार्रवाई ने समय रहते हालात को नियंत्रण में लाकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सफलता हासिल की है।

# फर्जी सिम के जरिए साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो सगे भाई गिरफ्तार



**पूर्णिया।** पुलिस की साइबर सेल और जिला आसूचना इकाई ने संयुक्त अभियान चलाकर फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टिवेट कर साइबर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो पीओएस (POS) एजेंटों को गिरफ्तार किया है, जो आपस में सगे भाई हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से ठगी में प्रयुक्त तकनीकी साक्ष्य भी बरामद किए हैं। इस पूरे मामले का खुलासा उस समय हुआ जब स्थानीय न्यायालय में कार्यरत राहुल कुमार ने साइबर थाना पूर्णिया में प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़ित के अनुसार, एक अज्ञात मोबाइल धारक ने उन्हें झांसे में लेकर उनके बैंक खाते से 20 हजार रुपये की ठगी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर साइबर डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी अनुसंधान शुरू किया, जिसमें ठगी में प्रयुक्त सिम कार्ड का संबंध अररिया से जुड़ा पाया गया। जांच के क्रम में पुलिस जब अररिया निवासी सिम कार्ड धारक चंद्रपाल मुखिया के पास पहुंची, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पूछताछ में सामने आया कि चंद्रपाल मुखिया स्वयं भी धोखाधड़ी का शिकार हुआ था। जांच में पता चला कि बनमनखी थाना क्षेत्र के रसाढ़ गांव निवासी दो भाइयों संतोष कुमार और रितेश कुमार ने सिम पोर्ट करने के बहाने चंद्रपाल को गुमराह किया और उसके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर एक अतिरिक्त सिम कार्ड निकलवा लिया। इसी फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल कर राहुल कुमार से साइबर ठगी की गई थी। पुलिस टीम ने शनिवार को रसाढ़ गांव में घेराबंदी कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे भोले-भाले लोगों के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट करते थे और उन्हें साइबर अपराधियों को बेच देते थे।

# बिहार में 3 डिग्री गिरेगा तापमान,10 जनवरी तक राहत नहीं

## गोपालगंज में बुजुर्ग की झुलसने से मौत, हार्ट पेशेंट बढ़े, 3 दिन में 25 मौतें



**पटना।** बिहार इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने आज यानी रविवार को राज्य के सभी 38 जिलों में घना कोहरा और कोल्ड डे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पटना का न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3.6 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया। पटना राज्य में सबसे ठंडा रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान डेहरी और बांका में 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां का न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी। धीरे-धीरे शीतलहर चलना शुरू होगा। इससे ठिठुरन और बढ़ेगी। दस जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। जमुई के खैरा बाजार में रविवार सुबह एक बस और ट्रक की टक्कर हो गई। यह बस तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। हादसे के बाद सभी सुरक्षित हैं। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं गोपालगंज में शनिवार की रात आग में झुलसने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुदर राय(74) के रूप में हुई है।कड़ाके की ठंड और शीतलहर से बचने के लिए गुदर राय ने अपने कमरे में आग जलाई थी। शरीर को गर्म करने के बाद, उन्होंने जलती हुई आग को अपनी खटिया के नीचे रख दिया और सो गए। अचानक खटिया में आग लग गई और गुदर राय की झुलसने से मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, ऊपरी हिमालय क्षेत्र में हो रही बर्फबारी और राजस्थान की ओर से आ रही ठंडी पछुआ हवा का सीधा असर बिहार के मौसम पर पड़ रहा है। इन सर्द हवा के कारण राज्य के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हवा की रफ्तार तेज होने से ठंड बढ़ गई है, जिससे लोगों को घरों से बाहर निकलने में काफी परेशानी हो रही है। पटना जिला ठंड की चपेट में है। शनिवार को धूप नहीं निकलने और तेज ठंडी चलने से पटना का अधिकतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस तक घट गया। शुक्रवार को पटना का अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस था जो शनिवार को घटकर 14.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पटना का न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3.6 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया। पटना राज्य में सबसे ठंडा रहा। आम लोगों को घर से बाहर निकला मुश्किल हो गया। बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं। डीएम डॉ.त्यागराजन एसएम ने जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में चलने वाली 8वीं तक की कक्षाओं को 8 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। इसमें प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल है। राजधानी पटना में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। दिनभर ठंडी हवाएं चलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। लोग अलाव, हीटर और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग ने पटना में भी अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के हालात बने रहने की चेतावनी दी है।

# हर हिंदू के पांच नित्य कर्तव्य



हिन्दू धर्म में पंच नित्य कर्म का उल्लेख मिलता है जिन्हें हर हिंदू के पांच नित्य कर्तव्य कहा जाता है। उक्त पंच कर्म की उपयोगिता वैदिक काल से बनी हुई है। इस पंच नित्य कर्म का सभी धर्म पालन करते हैं। कर्तव्यों का विशद विवेचन धर्मसूत्रों तथा स्मृतिग्रंथों में मिलता है। ये पांच कर्म है-1. संध्योपासन, 2. उत्सव, 3. तीर्थ, 4. संस्कार और 5. धर्म।

## संध्योपासन

संध्योपासन अर्थात् संध्या वंदन। मुख्य संधि पांच वक्त की होती है जिसमें से प्रातः और संध्या की संधि का महत्व ज्यादा है। संध्या वंदन को छोड़कर जो मनमानी पूजा-आरती आदि करते हैं उनका कोई धार्मिक महत्व नहीं। संध्या वंदन प्रतिदिन करना जरूरी है। संध्या वंदन के दो तरीके- प्रार्थना और ध्यान।

**संध्या वंदन के लाभ** - प्रतिदिन संध्या वंदन करने से जहां हमारे भीतर की नकारात्मकता का निकास होता है वहीं हमारे जीवन में सदा शुभ और लाभ होता रहता है। इससे जीवन में किसी प्रकार का भी दुख और दर्द नहीं रहता।

## उत्सव

उन त्यौहार, पर्व या उत्सव को मनाने का महत्व अधिक है जिनकी उत्पत्ति स्थानीय परम्परा या संस्कृति से न होकर जिनका उल्लेख धर्मग्रंथों में मिलता है। मनमाने त्यौहारों को मनाने से धर्म की हानि होती है। संक्रांतियों को मनाने का महत्व ही ज्यादा है। एकादशी पर उपवास करना और साथ ही त्यौहारों के दौरान मंदिर जाना भी उत्सव के अंतर्गत ही है।

**उत्सव का लाभ** - उत्सव से संस्कार, एकता और उत्साह का विकास होता है। पारिवारिक और सामाजिक एकता के लिए उत्सव जरूरी है। पवित्र दिन और उत्सवों में बच्चों के शामिल होने से उनमें संस्कार का निर्माण होता है वहीं उनके जीवन में उत्साह बढ़ता है। जीवन के महत्वपूर्ण अवसरों, एकादशी व्रतों की पूर्ति तथा सूर्य संक्रांतियों के दिनों में उत्सव मनाया जाना चाहिए।

## तीर्थ

तीर्थ और तीर्थयात्रा का बहुत पुण्य है। कौन-सा है एक मात्र तीर्थ? तीर्थाटन का समय क्या है? जो मनमाने तीर्थ और तीर्थ पर जाने के समय हैं उनकी यात्रा का सनातन धर्म से कोई संबंध नहीं। अयोध्या, काशी, मथुरा, चार धाम और कैलाश में कैलाश की महिमा ही अधिक है।

**लाभ** - तीर्थ से ही वैराग्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। तीर्थ से विचार और अनुभवों को विस्तार मिलता है। तीर्थ यात्रा से जीवन को समझने में लाभ मिलता है। बच्चों को पवित्र स्थलों एवं मंदिरों की तीर्थ यात्रा का महत्व बताना चाहिए।

## संस्कार

संस्कारों के प्रमुख प्रकार सोलह बताए गए हैं जिनका पालन करना हर हिंदू का कर्तव्य है। इन संस्कारों के नाम है-गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, मुंडन, कर्णवेधन, विद्यारंभ, उपनयन, वेदारंभ, केशांत, सम्वर्तन, विवाह और अंत्येष्टि। प्रत्येक हिन्दू को उक्त संस्कार को अच्छे से नियमपूर्वक करना चाहिए। यह हमारे सभ्य और हिन्दू होने की निशानी है।

लाभ - संस्कार हमें सभ्य बनाते हैं। संस्कारों से ही हमारी पहचान है। संस्कार से जीवन में पवित्रता, सुख, शांति और समृद्धि का विकास होता है। संस्कार विरूद्ध कर्म करना जंगली मानव की निशानी है।

## धर्म

धर्म का अर्थ यह कि हम ऐसा कार्य करें जिससे हमारे मन और मस्तिष्क को शांति मिले और हम मोक्ष का द्वार खोल पाएं। ऐसा कार्य जिससे परिवार, समाज, राष्ट्र और स्वयं को लाभ मिले। धर्म को पांच तरीके से साधा जा सकता है- 1. व्रत, 2. सेवा, 3. दान, 4. यज्ञ और 5. धर्म प्रचार। यज्ञ के अंतर्गत वेदाध्ययन आता है जिसके अंतर्गत छह शिक्षा (वेदांग, सांख्य, योग, निरुक्त, व्याकरण और छंद), और छह दर्शन (न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, सांख्य, वेदांत और योग) को जानने से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**लाभ** - व्रत से मन और मस्तिष्क जहां सुदृढ़ बनता है वहीं शरीर स्वस्थ और बलवान बना रहता है। दान से पुण्य मिलता है और व्यर्थ की आसक्ति हटती है जिससे मृत्युकाल में लाभ मिलता है। सेवा से मन को जहां शांति मिलती है वहीं धर्म की सेवा भी होती है। सेवा का कार्य ही धर्म है। यज्ञ है हमारे कर्तव्य जिससे ऋषि ऋण, देव ऋण, पितृ ऋण, धर्म ऋण, प्रकृति ऋण और मातृ ऋण समाप्त होता है।

# ऐसी वस्तुओं को नदी में बहा देना ही शुभ है क्योंकि...

पूजा रूम से हटाया गया कोई भी सामान चाहे वह मूर्ति हो, पितृ को या भगवान को उपले पर लगाए गए भोग की राख हो या फूल घर के किसी और जगह पर ना रखें। ऐसी वस्तुओं को किसी नदी में प्रवाहित कर देना शुभ होता है लेकिन ये बहुत कम लोग जानते हैं कि इन सभी चीजों को पूजास्थल से हटाने के बाद घर में क्यों नहीं रखना चाहिए?

दरअसल ताजे फूलों को पूजा में हमेशा रखा जाता है। इसका कारण यह है कि फूल की खुश्बू और सुन्दरता पूजन करने वाले के मन को सुन्दरता और शांति का एहसास दिलवाती है। ऐसा माना जाता है कि जब पूजा में इनका उपयोग किया जाता है, तो फूल अद्भुत ऊर्जा का सृजन पूरे घर में करते हैं और इससे घर में खुशियों का आगमन होता है। जबकि इसके विपरित मुरझाये फूल मृत्यु के सूचक माने जाते हैं। साथ ही हमेशा पूजन आदि कर्म करते समय यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि घर में किसी तरह की खंडित मूर्ति नहीं रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार खंडित मूर्ति की पूजा को अपशकुन माना गया है। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मूर्ति के पूजन से अशुभ फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि प्रतिमा पूजा करते समय भक्त का पूर्ण ध्यान भगवान और उनके स्वरूप की ओर ही होता है। अतः ऐसे में यदि प्रतिमा खंडित होगी तो भक्त का सारा ध्यान उस मूर्ति के उस खंडित हिस्से पर चले जाएगा और वह पूजा में मन नहीं लगा सकेगा। इसके अलावा पितृ या भगवान को उपले पर लगाए गए भोग की राख को भी घर में रखना शुभ नहीं माना जाता है। तीनों बातों के पीछे का कारण वास्तु से ही जुड़ा है। वास्तु के अनुसार इन तीनों ही चीजों का घर में रखने पर घर की सकारात्मक ऊर्जा का स्तर कम होने लगता है व नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है। इसलिए इन्हें तुरंत ही नदी में प्रवाहित कर देना चाहिए।



# श्रीमहेश्वर हनुमान भक्तों पर मेहरबान



हरि के प्रदेश हरियाणा में सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाती है। समय-समय पर यहां ऋषि-मुनियों ने तप किया और उनके अनन्य भक्तों ने उनके धार्मिक स्थलों का निर्माण करवाया। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में यह वर्णित है कि समस्त भारतवर्ष में लगभग 33 करोड़ देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाती है। कलयुग में पवनपुत्र हनुमान, मां भगवती और शिवशंकर भोलेनाथ की विशेष रूप से आराधना की जाती है। हरियाणा में स्थित इनके धार्मिक स्थल हरियाणावासियों की इनके प्रति अगाध आस्था को परिलक्षित करते हैं। हरियाणा की पावन धरा पर पवनपुत्र हनुमान के भी असंख्य मंदिर बने हैं। यहां शायद ही कोई ऐसा गांव या शहर होगा जहां हनुमान मंदिर न हो।

हरियाणा में स्थित कुछ हनुमान मंदिर तो प्राचीन हैं और कुछ का निर्माण अभी हो रहा है या कुछ समय पूर्व पूरा हुआ है। श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर भी इनमें शुमार है जिसका निर्माण हनुमान भक्त ओमप्रकाश खुराना ने अपने बेटे महेश खुराना की याद में करवाया था। यह मंदिर कुरुक्षेत्र के सेक्टर-13 में कांग्रेस भवन के पास स्थित है। मंदिर का भवन बहुत सुंदर है। इस मंदिर का विधिवत उद्‌घाटन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने किया था। वर्ष 2010 में इस हनुमान मंदिर में शिव परिवार, शिवलिंग तथा मां भगवती की मूर्तियों की स्थापना की गई थी। इस मंदिर में मुख्य मूर्ति पवनपुत्र हनुमान की है जो लगभग आठ फुट ऊंची अत्यंत सुंदर और तेजस्वी है। मंदिर के नीचे बेसमेंट है जहां लंगर का प्रबंध किया जाता है। मंदिर में सभी उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते हैं। पवनपुत्र हनुमान को बजरंग बली के साथ-साथ रामसेवक भी कहा जाता है, इसलिए श्रद्धालुओं का मानना है कि पवनपुत्र अपने भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर आशीर्वाद रूप में उनकी भी सेवा ही करते हैं। जो व्यक्ति इनको अपना आराध्य मानकर सच्ची लगन से इनकी भक्ति करता है उसका साथ ये सदैव देते हैं। रूद्रावतार हनुमान अष्ट सिद्धि एवं नव निधि के दाता हैं। अतः श्रद्धालुओं का मानना है कि हनुमान की उपासना जीवन में सफलता दिलाने वाली है, इसलिए जब भी कोई व्यक्ति अपने कर्तव्यों व मार्ग से भटक जाता है तो उसको हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। हनुमान की उपासना करने से कई प्रकार की बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। श्रद्धालुओं का यह मानना है कि शनिदेव भी हनुमान भक्त का हर मुश्किल घड़ी में पूरा साथ देते हैं। श्रद्धालुओं के साथ पवनपुत्र हनुमान के अलावा शनिदेव का आशीर्वाद सदैव रहता है।

मंदिर में बना हाल इतना सुंदर है कि देखने वाला इसे अपलक देखता रह जाता है। भारतवर्ष के विभिन्न भागों से आए कथा वाचक यहां पर कथा का वाचन कर चुके हैं जिनमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, राजेंद्र पराशर, स्वामी विशेश्वरी देवी, स्वामी ज्ञानेश्वरी देवी, स्वामी चितम्बा और पंडित कृष्ण चंद ठाकुर पटौदीवाले प्रमुखता से शामिल हैं। इसके अलावा मंदिर के बेसमेंट में आर्ट ऑफ लिविंग के कई शिविर लग चुके हैं। इस हाल का इस्तेमाल जनकल्याण कार्यों के लिए किया जाता है।

नवरात्रों में हजारों श्रद्धालु यहां आकर मां भगवती की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालु दुर्गा सप्तशती के पाठ के अलावा शाम को मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते हैं। इसी तरह शिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लाकर भोलेनाथ का अभिषेक करते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। मंगलवार के दिन तो यहां लंबी-लंबी कतार लग जाती हैं। इस दिन यहां दूर-दूर से श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने आते हैं। हर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ व कीर्तन भी किया जाता है। हर वर्ष मंदिर का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक और गायक बुलाए जाते हैं और सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें शहर से असंख्य श्रद्धालु शिरकत करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। मंदिर के संरक्षक ओमप्रकाश खुराना तथा उनकी सहयोगी टीम के सदस्यों के सहयोग से मंदिर का प्रबंधन सुंदर ढंग से चल रहा है। मंदिर में स्थापित पवनपुत्र के मुंह बोलते विग्रह को देखकर हर कोई सहज ही नतमस्तक हो जाता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि पवनपुत्र हनुमान की उपासना शीघ्र फलदायी है।

# टी 20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेशी टीम

## -आईपीएल विवाद के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का फैसला

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेलने के लिए भारत नहीं जाएगी। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है। नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बैठक के बाद इस बात का फैसला लिया है। अब इंतजार इस बात का है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का इस मुद्दे पर क्या रुख होता है क्योंकि इस बड़े इवेंट के लिए शेड्यूल वगैरह तो आईसीसी ही तैयार करती है।

आसिफ नजरुल ने फेसबुक पर लिखा कि बांग्लादेश विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह फैसला लिया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं, जो इंडियन क्रिकेट बोर्ड की आक्रामक सांप्रदायिक नीतियों के जवाब में लिया गया है। बीसीबी का ये फैसला बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर करने के बाद लिया गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि वो मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दे। केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देशों का पालन करते हुए मुस्ताफिजुर को रिलीज कर दिया था।

### मुस्ताफिजुर को रिलीज करने के बाद हुआ बवाल

कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्ताफिजुर रहमान को पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। भारत के कुछ धार्मिक और राजनीतिक संगठनों की ओर से बांग्लादेशी खिलाड़ी के आईपीएल में खेलने पर सवाल उठाए गए,जिसके बाद बीसीसीआई ने बड़ा निर्णय लिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 2026 के लिए अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज़ भी शामिल है। यह सीरीज पहले 2025 में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेले जाने निर्धारित हैं। निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक टीम को अपना पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। हालांकि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इन मुकाबलों के स्थान को लेकर अब असमंजस की स्थिति बन गई है।




# चोट से रिकवर कर मैदान में उतरने को तैयार अय्यर... 6 जनवरी को हिमाचल के खिलाफ मैच



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट से रिकवरी के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने को तैयार हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। अय्यर 6 जनवरी को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेलने वाले है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अय्यर को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से कुछ शर्तों के साथ खेलने की मंजूरी मिली है। अय्यर ने अपने रिहैबिलिटेशन के आखिरी दौर के लिए सीओई में 10 दिन बिताए। रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल के तहत, अय्यर ने 2 जनवरी को एक प्रैक्टिस मैच भी खेला। इस प्रैक्टिस मैच के दौरान अय्यर को किसी तरह की तकलीफ महसूस नहीं हुई।

विजय हजारे ट्रॉफी में अय्यर का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने साल 2024 में कर्नाटक के विरुद्ध 50 गेंदों में 114 रन की पारी खेली थी। अय्यर ने प्रमुख घरेलू वनडे प्रतियोगिता में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। वह पिछले सीजन 5 मुकाबलों में 325 रन बनाकर मुंबई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने है।

बात दें कि अय्यर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के तीसरे वनडे के दौरान गंभीर चोट लगी थी। कैच लेने की कोशिश में अय्यर अपना संतुलन खो बैठे और पसलियों के बल मैदान पर गिर पड़े। इससे उनकी स्प्लीन में गंभीर चोट आई और अंदरूनी ब्लीडिंग भी हुई। इसके बाद से अय्यर क्रिकेट मैदान से दूर हैं।

न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम शनिवार को चुनी जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि चयनकर्ता उन्हें सीधे इंटरनेशनल मुकाबलों के लिए चुने सकते हैं या फिर पहले उन्हें घरेलू प्रतियोगिता में परखना चाहते है।

# डेविड वॉर्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की ओर से खेली शतकीय बारी

## -टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर इस समय बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए खेल रहे हैं। बीबीएल 2025-26 के 21वें मैच में सिडनी थंडर्स का मुकाबला होबार्ट हरिकेंस के साथ हुआ। इस मैच में वॉर्नर ने सिडनी के लिए रिकॉर्ड शतकीय पारी खेली। सिडनी के लिए वॉर्नर ने मैच में नाबाद 130 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले वॉर्नर ने बीबीएल में आखिरी बार 2011 में शतक लगाया था। इस तरह उन्होंने बीबीएल में 14 साल के सूखे को खत्म किया। इस शतकीय पारी के साथ ही वॉर्नर ने टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के एक बड़े रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। टी20 फॉर्मेट में वॉर्नर का ये 9वां शतक था। वॉर्नर ने अपनी 428वीं पारी में ये कारनामा किया, जबकि कोहली ने 397वीं पारी में 9वीं टी20 सेंचुरी लगाई थी। टी20 में क्रिस गेल 22 सेंचुरी के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम 11 टी20 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ डेविड वॉर्नर ने शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम को जीत नहीं मिल सकी। मुकाबले में सिडनी की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी थी। बैटिंग में टीम की शुरुआत खराब हुई और उसने बिना कोई रन बनाए अपने 2 विकेट गंवा दिए, फिर वॉर्नर ने अकेले मोर्चा संभालाते हुए निक मेडिसन, सैम बिलिंग्स और डेनियल सम्स के साथ मिलकर स्कोर को 20 ओवर के खेल में 4 विकेट के नुकसान पर 204 रन तक पहुंचाया। सिडनी के इस स्कोर के जवाब में होबार्ट की शुरुआत बहुत ही शानदार रही थी। पारी की शुरुआत करने आए टिम वार्ड और मिचेल ओवेन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रनों की पार्टनरशिप की। टिम वार्ड ने होबार्ट के लिए 90 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा मिचेल ओवेन ने 45 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर के खिलाड़ियों ने 17.5 ओवर में टीम के स्कोर को 207 रन पहुंचाकर होबार्ट को 6 विकेट से जीत दिलाई।

# खराब शुरुआत के बावजूद रूट और ब्रूक की अर्धशतकीय पारी से संभाली इंग्लैंड की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर हो रहे एशेज 2025-26 के पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद मैंच पर मजबूत पकड़ बना ली। जो रूट और हैरी ब्रूक की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को संभाल लिया है। बारिश और खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा और केवल 45 ओवर ही फेंके जा सके। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए झाय रिचर्डसन की जगह ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया। वहीं, स्पिनर टॉड मर्फी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि पिच से स्पिनरों को मदद नहीं मिलने की वजह से यह फैसला लिया। दूसरी ओर, इंग्लैंड को मजबूरन एक बदलाव करना पड़ा और चोटिल गस एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल करना पड़ा। इंग्लैंड की शुरुआत फिर निराशाजनक रही। बेन डकेट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर मिचेल स्टार्क के एक ओवर में लगातार दो चौके लगाए, लेकिन 24 गेंदों में 27 रन बना विकेट के पीछे कैच दे बैठे। इसके बाद माइकल नेसर ने जैक क्रॉली को 29 गेंदों में 16 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल को 23 गेंदों में 10 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड ने 13 ओवर में 57 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गंवा दिए।

इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने नई गेंद को संभालते हुए पारी को स्थिर किया। लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 114/3 था। कैमरन ग्रीन पहले सत्र में प्रभावी साबित नहीं हुए। 34वें ओवर में दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए–रूट ने 65 गेंदों में और ब्रूक ने 63 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। ग्रीन के एक ओवर में ब्रूक ने टेस्ट का पहला छक्का भी लगाया। 45 ओवर के बाद अंपायरों ने लाइट मीटर निकाला और खराब रोशनी के चलते खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद बारिश के कारण खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 211/3 था। जो रूट 103 गेंदों में 72 रन (8 चौके) और हैरी ब्रूक 92 गेंदों में 78 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाकर नाबाद लौटे।



# तेज गेंदबाज मयंक यादव ने शुरु की गेंदबाजी, लखनऊ सुपर जायंट्स को मिली राहत

नई दिल्ली ।लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अब तेजी से फिटनेस हासिल कर रहे हैं।मयंक पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फैक्चर के कारण तकरीबन एक साल से मैदान से बाहर थे।अब उन्होंने अभ्यास शुरु कर दिया है।23 साल के मयंक ने पहले ही सत्र में अपनी तेज रफ्तार से सबका ध्यान खींचा था।मयंक इसके बाद पीठ की चोट के कारण 2025 सत्र में केवल दो ही मुकाबले खेल पाये थे।लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने के बाद भी इस गेंदबाज को रिटेन किया है।वहीं एक बोर्ड अधिकारी ने कहा, मयंक अपने रिहैबिलिटेशन में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और उन्होंने तेजी से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है।इस अधिकारी ने साथ ही कहा, उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग में भी काफी बेहतर किया है, जिससे वह तेज गेंदबाजी के लिए पूरी फिटनेस हासिल करने के करीब है।उम्मीद है कि आने वाले समय में वह 100 फीसदी तेजी से गेंदबाजी कर पायेंगे।



# अभी रोहित और विराट को खेलते हुए देखना चाहते हैं इरफान पठान



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि वह रोहित शर्मा और विराट कोहली को अभी खेलते हुए देखना चाहते हैं।वहीं पठान ने रोहित और कोहली के पुरुष विश्व कप 2027 में खेलने की संभावनाओं को लेकर कहा, आप निश्चित रूप से 2027 एकदिवसीय विश्वकप कप के बारे में उनको खेलते देखना चाहेंगे हालांकि अभी इसमें काफी समय है । इसलिए अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता है पर जहां तक मेरी बात है मैं बस रोहित और कोहली दोनों को लंबे समय तक भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलते हुए देखना चाहता हूं।साथ ही कहा कि अभी ये दोनो ही केवल एक प्रारुप में खेल रहे हैं।इसलिए वे जितना ज्यादा खेलेंगे, उतना ही उनके लिए अच्छा रहेगा।वहीं पठान ने एकदिवसीय टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की भी प्रशंसा करते हुए कहा, जब मुझे पहली बार 19 साल की उम्र में चुना गया था, तो द्रविड़ ने कहा था, इरफान, यह अच्छी बात है कि तुम इस लेवल तक पहुंच गए हो, लेकिन अब चीजें और कठिन होंगी।जब मैंने उनसे पूछा कि अगर चीजें मुश्किल हो जाएं तो मुझे क्या करना चाहिए? उन्होंने जवाब दिया, तुम्हें इसे संभालना आ जाएगा और ऐसा ही कुछ शुभमन गिल के साथ भी होगा।इंग्लैंड दौरे पर शुभमन के साथ एक अच्छी बात यह हुई कि उनका टेस्ट एवरेज बेहतर हुआ और टीम पर उनका दबदबा भी बढ़ा।अब वनडे में भी उन पर जिम्मेदारी है और यह उनके लिए आगे बढ़ने का एक बड़ा मौका है। वहीं शुभमन की तुलना विराट कोहली से किए जाने पर पठान ने कहा,वह बहुत प्रतिभाशाली है इसलिए तुलना होगी ही।ये वैसे ही है जैसे पहले विराट कोहली की सचिन तेंदुलकर से तुलना की जाती थी।इसलिए इसमें कुछ अलग नहीं है पर शुभमन को लगातार रन बनाकर विराट से तुलना को सही साबित करना होगा।

# टी20 में बेहतर संतुलन के लिए गेंदबाजों को पांच ओवर दें : टॉफेल

**सिडनी (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंपायर साइमन टॉफेल ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को चार ओवर की जगह पर पांच ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। टॉफेल के अनुसार इससे गेंद और बल्ले के बीच बेहतर संतुलन रहेगा। आजकल अधिकतर मैचों में बल्लेबाज हावी रहते हैं जिससे काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं। वर्तमान में एक गेंदबाज टी20 प्रारुप में केवल चार ओवर ही कर सकता है पर टॉफेल का मानना है कि अगर गेंदबाज को पांच ओवर दिये जायं तो खेल की रणनीति बदल जाएगी।

इस अंपायर ने कहा , 'मैंने कुछ अलग-अलग लीग को कुछ अपनी ओर से कई सुझाव दिए हैं, जिन पर अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है। मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट को रोमांचक बनाने के पक्ष में हूं इसलिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में एक समान हालात चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज पांचवां ओवर भी फेंके। अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से लेकर अंत गेंद तक पूरी पारी में क्रीज पर रह सकता है तो फिर हम सभी गेंदबाजों को चार ओवर तक ही क्यों सीमित किया जार रहा है।

टॉफेल ने कहा, 'क्या हम किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दे सकते हैं जिससे बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी हो सकेगी। मैं केवल मैच में संतुलन चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में शामिल किये गये इम्पैक्ट प्लेयर नियम और रणनीतिक टाइमआउट को सही नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, 'सभी बदलाव अच्छे नहीं होते। हम केवल बाजार के अनुसार चीजे नहीं बदल सकते। हमें खेल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होता है। वहीं आईएलटी20 में सुपर सब होता है।



# छेत्री सहित भारतीय फुटबॉलरों ने फीफा से की अपील, आईसीएल निलंबित होने से परेशानी में हैं खिलाड़ी



कोलकाता ।भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कहा है कि आज देश का फुटबॉल जगत बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। छेत्री के अनुसार इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) को निलंबित किये जाने के बाद से ही खेल मुश्किल में है।ऐसे में भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए विश्व फुटबॉल महासंघ (फीफा) को कदम उठाने चाहिये।आईएसएल के निलंबन के बाद से ही नये सत्र की शुरुआत नहीं हो पायी है। इससे खिलाड़ी आर्थिक संकटों से भी जूझ रहे हैं।खिलाड़ियों के साथ ही क्लब भी संश में हैं।खिलाड़ियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। इससे खिलाड़ियों का करियर भी संकट में है। छेत्री के साथ ही गुरप्रीत सिंह संधू, संदेश झिंगन सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी कहा कि आईएसएल को शीघ्र बहाल किया जाना चाहिये।खिलाड़ियों ने कहा कि भारतीय फुटबॉल इस समय ऐसे ठहराव में फंसा है, जहां आगे की राह नहीं दिख रही है।वहीं संधू ने कहा कि साल की शुरुआत में खिलाड़ियों को आईएसएल खेनना चाहिये था पर वह अभी तक संशय में हैं।इस मामले में खिलाड़ियों ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा से सीधे हस्तक्षेप की अपील की है।।छेत्री ने कहा कि खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, क्लब मालिक और प्रशंसक सभी स्पष्टता, सुरक्षा और सबसे अहम एक सुरक्षित भविष्य के अधिकारी हैं।गौरतलब है कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर समझौता 8 दिसंबर को समाप्त हो गया था, जिसके बाद जुलाई से ही 2025-26 सीजन को रोक दिया गया।

# अभी संन्यास लेने का इरादा नहीं : स्मिथ



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि अभी वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनका निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है। स्मिथ ने अबत एशेज सीरी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। नियमित कप्तान पीट कमिंस के बाहर होने से वह कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। स्मिथ के अनुसा अभी वह फिट हैं और लंबे समय तक टीम के लिए खेल सकते हैं। वहीं स्मिथ से जब उनके एशेज 2027 में खेलने को लेकर सवाल पूछा गया। तो उन्होंने कहा, मैंने कुछ समय से कहा है, मैं इसे सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं, और हम देखेंगे कि चीजें कहां पहुंचती हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी ठीक कर रहा हूं, मैं खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं अपना योगदान दे रहा हूं, और इसमें मुझे अच्छा लग रहा हूं। इसलिए अभी संन्यास को लेकर कोई तारीख तय नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा, हाल के कुछ साल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अच्छे प्रदर्शन से खेल और बेहतर हुआ है। मैच अब ड्रॉ नहीं हो रहे बल्कि परिणाम आ रहे है। ये अच्छे संकेत हैं। हमारे पास एक अच्छी टीम है। हम लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ कि केवल एक या दो खिलाड़ी ही खेले रहे हों। टीम के सभी खिलाड़ी अपनी ओर से योगदान दे रहे हैं। इसी वजह से हम एक अच्छी टीम बने हैं। इस टीम का हिस्सा बआ रहना सबसे अच्छा रहा है। अब एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर, मैं आने वाले कुछ खिलाड़ियों की सहायता कर सकूंगा और उन्हें टेस्ट क्रिकेट का खेल सिखाने में सहायता कर सकूंगा।स्मिथ ने संन्यास की घोष्णा करने वाले उस्मान ख्वाजा की भी प्रशंसा की है। वहीं अपनी कप्तानी में ख्वाजा को टीम में नहीं लिए जाने पर स्मिथ ने कहा कि इससे उन्हें सबक मिला और ख्वाजा ने स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल को पहले से बेहतर बनाया है।,

# आईपीएल से बाहर हुए मुस्तफिजुर रहमान का 400वां कमाल.... हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देशों के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर की टीम से बाहर कर दिया गया है। आईपीएल से बाहर होने के बाद रहमान ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। मुस्तफिजुर रहमान ने टी20 क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए और बतौर तेज गेंदबाज सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले पेसर बने है। टी20 में सबसे तेज 400 विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के नाम है। मुस्तफिजुर टी20 इतिहास में 400 विकेट लेने वाले सिर्फ 11वें गेंदबाज बने है। वह ऐसा करने वाले शाकिब अल हसन के बाद दूसरे बांग्लादेशी भी हैं, जिन्होंने बीपीएल 2022 के दौरान 353 मैचों में यह कारनामा किया था।

30 साल के मुस्ताफिजुर ने यह रिकॉर्ड अपना 315वां टी20 मैच खेलकर बनाया। यह मुकाबला बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में सिलहट टाइटंस के खिलाफ बना। रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलकर मुस्ताफिजुर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए और अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने मेहदी हसन मिराज का विकेट लेकर 400 विकेट पूरे किए, इसके बाद अफिफ हुसैन ध्रुबो और खालिद अहमद को भी आउट किया। अब मुस्ताफिजुर के नाम 315 टी20 मैचों में 402 विकेट हैं। उनका इकॉनमी रेट 7.43 का है। उन्होंने टी20 में 6 बार चार विकेट और 4 बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

मुस्तफिजुर ने पाकिस्तान के वहाब रियाज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 335 मैच में 400 विकेट लेने का कमाल किया था। यह बांग्लादेशी पेसर अब कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गया है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के लेग-स्पिनर इमरान ताहिर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए 320 मैच लिए थे। अफगानिस्तान के स्पिन स्टार राशिद खान कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बने हुए हैं, उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 289 मैचों में किया।




# शमी के चयन नहीं होने पर नाराज कोच ने गुस्सा जताकर कहा... और कितने विकेट लेने होंगे?

नई दिल्ली ।भारत की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को नहीं शामिल किया गया है।इस फैसले ने सभी को चौंका दिया है, खासकर इसलिए क्योंकि शमी घरेलू क्रिकेट में शानदार फार्म में हैं। चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर भरोसा दिखाया है। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने चयन समिति के फैसले पर खुलकर नाराजगी जाहिर कर दी है। उन्होंने मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर पर सवाल उठाकर कहा कि शमी को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।बदरुद्दीन ने कहा, एक खिलाड़ी और क्या कर सकता है? शमी को और कितने विकेट लेने होंगे? शमी का मौजूदा घरेलू सीजन उनके चयन का मजबूत दावा पेश करता है।विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने पांच मैचों में 11 विकेट झटके हैं।हाल ही में असम के खिलाफ बंगाल की ओर से खेलकर शमी ने 3 विकेट देकर 55 रन खर्च किए और टीम को विपक्षी को 217 रन पर ढेर करने में मदद की। हालांकि, कोच बदरुद्दीन को आशंका है कि चयन समिति अब 35 वर्षीय शमी से आगे बढ़ने का मन बना चुकी है।उनका मानना है कि भविष्य की योजनाओं के तहत युवा गेंदबाजों को मौका दिया जा रहा है।

## घाटी में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे, खराब मौसम के चलते यैलो अलर्ट जारी

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जहां जम्मू संभाग में कोहरे और शीत लहर का कहर जारी है वहीं घाटी के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। शनिवार को जम्मू संभाग के अधिकतर क्षेत्रों में हल्का कोहरा छाया रहा और आसमान बादलों से ढंका होने के कारण दोपहर तक लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए। लोगों को कड़ाके की ठंड और शीत लहर का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौसम विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए जम्मू संभाग में यैलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरे के साथ शीत लहर का प्रकोप जारी रह सकता है। विभाग ने घने कोहरे में अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर रात का तापमान हिमांक बिंदु से नीचे रहा। गुलमर्ग सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान -6.5 डिग्री सैल्सियस किया गया, जबकि पहलगाम में -5.2 डिग्री, श्रीनगर में -1.5 डिग्री और श्रीनगर हवाई अड्डे पर -2.0 डिग्री सैल्सियस तापमान रहा। शोपियां में -4.7, पुलवामा में -3.9, अनंतनाग में -3.0 और कुपवाड़ा व गांदरबल में -1.6 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं जम्मू क्षेत्र में तापमान शून्य से ऊपर रहा लेकिन ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड का असर ज्यादा नजर आया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सैल्सियस रहा, जबकि भद्रवाह सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान -1.5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में 2.7, बटोत में 4.2, ऊधमपुर में 5.0, राजौरी में 3.2 और किश्तवाड़ में 3.6 डिग्री सैल्सियस तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

## दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, एक नेपाली नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने 10.970 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई दिल्ली को 2027 तक नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत की गई है। पुलिस को 1 जनवरी को थाना अमर कॉलोनी क्षेत्र में एक नशा तस्कर की लगातार आवाजाही की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें इंस्पेक्टर शुभम चौधरी, एसआई मुनेश, एसआई विनोद, एसआई राजवीर, एसआई राजेंद्र, एएसआई अनिल, हेड कांस्टेबल प्रेम, विवेक, दिनेश, प्रवेश, हेड कांस्टेबल संगीता और कांस्टेबल सतवीर, प्रदीप, चोटूराम व मोहित शामिल थे। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर ने किया और एसीपी/ऑपरेशंस हरि सिंह ने कड़ी निगरानी रखी। टीम ने थाना अमर कॉलोनी में रणनीतिक रूप से जाल बिछाया। शाम 6:50 बजे मुखबिर के इशारे पर संदिग्ध व्यक्ति महेश (46, नेपाल निवासी) को रोका गया। तलाशी में उसके बैग से 10.970 किलोग्राम चरस बरामद हुई। महेश ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह जल्दी और अधिक पैसा कमाने के लालच में नशा तस्करी के धंधे में शामिल हुआ। उसने बताया कि उच्च गुणवत्ता की चरस में भारी मुनाफा होने के कारण वह कानूनी परिणामों को जानते हुए भी इस अपराध में संलिप्त रहा। प्रारंभिक जांच में पता चला कि महेश नेपाल से दिल्ली तक नियमित रूप से अवैध मादक पदार्थ लाता और सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना अमर कॉलोनी में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इसे अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ा सफलता माना है।

## गोवा में बिना लाइसेंस के हो रहा था नाइट क्लब का संचालन

पणजी (एजेंसी)। गोवा के एक नाइट क्लब में हुए अग्निकांड की मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जांच में साफ हुआ है कि यह नाइटक्लब न केवल अवैध था, बल्कि अधिकारियों की मिलीभगत से मौत का जाल बनकर चल रहा था। नाइटक्लब का निर्माण एक सॉल्ट पैन (नमक के मैदान) के बीच में किया गया था। मौजूदा कानूनों और कोस्टल जोन रेगुलेशन (सीआरझेड) के तहत ऐसी जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। क्लब का ट्रेड लाइसेंस 31 मार्च 2024 को ही खत्म हो चुका था। इसके बावजूद, यह दिसंबर 2025 तक अवैध रूप से चलता रहा। पंचायत ने इसे न तो सील किया और न ही अन्य विभागों को इसकी जानकारी दी। लाइसेंस के मूल दस्तावेजों में हाथ से लिखकर हाउस नंबर और बार एंड नाइटक्लब जैसे शब्द बाद में अलग स्याही से जोड़े गए थे। आवेदन फाइल से बिल्डिंग प्लान और लैंड रिकॉर्ड जैसे जरूरी दस्तावेज गायब थे। जिस लाइसेंस को जारी करने में महीनों लगते हैं, उसे दिसंबर 2023 में आवेदन मिलने के महज 5 दिनों के भीतर मंजूरी दे दी गई। सचिव ने ढांचे का मौके पर जाकर वेरीफिकेशन तक नहीं किया था। जनवरी 2024 से दिसंबर 2025 के बीच शोर और पार्किंग को लेकर दर्जनों शिकायतें हुई, लेकिन अधिकारियों ने हर बार सब कुछ ठीक है लिखकर फाइल बंद कर दी। बॉम्बे हाई कोर्ट के नाइट पेट्रोलिंग के आदेशों की भी धज्जियां उड़ाई गईं। 6 दिसंबर की रात, नाइटक्लब में बिना किसी सुरक्षा इंतजाम या अग्निशमन उपकरण के आतिशबाजी का आयोजन किया गया था।

## पंजाब में धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी करने पर दोषी को आजीवन कारावास की सजा , न जमानत मिलेगी और न ही राजीनामे की अनुमति

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में मान सरकार धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी को रोकने के लिए जल्द ही बेहद सख्त कानून लागू करेगी। इस संबंध में गठित विधानसभा की सेलेक्ट कमेटी अपनी रिपोर्ट शीघ्र सरकार को सौंपेगी। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी (आप) के संयुक्त सचिव और प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने दी। पन्नू ने बताया कि प्रस्तावित कानून सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों पर समान रूप से लागू होगा। इसके तहत किसी भी धर्मग्रंथ की बेअदबी करने पर दोषी को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी, जबकि बेअदबी की कोशिश करने पर 3 से 5 साल तक की जेल का प्रावधान होगा। कानून की खास बात यह है कि इसमें आरोपी को न जमानत मिलेगी और न ही किसी तरह के राजीनामे की अनुमति होगी। आप नेता ने कहा कि यह कानून इतना कठोर होगा कि भविष्य में कोई भी धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी करने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह राज्य स्तरीय कानून होगा और इस जल्द ही विधानसभा में अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बयान श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज द्वारा पंजाब सरकार से बेअदबी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग के बाद आया है। पन्नू ने कहा कि सरकार ने अकाल तख्त जत्थेदार के सुझाव को स्वीकार किया है।

# वेनेजुएला पर ट्रंप के एक्शन पर शशि थरूर का तंज... 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' नया वैश्विक नियम

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेनेजुएला से जुड़ी हालिया घटनाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ रिपोर्टों और दावों के अनुसार, अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में की गई कथित सैन्य कार्रवाई ने वैश्विक स्तर पर बहस छेड़ दी है। इन दावों के बाद कई देशों और नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वहीं भारत में भी इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद शशि थरूर ने अमेरिकी रुख की कड़ी आलोचना कर इस कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले कुछ वर्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर को लगातार कमजोर करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेता थरूर के अनुसार, मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में अब 'जंगल का कानून' चलता दिख रहा है, जहां ताकत ही अधिकार बन गई है। उन्होंने प्रसिद्ध कहावत का उल्लेख कर कहा कि अब 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' ही नया वैश्विक नियम बनता जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमेरिकी कार्रवाई को आधुनिक भाषा में 19वीं सदी के साम्राज्यवाद की संज्ञा दी। कांग्रेस नेता सिंघवी ने सवाल उठाया कि क्या क्रूज मिसाइलों के जरिए सत्ता परिवर्तन और सैन्य बल से लोकतंत्र स्थापित करना वास्तव में नेतृत्व कहलाता है। उन्होंने कहा कि यदि अंतरराष्ट्रीय कानून केवल कमजोर देशों के लिए ही मायने रखता है, तब संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की प्रासंगिकता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। उनके अनुसार, दुनिया को नियमों की जरूरत है, न कि मनमाने फैसलों की।

वैश्विक स्तर पर भी कथित अमेरिकी कार्रवाई को लेकर असहमति के स्वर सुनाई दे रहे हैं। चीन, रूस, फ्रांस और ईरान सहित कई देशों ने इस तरह के कदमों की आलोचना कर संप्रभु देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया है। इन देशों का कहना है कि किसी भी संकट का समाधान संवाद और कूटनीति से होना चाहिए, न कि सैन्य दबाव से किया जाना चाहिए।



उधर भारत सरकार ने भी वेनेजुएला से जुड़ी स्थिति पर सतर्क रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह वहां तेजी से बदल रही परिस्थितियों पर करीबी नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी पक्षों से अपील की कि वे बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और कुशल-क्षेम के प्रति अपना समर्थन भी दोहराया। कुल मिलाकर, वेनेजुएला से जुड़े घटनाक्रमों ने एक बार फिर वैश्विक व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और शक्ति संतुलन पर गंभीर बहस को जन्म दिया है, जिसमें दुनिया की प्रमुख शक्तियों की भूमिका और जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं।

## किसी सांसद ने ट्रंप को बताया 'सनकी'.... उनके फैसले पूरी दुनिया के लिए खतरनाक

पूर्णिया । कांग्रेस नेता और पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कड़ा हमला बोला है। पप्पू यादव ने ट्रंप को 'सनकी' बताकर कहा कि उनके फैसले पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप की नजर वेनेजुएला के तेल और गैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर है। पप्पू यादव के अनुसार, एक तथाकथित सुपरपावर का ऐसा अहंकार दुनिया को अशांति की ओर धकेल सकता है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के इस 'पागलपन' को अंतत: अमेरिका की जनता ही शांत करेगी। इसके साथ ही पप्पू यादव ने प्रियंका गांधी वाड्रा को असम कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की प्रमुख बनने पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा एक जानी-मानी और सम्मानित नेता हैं, जो लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक संघर्षों से जुड़ी रही हैं। उनके अनुसार प्रियंका गांधी को यह जिम्मेदारी किसी विरासत में नहीं मिली, बल्कि उन्होंने अपने काम और संघर्ष के बल पर मुकाम हासिल किया है। पप्पू यादव ने दावा किया कि असम में प्रियंका गांधी की सक्रिय भूमिका मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के लिए बड़ी राजनीतिक चुनौती साबित होगी। इसके अलावा, पप्पू यादव ने उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी द्वारा दिए गए विवादित बयान की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि बेटी, मां और बहन—चाहे किसी की भी हों—सभी सम्मान की हकदार हैं और इस तरह की टिप्पणियां किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिहार की जनता ऐसे बयानों को कभी माफ नहीं करेगी।

## आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के यात्रियों की मौज... देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मिलेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। भारतीय रेलवे दिल्ली से सिकंदराबाद के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने की तैयारी शुरु कर दी है। इस हाईटेक ट्रेन के शुरू होने से लंबी दूरी की यात्रा पहले से ज्यादा तेज, आरामदायक और सुविधाजनक होगी। रेलवे जल्द ही इसके संचालन को लेकर आधिकारिक घोषणा करेगी।



फिलहाल दिल्ली-हैदराबाद रूट पर राजधानी एक्सप्रेस सहित कई तेज ट्रेनें चलती हैं, लेकिन यात्रियों की भारी भीड़ के कारण सफर अक्सर असहज हो जाता है। वंदे भारत का स्लीपर वर्जन शुरू होने के बाद यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा। व्यापार, शिक्षा और निजी कारणों से इस रूट पर रोज बड़ी संख्या में लोग सफर करते हैं, इसके बाद यह ट्रेन खासतौर पर फायदेमंद साबित होगी।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक, देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ जनवरी 2026 के आसपास या उसके अंत तक किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं। शुरुआत में यह ट्रेन गुवाहाटी-हावड़ा रूट पर लांच होगी, जिसके बाद दिल्ली-सिकंदराबाद रूट पर इसके संचालन की योजना है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में कुल 16 कोच और इसमें करीब 823 यात्रियों के सफर की व्यवस्था होगी। इसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटे की है, जबकि व्यावहारिक तौर पर यह ट्रेन 120 से 130 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेगी। इससे दिल्ली से सिकंदराबाद की यात्रा में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को पूरी तरह आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। इसके कोचों में सेंसर वाले ऑटोमैटिक दरवाजे होंगे, जिससे चढ़ना-उतरना आसान होगा। वेस्टिब्यूल कनेक्शन, बेहतर सस्पेंशन सिस्टम और कम शोर वाली तकनीक सफर को और आरामदायक बनाएगी। सुरक्षा के लिए ट्रेन में 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम और इमरजेंसी टॉक-बैक सिस्टम भी दिया गया है। इसके अलावा, साफ-सफाई बनाए रखने के लिए एडवांस डिसइंफेक्टेंट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। कुल मिलाकर, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली-सिकंदराबाद रूट पर यात्रियों के लिए तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का नया अनुभव लेकर आने वाली है।

# दिल्ली में सबसे ज्यादा प्रदूषण बाहर से फैला, 65 फीसदी पड़ोसी राज्यों से आया

### स्टडी से हुआ खुलासा, ये इंडस्ट्री, कंस्ट्रक्शन और दूसरे जलाने वाले स्रोतों से ज्यादा था

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई स्टडी से पता चला है कि राजधानी दिल्ली के प्रदूषण में 65 फीसदी हिस्सा शहर के बाहर से आया। खासकर एनसीआर के दूसरे जिलों और पड़ोसी राज्यों से। वहीं, दिल्ली के अपने स्रोतों से सिर्फ 35 फीसदी प्रदूषण हुआ। एक एरिपोर्ट में ये बातें सामने आई हैं। सर्दियों के समय में दिल्ली में आने वाला प्रदूषण शहर के अंदर के उत्सर्जन से ज्यादा रहा। आंकड़ों से पता चला है कि सर्दी के मौसम में गाड़ियों से निकलने वाला धुआं दिल्ली के लोकल पीएम2.5 प्रदूषण का करीब आधा हिस्सा था। ये इंडस्ट्री, कंस्ट्रक्शन और दूसरे जलाने वाले स्रोतों से ज्यादा था, लेकिन कुल मिलाकर, बाहर से आने वाला प्रदूषण सबसे बड़ा खिलाड़ी रहा।



रिपोर्ट के मुताबिक एनसीआर के जिलों और पड़ोसी राज्यों से आने वाला प्रदूषण दिल्ली की हवा को प्रभावित करता है। दिल्ली की जगह ठीक वैसी है कि उत्तर और उत्तर-पश्चिम की हवाएं आसपास के इलाकों की गंदी हवा शहर में ले आती हैं। इसलिए, दिल्ली की प्रदूषण समस्या को सुलझाने के लिए सिर्फ शहर स्तर पर काम नहीं चलेगा, बल्कि पूरे एयरशेड में साथ मिलकर कदम उठाने होंगे।

2025 की सर्दी में पराली जलाने से दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में करीब 10.6 फीसदी की कमी आई, जो 2024 से तुलना में अच्छी खबर है। 15 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच, जब पराली जलाने का पीक टाइम होता है, 2025 में औसतन 4.9 फीसदी योगदान रहा। जबकि 2024 में यही आंकड़ा 15.5 फीसदी था। रोजाना के आंकड़ों से पता चला कि 2025 में सबसे ज्यादा असर 12 नवंबर को पड़ा, जब 22.47 फीसदी प्रदूषण पराली से आया। उसके बाद 15 नवंबर को 16.48 फीसदी और 17 नवंबर को 16.14 फीसदी रहा।

2024 में ये आंकड़े कहीं ज्यादा ऊंचे थे। 15 नवंबर को 37.52 फीसदी, 1 नवंबर को 35.18 फीसदी और 14 नवंबर को 33.33 फीसदी तक पहुंच गया था। ये कमी दिखाती है कि पराली जलाने पर लगाम लगाने के प्रयासों का कुछ असर तो हुआ है, लेकिन अभी भी ये समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई। सर्दियों में दिल्ली की हवा में ये एक बड़ा फैक्टर रहता है, जो किसानों की मजबूरी और मौसम की वजह से बढ़ता है।

जनवरी, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में यहां सबसे ज्यादा प्रदूषण देखा गया। पीएम10 के लिए भी सुधार दिखा। 2025 में सालाना औसत 197 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2024 में 211 था। हरियाणा का धारुहेरा यहां सबसे आगे रहा, जहां औसत 278 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में यहां के स्तर काफी ऊंचे थे। दिल्ली में नवंबर फिर सबसे गंदा महीना रहा, जब पीएम10 365 माइक्रोग्राम तक पहुंचा। 2024 के नवंबर में ये 395 था। ये आंकड़े बताते हैं कि सर्दियां दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए सबसे मुश्किल समय होती हैं, जब धुंध और धुआं मिलकर हवा को जहरीला बना देते हैं।

2025 में दिल्ली का सालाना औसत एक्यूआई 201 रहा। पूरे साल में एक भी 'गुड' दिन नहीं मिला। संतोषजनक दिन 79 थे, मॉडरेट 121, पुअर 86, वेरी पुअर 71 और सीवियर 8 दिन। 2024 से तुलना करें तो संतोषजनक दिन 66 थे, जबकि सीवियर दिन 17 थे। वेरी पुअर दिन लगभग वैसे ही रहे, 70 ये सुधार ज्यादातर जून और जुलाई के बेहतर मौसम से आया, जिसने सालाना औसत को थोड़ा नीचे खींचा। दिल्ली की हवा में ये बदलाव दिखाते हैं कि कुछ कदम काम कर रहे हैं, लेकिन बाहर से आने वाला प्रदूषण अभी भी बड़ा मुद्दा है। गाड़ियां लोकल स्तर पर सबसे बड़ा स्रोत बनी हुई हैं, जबकि इंडस्ट्री और कंस्ट्रक्शन भी पीछे नहीं है।

# लाइटस्टाइल बाय पीएनजी की ब्रांड एंबेसडर बनीं सारा तेंदुलकर

एजेंसी

**नासिक :** पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन हल्के वजन वाले उत्तम आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने सारा तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह कदम भारत के भविष्य के ज्वेलरी उपभोक्ताओं से ब्रांड के जुड़ाव को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह साझेदारी पीएनजी ज्वेलर्स के पुराने ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के बीच एक धोरणात्मक सेतु के रूप में लाइटस्टाइल की भूमिका को और मजबूत करती है। पीएनजी ज्वेलर्स लगभग दो सदियों से पीढ़ियों से एक विश्वसनीय नाम रहा है, वहीं लाइटस्टाइल को विशेष रूप से आधुनिक रिटेल प्रारूप, समकालीन डिजाइन भाषा और एक सर्वव्यापी अनुभव के माध्यम से अगली पीढ़ी के लिए प्रासंगिक बने रहने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। लाइटस्टाइल के पीछे की व्यापक सोच के बारे में बात करते हुए, पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा, "लाइफस्टाइल बाय पीएनजी हमारे मौजूदा ग्राहकों और भविष्य के ग्राहकों के जोड़ने का एक अच्छा और दीर्घकालिक प्रयास है। पीएनजी ने पीढ़ियों से विश्वास संपादन किया है, लेकिन हमारे लिए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम आज के युवा उपभोक्ताओं की सोच, खरीदारी और अभिव्यक्ति के तरीके के अनुरूप बने रहें। लाइफस्टाइल को एक आधुनिक रिटेल फॉर्मेट के रूप में बनाया गया है, जिसमें मजबूत ओमनीचैनल उपस्थिति है और इसे केवल पारंपरिक अवसरों तक सीमित न रखकर रोज के पलों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह कोई शार्ट टर्म स्टाइल पहल नहीं है, बल्कि पीएनजी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक क्षेत्र है, जिसमें मर्चेंडाइजिंग, प्लानिंग, मार्केटिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विशेष ध्यान दिया गया है। हमारे पायलट स्टोर्स को मिली उत्साहजनक प्रतिसाद ने हमें प्रमुख बाजारों में ब्रांड को संरचित तरीके से विस्तार करने का आत्मविश्वास दिया है। सारा तेंदुलकर की स्वाभाविक शालीनता, आधुनिक दृष्टिकोण और मजबूत डिजिटल जुड़ाव उन्हें ब्रांड की विचारधारा के लिए एकदम उपयुक्त बनाते हैं। इंस्टाग्राम पर 8.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ, उन्हें उनकी आकर्षक स्टाइल, प्रामाणिकता और संतुलित व्यक्तिमत्व के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है। उत्कृष्ट डिझाइन, सादगीपूर्ण और आराम को प्राथमिकता देने वाले फैशन के प्रति उनकी पसंद, लाइटस्टाइल के डिजाइन सिद्धांतों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए सारा तेंदुलकर ने कहा, "लाइटस्टाइल सहजता और व्यक्तित्व की भावना को दशार्ता है, जो मुझे बहुत स्वाभाविक लगता है। इसकी ज्वेलरी हल्की, सोच-समझकर डिजाइन की गई है और रोज की ज़िंदगी के लिए उपयुक्त है, जिससे यह साझेदारी मेरे लिए वास्तव में रोमांचक बन जाती है।

## बेल्लारी से बीजेपी वियाधक ने केंद्रीय मंत्री शाह से मांगी सुरक्षा... कर्नाटक सरकार से जान को खतरा

कर्नाटक (एजेंसी)। कर्नाटक के बेल्लारी जिले के भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर सुरक्षा देने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताकर केंद्रीय सुरक्षा बलों से सहायता की मांग की है। पत्र में विधायक रेड्डी ने बताया कि उनका जन्म और पालन-पोषण बेल्लारी में हुआ है। मैं बेल्लारी जिले का जिला भाजपा अध्यक्ष, एमएलसी और भाजपा सरकार में पर्यटन मंत्री भी रह चुका हूं। फिलहाल वह गंगावती निर्वाचन क्षेत्र के विधायक हैं और पार्टी को कर्नाटक की सत्ता में वापस लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा हैं। बीजेपी विधायक रेड्डी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी उनके खिलाफ साजिश कर रही है। वह राज्य के विभिन्न हिस्सों में भाजपा के समर्थन में रैलियां और जनसभाएं आयोजित कर रहे हैं, इससे कांग्रेस पार्टी के नेताओं में असंतोष और घबराहट है। बेल्लारी के वर्तमान कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के खिलाफ भी उन्होंने गंभीर आरोप लगाए।



उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 को बेल्लारी में हिंसक घटना के दौरान नारा रेड्डी के समर्थकों ने उनके घर के पास हमला किया। नारा भरत रेड्डी के गुंडों ने गोलीबारी की, इसमें राजा शेखर नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। बीजेपी विधायक ने घटना को उनके जीवन के लिए बड़ा खतरा बताकर आरोप लगाया कि राज्य पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि पुलिस राजनीतिक दबाव में काम कर रही है।

जनार्दन रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार उनकी सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है, इसलिए उन्होंने केंद्रीय बलों से सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना था कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उन्हें अपने जीवन की रक्षा का अधिकार है। मेरी जान को बहुत खतरा है। राज्य में कांग्रेस पार्टी का शासन है, कानून व्यवस्था उनके नियंत्रण में है और सबसे खराब स्थिति में है। राज्य पुलिस अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देशों का पालन करने के लिए मजबूर है।

# लालू का नया आलीशन आशियाना विवादों में... आवंटित जमीन में नियम और शर्तों का उल्लंघन

### -सामाजिक कार्यकर्ता ने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को पत्र लिखकर जांच की मांग की

पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के नए कौटिल्य नगर आवास को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास चंद्र उर्फ गुड्डू बाबा ने आरोप लगाया है कि सांसद-विधायकों को आवंटित जमीन में नियम और शर्तों का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग कर दी है। आरोपों के अनुसार, लालू और उनके परिवार ने एक से अधिक प्लॉट लेकर आलीशान घर बनाया, जबकि नियम ये थे कि किसी को एक से अधिक प्लॉट नहीं मिलेगा और जमीन बेचने पर सोसाइटी को सरेंडर करनी होगी।

बात दें कि कौटिल्यनगर की जमीन मूल रूप से वेटनरी कॉलेज की थी, इस 1916 में पटना विश्वविद्यालय के लिए अधिग्रहित किया गया। 1987 में बिहार सांसद एवं विधायक सहकारी समिति को 15 एकड़ जमीन दी गई, ताकि सांसद-विधायकों को आवास के लिए प्लॉट आवंटित हो सकें। 1992 में लालू यादव को प्लॉट संख्या 208 आवंटित हुआ था, लेकिन आरोप है कि उन्होंने अतिरिक्त प्लॉट 207, 151, 209, 211 और 210 हासिल किए। इसमें से कुछ प्लांट सस्ते दामों पर खरीदे गए थे।

लीज की शर्तों के अनुसार जमीन केवल आवासीय उपयोग के लिए थी। हालांकि, लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए प्लॉट 208 पर एसएसबी का जोनल ऑफिस चला और 2017 में समाप्त हुई लीज को 2025 में रिन्यू किया गया। दिवंगत सुशील कुमार मोदी की किताब 'लालू लीला' में भी जमीन के अतिरिक्त प्लॉट लेने का दावा किया गया है। वहीं राजनीतिक प्रतिक्रियाओं में जदयू के एमएलसी नीरज कुमार ने जांच की मांग कर पूछा कि जमीन दान में मिली या सर्किल रेट पर खरीदी गई। वहीं डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि शिकायत मिलने पर तुरंत जांच होगी और अगर धोखाधड़ी या राजस्व हानि पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

वर्तमान में लालू परिवार 14 जनवरी 2026 तक खरमास समाप्त होने के बाद कौटिल्यनगर शिफ्ट होने की तैयारी में है। घर का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिसमें 24 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। लेकिन गुड्डू बाबा ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक निर्माण न हो। कुल मिलाकर यह विवाद लालू परिवार के 10 सर्कुलर रोड और अन्य सरकारी आवास खाली करने के नोटिस के बाद बिहार की राजनीति में नया तनाव पैदा कर रहा है। यह मामला नियम, जमीन और रसूख को लेकर राजनीतिक हलकों में बहस का केंद्र बन चुका है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**